शेयर बाजार
सेंसेक्स 75,967.39 -29.47 (-0.04%)
निफ्टी 22,945.30 -14.20 (-0.06%)
सर्राफा बाजार प्रति 10 ग्राम
24 carat
सोना 85,520.00
चांदी 1080.00

सूर्योदय प्रातः 6:19 सूर्यास्त संध्या 5:47
पखवाड़ा फाल्गुन कृ. सप्तमी, संवत 2081
तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 15°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, बुधवार, 19 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 10, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

# हेमन्त सोरेन ने 289 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

- नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत अभ्यर्थियों को दिये गये नियुक्ति पत्र
- गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एण्ड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक एवं विधि सहायक के पद पर हुईं नियुक्तियां

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश में राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जा रही हैं। आज इसी क्रम में नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग झारखंड के अंतर्गत प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित द्वितीय तल सभागार में 289 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हाथों नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सम्बोधित किया। नवनियुक्त अभ्यर्थियों सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें यह विश्वास है कि आप अपनी मेहनत से आगे भी कामयाबी हासिल करेंगे। आप संकल्प लें कि व्यवस्था, सिस्टम के किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा के साथ काम करेंगे और सरकार के प्रयासों में सार्थक भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ हुआ था, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं।

## शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही सरकार : वित्त मंत्री





शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी कई काम किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ग्रामीण क्षेत्र के विकास में शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में लगे हैं। सीएम झारखंड को युवाओं का राज्य बनाना चाहते हैं। इसी कड़ी में आज युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। हेमन्त सरकार -2.0 में हम राज्य के विकास प्रति समर्पित हैं और उनके नेतृत्व में हमलोग कदम बढ़ा चुके हैं।

**हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो, यह आपका लक्ष्य होना चाहिए : संजय प्रसाद यादव**

**उद्योग** मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड के विकास के पन्नों में एक नया अध्याय जोड़ा जा रहा है। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड के विकास में सभी जन कल्याण के विचारों को सार्थक करने की शपथ लें। हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो, यह आपका लक्ष्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री ने 06 पोर्टल्स का अनावरण और नव प्रवर्तन केन्द्र (इनोवेशन हब) का किया उद्घाटन



छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण व नव प्रवर्तन केन्द्र के शुभारम्भ समारोह और झारखंड अनुसंधान तथा नवाचार नीति-2025 हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए हेमन्त सोरेन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स के अनावरण तथा रांची विज्ञान केन्द्र, रांची के नव प्रवर्तन केन्द्र के शुभारम्भ समारोह एवं झारखंड अनुसंधान तथा नवाचार नीति-2025 हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य



अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 06 पोर्टल्स का अनावरण एवं रांची विज्ञान केन्द्र, रांची अवस्थित नव प्रवर्तन केन्द्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राहुल कुमार पुरवार, मैनेजिंग डायरेक्टर-सह-सीईओ सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड संजय कुमार राकेश, राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतिगण सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

**विभिन्न पोर्टल्स के अनावरण का मुख्य उद्देश्य**

**डिजिटल** गवर्नेंस तथा डिजिटल इनफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के डिजिटल कार्यान्वयन, वेतन निर्धारण और सत्यापन पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान आवेदन पोर्टल जैसे कई पोर्टलों को विकसित किया गया है।

**वेतन निर्धारण पोर्टल :** विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन सत्यापन को सरल बनाने, त्रुटियों को कम करने एवं दक्षता में सुधार करने हेतु वेतन निर्धारण पोर्टल विकसित किया गया है।

**लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल :** ऑनलाइन मोड में शिक्षण और प्रशिक्षण सेवाओं का प्रबंधन करेगा एवं संस्थानों में चल रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षणों या शिक्षण और विकास कार्यक्रमों के प्रशासन, दस्तावेजीकरण आदि के प्रबंधन करने में मदद करेगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 12 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों के महंगाई भत्ता में 7 से 12 फीसदी वृद्धि

- अब महिलाएं भी कारखानों में शाम 07 बजे से सुबह 06 बजे तक कर सकेंगी काम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इसमें 12 प्रस्तावों पर स्वीकृति की मुहर लगायी गयी। मंत्रिपरिषद ने राज्य सरकार के कर्मियों और पेंशनधारियों के महंगाई भत्ता में 07 से 12 फीसदी तक की वृद्धि की है। मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। छठा केन्द्रीय वेतनमान के तहत आनेवाले राज्य कर्मियों और पेंशनधारियों को 01 जुलाई 2024 के प्रभाव से 239 फीसदी की जगह 246 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। अर्थात, सात फीसदी की वृद्धि की गयी है। वहीं, पंचम वेतमान के दायरे में आनेवाले कर्मियों को 443 फीसदी से बढ़ा कर 455 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। अर्थात, 12 फीसदी की वृद्धि की गयी है। राज्य सरकार ने कारखाना संशोधन विधेयक 2024 के गठन को स्वीकृति दे दी है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ● शेष पृष्ठ 11 पर



## एक झलक

### सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

**रामगढ़** : सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक शहर के वार्ड आठ स्थित यादव होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता धनंजय कुमार पुटूस व संचालन सुरेन्द्र राम ने किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने उपस्थित सदस्यों के साथ रामगढ़ जिला के लोगो के उत्थान के लिए संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने संगठन की मजबूती और रामगढ़ जिला की बेहतरी के लिए अपने अपने सुझाव दिए। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति लगातार लोगो के हित में कार्य कर रही है। जल्द ही साफ छवि के लोगो को संगठन से जोड़ा जाएगा। बैठक में उपस्थित सिकंदर सोनी, रघुवरन स्वामी,राम कुमार,अजय राम, पिंटू मालाकार उपस्थित थे।

### महाकुम्भ से घर लौटती महिला को अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया, मौत

**रामगढ़** : बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत बरकाकाना स्टेशन चौक पर सोमवार की देर रात अज्ञात हाइवा ने महिला को चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चैनगड्डा निवासी महेश्वरी देवी (55 वर्ष) गांव के कुछ लोगों के साथ बीते 14 फरवरी को कुंभ स्नान के लिए गई थी। इधर, वापस घर लौटने के क्रम सोमवार की रात लगभग एक बजे महेश्वरी देवी बरकाकाना स्टेशन पर उतरी। यहां से चैनगड्डा जाने के लिए स्टेशन चौक पहुंची। इस दौरान सड़क पार करने के क्रम में अज्ञात वाहन महिला को टक्कर मारते हुए भाग निकला। दुर्घटना की सूचना पर बरकाकाना ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। बताया जाता है कि महेश्वरी देवी का ससुराल रांची में है। पति के मरणोपरांत वह अपने मायके चैनगड्डा में रह रही थी। महिला अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गई है। मृतका का अंतिम संस्कार रांची उसके ससुराल में किया जाएगा। इधर, पुलिस सीसीटीवी फुटेज से गाड़ी का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### रामगढ़ में बदमाशों ने लूटी कार

**रामगढ़** : रामगढ़ थाना क्षेत्र के नईसराय में मंगलवार शाम को कथित तौर पर एक कार लूटने का मामला सामने आया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नईसराय के छोटा सिंह होटल के पास मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि रांची रोड की तरफ से एक सफेद रंग की कार रामगढ़ शहर की तरफ आ रही थी। छोटा सिंह होटल के पास उस कार को पीछे से आ रही एक कार और बाइक पर सवार लोगों ने ओवरटेक कर रोका। कार पर सवार चार लोगों और बुलेट पर सवार एक व्यक्ति ने गाड़ी रुकते ही हो हंगामा शुरू कर दिया। पहले तो पांचों व्यक्तियों ने कार चोरी होने का आरोप लगाया। इस दौरान सफेद रंग की कार में सवार एक व्यक्ति और दो महिलाओं को जबरन उन लोगों ने उतार दिया। जब महिलाओं ने थाने को सूचना देने की बात की, तब उन पांचों व्यक्तियों में से एक ने कार स्टार्ट की और चलता बना। बाकी के लोग भी फरार हो गए। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो लूट के शिकार व्यक्ति और दोनों महिलाएं वहां नहीं थीं। लोगों ने बताया कि उन लोगों ने बताया कि वह थाने जा रहे हैं और कार लूट की सूचना दर्ज कराएंगे।

### मोबाइल पर गाली-गलौज करने के खिलाफ शिकायत दर्ज

**रजरप्पा (रामगढ़)** : रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर बस्ती निवासी अशरफ कामिल द्वारा मंगलवार को रजरप्पा थाना में मोबाइल नंबर 9063779488 वाले मोबाइल यूजर पर गाली गलौज कर परिवारजन को नुकसान पहुंचाने की धमकी दिए जाने संबंधी शिकायत की गई। शिकायत में उसने कहा है कि इस अज्ञात नंबर से सोमवार की रात्रि मैं अपने पूरे परिवार वालो के साथ बैठा था, उस समय एक नंबर से कॉल आया। और गलत बोली बोलने लगा। इस दौरान पूछने पर उन्होंने कहा कि भद्दी-भद्दी गालियां ओर देने लगा।

# किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए करें प्रेरित : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामसभा से अपील की है कि वे खूंटी जिले में अफीम की अवैध खेती के दुष्प्रभावों पर अंकुश लगाने, अफीम विनष्टीकरण तथा किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने में सहयोग करें। उपायुक्त अफीम की खेती को लेकर मंगलवार को मुरहू प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि, मुखिया, ग्राम प्रधान, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी



एवं कर्मी भी मौजूद थे। बैठक में वैकल्पिक खेती को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैंगन समेत अन्य फसलों की खेती को अपनाने पर जोर दिया गया, जिससे किसान अच्छा मुनाफा कमा सकें। उपायुक्त ने क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों से जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे अफीम विनष्टीकरण कार्य में सहयोग करने एवं वैकल्पिक खेती को लेकर लोगों को प्रेरित करने की अपील की। उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं का आयोजन कर क्षेत्र के अनुसार वैकल्पिक खेती की योजना तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। मौके पर किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मूंग बीज समेत अन्य बीजों का वितरण किया गया।

## उपायुक्त ने की सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना की समीक्षा



**खूंटी** : समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही के दौरान सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत पात्र लाभुकों को वस्त्र (धोती, साड़ी एवं लुंगी) वितरण की व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने वस्त्रों का वितरण जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं के माध्यम से कराने का निर्देश दिया, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभुकों तक पहुंच सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि योग्य लाभुकों को समय पर वस्त्र प्राप्त हो। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## जिला परिषद ने प्रखंड कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक



**अनगड़ा** : जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने मंगलवार को अनगड़ा प्रखंड कार्यालय में अंचल और प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं के साथ जन कल्याणकारी छत योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने जनकल्याण से जुड़े योजनाओं को प्राथमिकता के साथ पुर्ण कराने का निर्देश दिया। बताया कि पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत के जन प्रतिनिधियों की भूमिका अहम होती है।

## युवक की हत्या, अपराधियों की धर-पकड़ के लिए सघन छापेमारी

**खूंटी** : कर्रा-रांची मुख्य मार्ग पर छाता नदी के पास युवक की हत्या मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने कहा है कि अपराधियों की धर पकड़ के लिए सघन छापामारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने सोमवार रात रातू थाना क्षेत्र के सुंडिल गांव निवासी संदीप टोप्पो की हत्या कर दी थी। कर्रा थाना पुलिस सोमवार को शव को बरामद कर कर्रा थाना लाई और मंगलवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया।

## सेवा नियमावली नहीं बनने के कारण आक्रोशित वनकर्मियों ने काला बिल्ला लगा जताया विरोध

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : झारखंड वन लिपिक संघ ने पूरे राज्य में झारखंड वन अराज पत्रित कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रिंस कुमार गोप के आह्वान



पर सात दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है.राज्य गठन के बाद से आज तक वन विभाग के लिपिकीय कर्मियो का सेवा नियमावली नहीं बनने से वन कर्मियों में काफी आक्रोश है। सोमवार को आक्रोशित जिला वन कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्य संपादित किया। मौके पर उपस्थित वनकर्मियों ने बताया कि वर्ष 2004 से वन विभाग के सहायक संवर्ग को निम्नवर्गीय लिपिक और उच्चवर्गीय लिपिक में विभाजित किया गया था। आज 21 वर्ष बीत जाने के बाद भी एलडीसी और यूडीसी पदो को कन्फर्म नहीं किया गया है। जिस कारण झारखंड राज्य के वन विभाग में एलडीसी को कोई पदोन्नती नहीं मिली है। जिसके कारण 17 से 22 फरवरी तक प्रत्येक दिन राज्य के सभी जिला के ऑफिस में काला बिल्ला लगाकर कर्मी विरोध प्रदर्शित करते हुए कार्य करेंगे। साथ ही 2 मिनट का मौन भी रखेंगे। उसके बाद 23 फरवरी को कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

# रामगढ़ शहर की सड़कों से हटेगा अतिक्रमण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : रामगढ़ शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने का फैसला जिला प्रशासन ने लिया है। अधिकारियों के द्वारा 21 फरवरी से स्पेशल ड्राइव की शुरूआत की जाएगी। इस दौरान रामगढ़ कॉलेज से लेकर रांची रोड पुल तक सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। इसके अलावा थाना चौक से लेकर बाजारटांड़ तक सड़कों का अतिक्रमण कर बैठे लोगों को भी हटाया जाएगा। शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का फैसला किया है। रामगढ़ शहर के चट्टी बाजार, बाजारटांड़, शनिचरा बाजार, झंडा चौक, ट्रेकर स्टैंड, बस स्टैंड, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड,



गुरुद्वारा रोड, लोहार टोला, गांधी स्कूल रोड में अतिक्रमण की वजह से सड़क ही संकीर्ण हो गई है। एक तरफ दुकानदारों के द्वारा सड़कों पर ही सामान रख दिया जाता है तो दूसरी तरफ पार्किंग की वजह से सड़क अक्सर जाम रहती है। ठेले और झुग्गी झोपड़ी वाले व्यवसायी भी सड़क पर ही सामान रखकर बिक्री करते हैं। यही वजह है कि सड़क जाम रहती है और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है।

### सड़क पर उतरेंगे अधिकारी

**अतिक्रमण** हटाने के लिए नगर परिषद, छावनी परिषद और जिला प्रशासन के अधिकारी सड़क पर उतरेंगे। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने मंगलवार को बताया कि अभी से ही लोगों को अतिक्रमण हटाने का संदेश दिया जा रहा है। ऑटो और रिक्शा के माध्यम से इस संदेश का प्रचार किया जा रहा है। 21 फरवरी से शुरू होने वाला स्पेशल ड्राइव लगातार चलेगा। जिन लोगों ने सड़कों पर अतिक्रमण किया है, वे लोग अपना सामान अभी से हटा लें। जब अधिकारियों की टीम सड़क पर उतरेगी तो किसी को भी हटाने का मौका नहीं दिया जाएगा। सामान जब्त कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन व घेराव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष ग्रामीणों ने मंगलवार को धरना, प्रदर्शन व घेराव किया। ग्रामीण अंचल कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार से काफी आक्रोशित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सोहन पाहन ने किया। ग्रामीणों का नेतृत्व चतरा मुखिया डॉली कुमारी, ग्राम प्रधान किष्टो कुजुर व जेएलकेएम नेता जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल, रामपोदो महतो अदि कर रहे थे। घेराव कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है, ऑनलाइन सुधार, दाखिल-खारिज सहित सभी कार्यों में बगैर लेन देन के काम नहीं होता है। पैसे लेकर विवादित भूखंडों का भी दाखिल खारिज कर दिया जा रहा है। कोर्ट के आदेश को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है। घेराव के दौरान सीओ राजू कमल ने



ग्रामीणों से वार्ता किया, लेकिन आंदोलनकारी चतरा के एक भूखंड के दाखिल खारिज को रद्द करने की मांग पर अड़े रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, सिल्ली से जेएलकेएम प्रत्याशी देवेन्द्र महतो आदि ने भी संबोधित किया।

# जनता को परेशान करनेवाले अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे : सुदीप गुड़िया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या हो तो वह किसी भी समय मुलकात कर सकता है या फोन से इसकी जानकारी दे सकता है। सभी लोगों की समस्याओं के निराकरण का हर संभव प्रयास किया जाएगा। विधायक मंगलवार को तोरपा प्रखंड की सुंदारी पंचायत के बिसुनपुर और पाकरटोंली गांव में आयोजित ग्रामसभा को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी परेशान करता है या काम नहीं



करता है, तो इसका सूचना आप दें। वैसे अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि गांव वालों को बेवजह दौड़ाने और परेशान करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर ग्रामीणों ने विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि उनका समाधान किया जाएगा।

## किसान मेला 20-21 को मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**खूंटी** : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (पूर्व में, भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान) नामकुम के तत्वावधान में 20 और 21 फरवरी को संस्थान परिसर में किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 20 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे करेंगे। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। खिजरी के विधायक राजेश कच्छप भी किसान मेला में शामिल होंगे। संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत कर ने बताया कि कृषि मेला और प्रदर्शनी में दो हजार से अधिक किसानों के अलावा 60 विशेषज्ञों के भाग लेने की संभावना है।

## भुरकुंडा में वरिष्ठ नागरिक मंच ने हर्षोल्लास से मनायी पहली वर्षगांठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : पंचायत भवन के सभागार में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक मंच ने पहला वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाया। समारोह की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष अशोक चौहान और संचालन प्रवीर चटर्जी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिटीजन फोरम पब्लिक स्कूल अरगड्डा के पूर्व प्राचार्य उदयशंकर भट्टाचार्य शामिल रहे। जबकि मंचासिन अतिथियों में केडी सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा, सीताराम, झरी मिस्त्री, राजपाल शर्मा, राजेंद्र प्रसाद राणा, राजाराम यादव, ब्रजकिशोर पासवान, आरपी सिंह चंदेल शामिल रहे। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गयी। इसके उपरांत सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गया। साथ ही दो मिनट का मौन रख कुंभ यात्रा के दौरान विभिन्न



दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में आगे गणमान्य अतिथियों और मंच के पदाधिकारियों को माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। अवसर पर दिवंगत वयोवृद्ध पत्रकार और मंच के अति विशिष्ठ नागरिक स्व. नाना तिवारी को याद किया गया। वहीं कार्यक्रम में परमजीत सिंह धामी और उनकी पत्नी नरेंद्र सिंह धामी को शादी की 50वीं सालगिरह पर बुके देकर शुभकामनाएं दी गई। साथ ही प्रवीर चटर्जी को सम्मानित करते हुए उनकी शादी की 34वीं सालगिरह पर शुभकामनाएं दी गई। इसके उपरांत स्वागत संबोधन अशोक कुमार मिश्रा ने किया।इसके उपरांत लक्की कूपन का ड्रा कराया गया। जिसके विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में योगदान देनेवाली उत्क्रमित मध्य विद्यालय की शिक्षिका और छह छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।

## बेड़ो व नरकोपी में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 05 घायल, 03 रिम्स रेफर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : बेड़ो व नरकोपी थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक घंटे के अंतराल में लगभग आठ से नौ बजे के बीच हुई तीन अलग- अलग सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां पहली घटना नरकोपी थाना क्षेत्र के डुमरी मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बजरा निवासी करीब 60 वर्षीय सिकंदर खान गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। दूसरी घटना नरकोपी थाना क्षेत्र के बाजरा हाई स्कूल के समीप स्कूटी व बाइक सवार युवकों के बीच हुई टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। इस घटना में घायलों में बेड़ो थाना क्षेत्र के मुरतो गांव निवासी करीब 20 वर्षीय युवक आकाश कच्छप तथा नरकोपी थाना क्षेत्र के सिसई गांव निवासी दो युवक शिवा उरांव व दशरथ उरांव का नाम शामिल है। स्कूटी सवार युवक नरकोपी और बाइक सवार युवक बाजरा की ओर जा रहे थे। इसी बीच यह दुर्घटना हुआ। इधर घटना की सूचना मिलने पर नरकोपी थाना के एएसआई कंचन कुमार सिंह ने उपचार के लिए घायलों को सीएचसी बेड़ो पहुंचाया।

## बालू के अवैध धंधे को रोकने के लिए गोला सीओ ने की कार्रवाई

# बालू लदे 01 ट्रैक्टर को किया जब्त

**गोला (रामगढ़)** : गोला थाना क्षेत्र के गोला रजरप्पा मार्ग के कुसुमडीह के निकट मंगलवार को गोला अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी के द्वारा खनन विभाग को जानकारी देते हुए बालू के अवैध कारोबार पर



अंकुश लगाने को लेकर की गई करवाई में बालू से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना के सुपर्द कर दिया गया। इस संबंध में बताया जाता है कि क्षेत्र में कई तरह के अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है जिसपर अंकुश लगाने को लेकर प्रशासन के द्वारा इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।

## व्यवसायी से 22 लाख रुपये की ठगी, मामला दर्ज

**रामगढ़** : रामगढ़ शहर के आलू-प्याज व्यवसायी प्रदीप गुप्ता से होटल न्यू राजस्थान कलेवालय के मालिक मनोज शर्मा और उसकी पत्नी मधु शर्मा ने 22 लाख रुपये ठग लिए हैं। यह आरोप लगाते हुए प्रदीप गुप्ता ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रदीप गुप्ता ने कहा है कि यह रकम जमीन रजिस्ट्री करने के एवज में ठगी गई है। जब जमीन की रजिस्ट्री के लिए वह मनोज शर्मा और मधु शर्मा के पास पहुंचे, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। शर्मा ने रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि मनोज शर्मा और उसके बड़े भाई गोपाल शर्मा से उसके घनिष्ठ और पारिवारिक संबंध थे। इसी वजह से वह अक्सर गोपाल शर्मा को आर्थिक सहयोग भी करता था। पारिवारिक बंटवारे के बाद न्यू राजस्थान कालेवालय होटल खोलने, नेहरू रोड में राजस्थान रसोई नमक भोजनालय खोलने और यहां तक की गोला प्रखंड में होटल खोलने के लिए उन्होंने आर्थिक सहयोग किया लेकिन जब रजिस्ट्री की बात आई तो मनोज शर्मा और उसकी पत्नी पूरी तरीके से मुकर गए।

## जैक बोर्ड परीक्षा : हिन्दी में अनुपस्थित रहे 17 छात्र-छत्राएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित दशवीं बोर्ड की परीक्षा में मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के शामिल परीक्षार्थियों में सत्रह परीक्षार्थियों ने हिंदी की परीक्षा में अनुपस्थित रही। जहां प्रखंड मुख्यालय में बनाई गई कुल पांच परीक्षा केंद्रों में राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में 286 में 05 अनुपस्थित, राजकीय मध्य विद्यालय बालिका में 237 में सभी उपस्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में 324 में 02 अनुपस्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में 401 में 07 अनुपस्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 346 में 03 छात्र छत्राएं अनुपस्थित रहे। वही छात्र छात्राओं ने सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा लिखे। परीक्षा पुर्णतः शांति पूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक नियुक्त किए गए है। वही करम सिंह महतो को प्रोजेक्ट बालिका



उच्च विद्यालय बेड़ो, हेंनरीता मिंज को एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय तरुण कुजुर को राजकीय कन्या मध्य विद्यालय शेखर पांडेय को राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मुक्ति रानी खलखो को केंद्राधीक्षक बनाया गया है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उपकेन्द्र का हुआ भव्य उद्घाटन

# स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी पहली प्राथमिकता : ममता देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़)** : दुलमी प्रखंड के हरहद कंडेर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उपकेन्द्र का मंगलवार को भव्य उद्घाटन किया गया। रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी के द्वारा शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। बतौर विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजकुमार चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों को बेहतर और



सुलभ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगी, जिससे उन्हें छोटी-मोटी बीमारियों के ईलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। सरकार निरंतर इस दिशा में कार्य कर रही है ताकि हर गांव और हर परिवार को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों से स्वास्थ्य उपकेंद्र का अधिकतम लाभ उठाने और नियमित रूप से स्वास्थ्य जाँच कराने की अपील की। इस केंद्र से स्थानीय लोगों को तत्काल प्राथमिक उपचार और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही विधायक ने जल्द ही उपस्वास्थ्य केंद्र का चारदिवारी बनवाने की बात कही। मौके पर बीपीएम जय प्रकाश राम, महताब राही, छोटू गंझू, मुखलाल महतो, मनोज कुमार, अकमल अंसारी, निलेश कुमार, सुफल खलखो, प्रेम मुंड़ा, मंजू देवी, ललिता कुमारी, दीपक महतो, टिकेश्वर महतो, योगेंद्र गंझू, मुकेश कुमार, युगल किशोर महतो, करमू महतो, रामप्रसाद महतो, दुलारी देवी, गीता देवी, नाजमा निशा, सुमन देवी, गीता देवी, पूनम देवी, सोनी कुमारी, नीला देवी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अश्विनी वैष्णव व उत्तर प्रदेश के सीएम योगी को अविलम्ब इस्तीफा देना चाहिए : नईम अंसारी



**ओरमांझी** : नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ के बाद भी रेलवे प्रशासन की गलती की वजह से भगदड़ मच गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों लोग घायल हो गए हैं। यह घनघोर लापरवाही है। इसके पूर्व प्रयागराज के कुम्भ मेला क्षेत्र में उत्तरप्रदेश सरकार प्रशासन की लापरवाही के कारण सैकड़ों लोगों की जान चली गयी और न जाने कितने लोग अबतक लापता हैं। एक गलती के बाद भी इससे सरकार ने कोई सीख नहीं लिया और पुनः लोक आस्था और भावनाओं के साथ खिलवाड़ जारी है। कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण महासचिव सह समाजसेवी नईम अंसारी उर्फ इमायु ने लगातार हो रही अनहोनी पर गहरा दुःख प्रकट किया है। कहा कि न जाने कितने हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाले लोग आज भी लापता है और कितने लोग काल के गाल में समा चुके हैं। सरकार इस आंकड़े को छुपा रही है। सरकार द्वारा ऐसे लोगों को कोई मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है।

## एक झलक

### रांची के सदर अस्पताल से नवजात चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची** : राजधानी रांची के सदर अस्पताल से मंगलवार को एक नवजात बच्ची को चुराने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही लोअर बाजार पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और मासूम की तलाशी तेज कर दी है। जानकारी के मुताबिक सदर अस्पताल के लेबर रूम में एक बच्ची का जन्म हुआ था। इसके बाद अज्ञात चोर रात में उसे लेबर रूम के बाहर से चुरा कर ले गये। बच्ची के गायब होने से उसके माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्ची के लापता होने के बाद उसके पिता उमेश बेड़िया ने लोअर बाजार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम अस्पताल के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपित का पता लगाया जा सके। साथ ही अन्य सुराग भी जुटाए जा रहे हैं।

### नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी से दिल्ली में मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी के राजू से नयी दिल्ली में मंगलवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश प्रभारी बनाये जाने पर के राजू को बधाई दी। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच झारखंड की वर्तमान राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई। वहीं नयी दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष के साथ पार्टी के नेता रविंद्र सिंह, सतीश पौल मुजनी, रियाज अहमद और केदार पासवान मौजूद थे।

### 60 एकड़ भूमि पर लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट

**बुंडू** : बुंडू पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अलग अलग दो टीमें बनाकर छापामारी अभियान चला रही है।थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा के अनुसार बुधवार को लोटेहातू,जामगामी एवं जोजोदा गांव स्थित जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में 60एकड़ भूमि पर लगे अफीम की फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट की गयी।

### खिस्त विश्वासियों का चालीसा काल 05 मार्च से

**रांची** : खिस्त विश्वासियों का चालीसा काल ईसाई समुदाय में एक महत्वपूर्ण समय होता है, जो ईसा मसीह के पुनरुत्थान के बाद शुरू होता है। यह अवधि 40 दिनों तक चलेगी, जिसमें ईसाई समुदाय ईसा मसीह के जीवन, मृत्यु और पुनरुत्थान की याद में प्रार्थना, उपवास और धार्मिक अनुष्ठान करेगा। रांची के कैथोलिक चर्च, सीएनआई चर्च और जीईएल चर्च में अपने-अपने नियमों के अनुसार ईसा मसीह को याद किया जाएगा। चर्च में विनती, बाइबिल अध्ययन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान प्रत्येक शुक्रवार को यीशु मसीह की चौदह घटनाओं का धर्म बहनों को बताया जाएगा। चालीसा काल में दान और सेवा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, और गरीबों तथा जरूरतमंदों की मदद की जाएगी। बिशप हाउस के सेक्रेटरी असीम मिंज ने बताया कि पांच मार्च से चालीसा काल शुरू होगा। इस दिन खजूर के पत्तों को जलाकर राख बनाई जाएगी, जिसे सभी विश्वासी अपने माथे पर लगाएंगे। चालीसा काल 40 दिनों तक चलेगा, जिसमें पश्चाताप और पापों का पछतावा किया जाएगा। उपवास और दान पर जोर दिया जाएगा। खिस्त विश्वासियों को याद दिलाया जाएगा कि सभी मनुष्य ईश्वर द्वारा धरती पर बुलाए गए हैं और अंत में वे ईश्वर के पास जाएंगे। इस दौरान यह भी स्मरण कराया जाएगा कि माथे पर राख लगाने से जीवन को ईश्वर को समर्पित किया जाता है, और एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति, प्यार और सहायता की भावना व्यक्त की जाती है। चालीसा काल 46 दिनों का होता है। लेकिन इसमें से छह रविवारों को गिना नहीं जाता, जिससे वास्तविक चालीसा काल 40 दिनों का होता है। रविवार को ईसाई समुदाय विशेष दिन मानते हैं, क्योंकि इस दिन यीशु मसीह का पुनरुत्थान हुआ था और यह महिमा का दिन होता है।

# झारखंड में गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध, आदेश जारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड सरकार ने आज से गुटखा और पान मसाला की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध एक साल के लिए लगाया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।



**प्रतिबंध के पीछे क्या है कारण**

**झारखंड** में कैंसर फैलने का सबसे बड़ा कारण गुटखा बना हुआ है। इसकी वजह से युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कैंसर दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्पष्ट कर दिया था कि राज्य में गुटखा पर प्रतिबंध लगेगा।

**क्या हैं प्रतिबंध के नियम**

**गुटखा** और पान मसाला की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। गुटखा बनाने, स्टोरेज करने, बेचने और वितरण करने पर पूरी तरह से रोक लग गयी है। जर्दा (टोबैको) या निकोटिन युक्त गुटखा और पान मसाला बेचने पर कार्रवाई होगी।

**स्वास्थ्य विभाग की पहल**

**आम** लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 के सेक्सन 30 (2)(ˊ) और फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स (प्रोहिबिशन एंड रिस्ट्रिक्सन ऑन सेल्स) रेगुलेशन, 2011 के रेगुलेशन 2,3, और 4 के तहत एक साल के लिए बैन लगाया गया है।

**क्या कहते हैं आंकड़े**

**झारखंड** में ओरल कैंसर पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह है गुटखा। राज्य में एक लाख की आबादी पर करीब 70 लोग कैंसर पीड़ित हैं। इनमें 40-45 मरीज तंबाकू और गुटखा की वजह से ओरल कैंसर से पीड़ित हैं।

# 501 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

## रुद्राभिषेक में भगवान शिव को अर्पित किये पवित्र जल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यू मधुकम रोड नंबर 5एच स्थित श्री राम नगर में तीन दिवसीय भव्य आरती और हनुमान चालीसा के अवसर पर श्री लिंगेश्वर महादेव मंदिर से 501 महिलाओं ने कलश यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा श्री लिंगेश्वर मंदिर से शुरू होकर शनि मंदिर, चुना भट्टा, पहाड़ी मंदिर और खादगढ़ा होते हुए मंदिर परिसर में संपन्न हुई। सभी महिलाओं को नींबू सरबत पिलाया गया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर शामिल हुईं। मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील गुप्ता, न्यू लायंस क्लब अध्यक्ष अनील गुप्ता, राहुल गुप्ता, पंकज सिन्हा, धनंजय सोनी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। आयोजक विनोद राजन ने बताया कि महिलाएं मंदिर के बाहर से लेकर शहर की सड़कों पर कलश को सिर पर रखकर यात्रा करती हुईं आईं। इस यात्रा में शामिल महिलाएं अपने सिर में कलश और गले में लाल रंग की चुनरी पहने हुई थीं। यात्रा के दौरान हर मंदिर के पास रुककर पूजा-अर्चना की गई। लोग अपने घरों से बाहर निकलकर कलश यात्रा का स्वागत कर रहे थे। मंदिर के पुजारियों ने विशेष पूजा-अर्चना की और लोगों को आशीर्वाद दिया। महिलाएं अपने पारंपरिक परिधानों में सजी हुई थीं। इस दौरान रुद्राभिषेक अनुष्ठान भी हुआ, जिसमें भगवान शिव की पूजा और अभिषेक किया गया। भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए मंत्रोच्चारण किया गया। आचार्य सुबोध पांडेय ने भगवान शिव की मूर्ति पर अभिषेक किया, जिसमें फूल-माला, जल, दूध समेत अन्य पवित्र द्रव्यों से अभिषेक किया गया। 19 फरवरी को हवन होगा, जबकि 20 फरवरी को भव्य आरती, हनुमान चालीसा का पाठ और भंडारा का आयोजन होगा। पदाधिकारी सूरज शर्मा, धीरज कुमार, अभय शर्मा, विकास साहू, रौशन कुमार, राजू शर्मा, राहुल कुमार, विक्की रजक, सोनू शर्मा, रोशन कश्यप, महेंद्र साव, भीम साहू, बसंत साव, कृष्णा साव, बबलू शर्मा, पप्पू रजक, मोनू कुमार, विक्की बरनवाल, जैकी बरनवाल, पिंटू साव समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला न लगने दे हेमन्त सरकार : प्रतुल शाहदेव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड सरकार से मांग की है कि वह राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद की जड़ें मजबूत न होने दे। उन्होंने पाकुड़ में बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश के आतंकवादी द्वारा ट्रेनिंग दिए जाने को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बांग्लादेशी आतंकवादी अब्दुल मनुन ने पाकुड़ में दर्जनों स्थानीय युवाओं को आतंकी गतिविधियों की ट्रेनिंग दी। यह अत्यंत गंभीर मामला है कि आतंकवादी झारखंड में ट्रेनिंग कैंप चला रहे हैं और राज्य की खुफिया एजेंसियों को इसकी जानकारी उनके जाने के बाद मिल रही है। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब कठोर कार्रवाई करने और इस गतिविधि में मदद करने वालों पर कानूनी शिकंजा कसने की मांग की।

**झारखंड में स्लीपर सेल का पुराना इतिहास, सख्त कदम उठाये सरकार**

**प्रतुल** शाहदेव ने कहा कि झारखंड में पहले भी स्लीपर सेल की मौजूदगी सामने आती रही है। उन्होंने हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड में एक प्रतिष्ठित अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर स्लीपर सेल का हिस्सा निकला था। लोहरदगा सहित कई जिलों में स्लीपर सेल का खुलासा हो चुका है। बोधगया बम ब्लास्ट के तार रांची से जुड़े थे। हिंदपीढ़ी के एक लॉज से नौ बम बरामद हुए थे। सीठियो के जंगल में बम बनाने की ट्रेनिंग दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है और हेमंत सरकार को पूरी ताकत के साथ आतंकियों और उनके समर्थकों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# राज्यपाल से मिले गोवा के शिक्षाविद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गोवा से आए शिक्षाविदों ने राजभवन में भेंट की। ये शिक्षाविद रांची विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण पर आए हुए हैं। इस मौके पर राज्यपाल ने शिक्षाविदों से बातचीत के क्रम में राज्य में उच्च शिक्षा को और गुणात्मक व प्रभावी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा मिले, ताकि वे प्रतिस्पर्धा के इस युग में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वे शैक्षणिक मानकों के अनुपालन और सत्रों के नियमितीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ प्रयास कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाजोत्थान का आधार भी है। उच्च शिक्षा संस्थानों को ऐसा वातावरण विकसित करना चाहिए, जहां शोध, नवाचार और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समसामयिक चुनौतियों से निपटने के लिए अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षताओं से भी संपन्न किया जाना आवश्यक है।

# मेदांता हॉस्पिटल, रांची ने 100% कोरोनरी धमनियों में ब्लॉकेजवाले मरीज की बचायी जान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, रांची में 55 वर्षीय एक व्यक्ति का जटिल और उच्च-जोखिम वाला ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया, जिसकी कोरोनरी धमनियों में 100% ब्लॉकेज था। यह ऑपरेशन हॉस्पिटल के कार्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. बालामुरली श्रीनिवासन ने अपनी टीम के साथ, जिसमें डॉ. सौरभ कुमार भी शामिल थे, किया था। मरीज को सांस लेने में भीषण तकलीफ और छाती में दर्द हो रहा था, जिसके लिए उसे ऑक्सीजन की जरूरत थी। ईसीजी, इको और एंजियोग्राम टेस्ट हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विनीत कुमार ने किया था ,जिन्होंने सांस लेने में तकलीफ को कम करने के लिए दवा भी दी थी। ऑपरेशन में माइट्रल वाल्व को बदलना, एंडारटेरेक्टमी करना और बाइपास सर्जरी करना शामिल था ताकि हृदय में रक्त प्रवाह सुचारू रूप से बहाल किया जा सके। डॉ. श्रीनिवासन ने बताया, मरीज की कोरोनरी धमनियों में 100% ब्लॉकेज था, और माइट्रल वाल्व भी सिकुड़ गया था। उसका हृदय केवल 25% क्षमता पर काम कर रहा था। हमने वाल्व बदला, एंडारटेरेक्टमी की और बाइपास सर्जरी कर उसकी जान बचाई। मरीज को 15 दिनों के बाद पूरी तरह से ठीक हो गए जिसके बाद अस्पताल से उन्हें छुट्टी दे दी गयी।



## पीएलवी शंकर महतो व कौशल्या देवी ने राष्ट्रीय लोक अदालत की दी जानकारी

# लम्बित वादों के निस्तारण का सुलभ माध्यम है लोक अदालत : प्रवीण कुमार श्रीवास्तव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर सिल्ली प्रखण्ड के मुरी पश्चिमी पंचायत भवन में जस्टिस-ऑन-व्हल मोबाईल वैन टूर जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, शंकर महतो, कौशल्या देवी, ब्रजेश कुमार महतो, बंशीधर घटवार, सुनील कुमार महतो, बबलू कुमार महतो, पंकज कुमार महतो, राजकुमार महतो, ग्राम प्रधान मनीष कुमार महली एवं अन्य उपस्थित थे। एलएडीसी चीफ ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या पर फोकस किये। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के ओर से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने पीड़ित मुआवजा के बारे में जानकारी दी। डायन बिसाही पर भी फोकस किये तथा बोले कि यह एक अंधविश्वास है। उन्होंने कहा कि डायन बिसाही के मामले में एक दूसरे की हत्या करना गलत है। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएलवी कौशल्या देवी, शंकर महतो एवं ब्रजेश कुमार महतो ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा पीएलवी ने लोगों के समस्याओं को सुना तथा पीड़ित मुआवजा के बारे में भी जानकारी दी।



**राष्ट्रीय लोक अदालत में लम्बित वादों को निबटारा पर जोर**

**ज्ञात** हो कि 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। कौशल्या देवी ने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं। शंकर महतो ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

# खाटू धाम में अखंड ज्योति पाठ व रांची में सुंदरकांड पाठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में श्याम भक्तों के दल ने आज खाटूधाम स्थित श्री श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में पाठ वाचक मनोज सेन के सानिध्य में श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का सामूहिक रूप से गायन किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने अपने धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी के साथ बाबा श्री श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। अखंड ज्योति प्रज्वलित कर मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने शुद्ध घी केसरिया पेडा पंचमेवा फल विभिन्न प्रकार के मिष्ठान एवं पान का भोग लगा बाबा श्याम के आगे अपनी मनोहर कामना अर्जी लगा भक्तों के लिए सुख मंगल कामना की। आज तृतीय दिवस खाटूधाम की यात्रा में अखंड ज्योति पाठ का सामूहिक आयोजन किया गया था । प्रातः काल से ही श्याम भक्तों के दल ने बाबा श्याम के अखंड ज्योति की तैयारी प्रारंभ कर दी थी। श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ एवं श्रृंगार के प्रभारी मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा यात्रा उप संयोजक स्नेह पोद्दार उप मंत्री अनिल नारनौली वेद भूषण जैन पप्पू राजीव केडिया अन्नपूर्णा सरावगी कविता मित्तल विजयश्री साबू भारती चितलांगिया सरिता कटारूका शोभा सिंघानिया स्नेहा पोद्दार डोली झुनझुनवाला नेहा सरावगी सरिता अग्रवाल सुनीता मित्तल आयुषी कटारूका ने बाबा श्याम के अखंड ज्योति की तैयारी प्रातः काल में ही प्रारंभ कर साज सजावट में अपना सहयोग दिया।



# रैपिडो कर्मी को घायल कर मोबाइल लूटनेवाला आरोपित गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : पुलिस ने जगरनाथपुर थाना इलाके में रैपिडो कर्मी को घायल कर उसका मोबाइल लूटने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान केशव सिंह के रूप में हुई है। इस संबंध में पीड़ित ने जगरनाथपुर थाना में मामला दर्ज कराया था। दर्ज प्राथिमिकी के अनुसार 22 जनवरी को रैपिडो कर्मी हिनु चौक के पास सवारी के इंतजार में खड़ा था। उसके पास रैपिडो ऐप पर हटिया रेलवे स्टेशन रोड से हरमू चौक की बुकिंग का मैसेज आया। पिकअप लोकेशन पर पहुंचने पर वहां एक लड़की खड़ी मिली। उसने रैपिडो कर्मी से उसका मोबाइल फोन अपने परिवार से बात करने के लिए मांगा। थोड़ी देर बाद वहां एक लड़का पहुंचा और रैपिडो कर्मी पर लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगाने लगा। इसमें लड़की भी उसका साथ देने लगी। जब रैपिडो कर्मी ने अपना मोबाइल मांगा तो वह लड़का रैपिडो कर्मी से मारपीट करने लगा और चाकू निकाल कर उसे जख्मी कर दिया। उसने कहा कि भाग जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। इसके बाद रैपिडो कर्मी वहां से भागकर नजदीक होटल के पास पहुंचा जहां स्थानीय लोगों के सहयोग से

# श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने कराया दिव्यांगों को भोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को रांची के पुंदाग स्थित राधिका सदानंद सेवाधाम में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रहे दिव्यांगों को भोजन कराया गया। समाज के धर्मप्रेमी श्रद्धालु और प्रणामी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने 37 निराश्रित दिव्यांगों को अन्नपूर्णा सेवा के तहत भोजन कराया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था ने पिछले 12 दिनों में लगभग 2540 निराश्रितों एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादारों में अन्नपूर्णा सेवा भोजन बांटा है। उन्?होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में संस्था के रिशी टाक, राकेश कुमार, नरेश डालमिया, निर्मल अग्रवाल, दिनेश कुंवर, आलोक कुमार, प्रमोद प्रसाद, अशोक नारसरिया, अशोक अग्रवाल, सरिता केजरीवाल, अशोक कुमार ने सहयोग किया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ, चिरंजीलाल खंडेलवाल, सुरेश अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, नंद किशोर चौधरी समेत संस्थाा के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने की समीक्षा बैठक आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : होटल रेडिशन ब्लू में मुख्य आयकर आयुक्त शांतनु धमीजा भा.रा.से की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास, केका) रांची की छह माह में होने वाली समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक इस वित्तीय वर्ष की द्वितीय एवं नराकास की 28वीं बैठक थी। रांची स्थित नराकास समिति के सदस्य कार्यालयों में से लगभग 130 सदस्य इस बैठक में शामिल हुए, जिसमें 45 कार्यालयों के कार्यालय और विभागाध्यक्ष भी शामिल हुए। बैठक का संचालन करते हुए समिति के सचिव डॉ सूर्यकांत सामल ने मौजूद लोगों का स्वागत किया। स्वागत संबोधन के बाद बैठक में शामिल सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने अपना परिचय दिया। सचिव ने अध्यक्ष के साथ, नराकास बैठक की महत्ता एवं सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा की। मौके पर समिति के अध्यक्ष शांतनु धमीजा ने कहा कि यदि अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी में कार्य करना व करवाना है तो हमें इस प्रकार से योजना बनानी पड़ेगी कि लोग हमारे पास आएं और कहें कि मैं हिंदी में कार्य करना चाहता हूं।



# रांची की गीता चौबे गूंज की पुस्तकों का लोकार्पण बेंगलूरु में

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अभ्युदय अंतर्राष्ट्रीय संस्था का वसंतोत्सव कार्यक्रम बेंगलूरु शहर के जस्टबी वीगन रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ। इसमें साहित्यकार गीता चौबे गूंज की दो पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। साथ ही, कहानी-संग्रह 'इंद्रधनुषी सपने' एवं दुमदार दोहा-सतसई 'बहे त्रिवेणी-धार' का विमोचन सह कृति-चर्चा की गयी। कृति-चर्चा में मुख्य वातार्कार थे संस्था के सलाहकार डॉ. प्रेम तन्मय, जो स्वयं एक उच्चकोटि के साहित्यकार एवं गजलकार हैं। उनके साथ संस्था की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. इन्दु झुनझुनवाला थीं। वार्ता के दौरान यह बात उभर कर आयी कि अमीर खुसरो द्वारा शुरू किये गये दुमदार दोहे की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए 700 दोहों की 1400 दुम के साथ गीता चौबे गूंज की पुस्तक बहे त्रिवेणी-धार (दुमदार दोहा-सतसई) सम्भवतः अभी तक की प्रथम पुस्तक है। डॉ. इन्दु झुनझुनवाला ने कहानी-संग्रह 'इंद्रधनुषी सपने' पर बात करते हुए कहा कि गीता चौबे की इस पुस्तक की प्रत्येक कहानी में एक संदेश के साथ समाधान भी छिपा हुआ है, जो समाज को सही राह दिखाने का अच्छा माध्यम बन पड़ा है। ध्यातव्य है कि गीता चौबे गूंज की अब तक दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें दो उपन्यास, प्रबंध-काव्य, गीत-संग्रह, कविता-संग्रह, लघुकथा-संग्रह आदि हैं। कार्यक्रम का दूसरा सत्र वसंतोत्सव के रूप में मनाया गया, जिसमें उपस्थित कवियों द्वारा अपनी कविता न पढ़ कर एक-दूसरे की कविता पढ़ी गयी। यह एक नया प्रयोग था, जिसे काफी सराहना मिली। कार्यक्रम की शुरूआत मोना सिंह द्वारा सरस्वती-वंदना से हुई। ध्येय गीत ज्योति तिवारी एवं डॉ. इंदु झुनझुनवाला द्वारा गाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में थे आर एन बगदलकर पूर्व निदेशक, मानव संसाधन विभाग, जबकि अध्यक्षता कमल किशोर राजपूत ने की। दो सत्रों के संचालन का उत्तरदायित्व ज्योति तिवारी, संतोष भाऊवाला, त्रिशला मिश्रा एवं भगवती सक्सेना ने सफलतापूर्वक निभाया। इस अवसर पर रास दादा रास, विभा रानी श्रीवास्तव, वीणा गुप्ता मेदिनी, रचना उनियाल, पल्लवी शर्मा, ब्रजेन्द्र मिश्रा, अनिल मोघे, सुदेश वत्स, अजय सिंह, अर्चना गुप्ता, ममता साह, कविता शास्त्री, उमा शर्मा, रतिन्दर कौर, अजय आवारा, पद्मा श्रीनिवासन, सरिता आदि अनेक प्रबुद्ध साहित्यकारों के साथ उज्ज्वल, अर्पिता, सुरभि, सुषमा, प्रतीक, सुरेन्द्र, महेन्द्र भी उपस्थित थे। वंदेमातरम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



# जेसोवा ने वितरित कीं ब्रेल लिपि की पुस्तकें



**रांची** : झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) द्वारा राजकीय नेत्रहीन विद्यालय, हरमू में नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए ब्रेल लिपि की पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। ब्रेल लिपि की पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सीमित होती है और जेसोवा ने विशेष प्रयास करके इन्हें विद्यार्थियों तक पहुंचाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसोवा की अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने की। उन्होंने राजकीय नेत्रहीन विद्यालय और राजकीय मूक-बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया।

## एक झलक

### जिला स्वास्थ्य समिति के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा आयोजित

**कोडरमा :** जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा जे.जे. कॉलेज, झुमरी तिलैया, कोडरमा परीक्षा केन्द्र में आयोजित किया गया। परीक्षा प्रथम पाली में अपराह्न 12:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा परीक्षा केंद्र पहुंच कर आयोजित परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कमरों में घूम घूमकर परीक्षा के स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने वीक्षक को परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज व अन्य मौजूद रहे।

### इंग्लिश ओलिंपियाड में सेक्रेड के दो छात्रों को मिला गोल्ड मेडल



**कोडरमा (झुमरी तिलैया) :** एसओएफ द्वारा आयोजित इंग्लिश ओलंपियाड की परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल की दो छात्राओं को गोल्ड मेडल मिला है। जबकि 18 बच्चों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया है। इस प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल से 20 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्राओं में वर्ग 2 की छात्रा नव्या श्री और वर्ग 7 के छात्र संध्या कुमारी के नाम शामिल हैं। इसके अलावा एस ओ एफ की ओर से अरीब अहमद फारूकी, मोहम्मद अलमास अंसारी, अदीब अहमद, एंजेल अनुषा, अंबिका, जारा अरमान, नंदनी कुमारी, हर्षिका सोनी, साक्षी बरहपुरिया, अनन्या कुमारी, बासु गौतम, सौम्या कुमारी, कौशतुभी काव्या, इलमा परवेज, आरोही सोनकर, शिवम यादव, एमडी फरहान और समर गौतम को सर्टिफिकेट दिया गया है। बच्चों की इस सफलता पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा और उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बच्चों ने शिक्षक किशोर कुणाल की देखरेख में परीक्षा दी थी। उपायुक्त कोडरमा के

### फ्लाई ऐश से लदे वाहनों को पूरी तरह से ढक कर परिवहन करें : रिया सिंह

**कोडरमा :** बांझेडीह थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश, जिसका परिवहन हाइवा, ट्रक व अन्य वाहनों के माध्यम से किया जाता है। खुले हुए हाइवा व ट्रक में फ्लाई ऐश ढोने की वजह से सड़कें पर राख पट जाती है, जिससे आमजनों व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर जिला प्रशासन कोडरमा के द्वारा सख्त रूख अपनाते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह द्वारा बागीटांड़ समेत अन्य स्थानों का भ्रमण कर फ्लाई ऐश से संबंधित मामले का जांच किया गया। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने केटीपीएस के सीजीएम व अन्य प्रतिनिधि, जिला परिवहन पदाधिकारी, ट्रांसपोर्टर के साथ बैठक किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने ट्रांसपोर्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि बांझेडीह थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश का परिवहन करने वाले वाहन पूरी तरह से ढक कर परिवहन करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को वाहनों की जांच करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि वाहन तेज गति से नहीं चलायेंगे। वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न को हटायें। उन्होंने केटीपीएस के प्रतिनिधि एवं ट्रांसपोर्टर को जगह जगह पर गिरे फ्लाई ऐश को अगले दो दिनों के अंदर हटाने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्री विजय सोनी, केटीपीएस के सीजीएम व अन्य प्रतिनिधि, नगर प्रशासक झुमरी तिलैया अंकित, नगर प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा शंभु कुशवाहा, अंचल अधिकारी कोडरमा/चंदवारा, ट्रांसपोर्टर व अन्य मौजूद रहे।

# रायडीह में अपराधियों का तांडव, की निर्मम हत्या

- परिजन और गांव के लोग सदमे में
- बेटियां चिल्लाती व गिड़गिड़ाती रहीं, मगर अपराधियों पर नहीं हुआ कोई असर
- उक्त हत्याकांड में पांच अपराधी थे शामिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गुमला :** घटना रायडीह थाना क्षेत्र के पोगरा गांव की रिगडीटाड़ की है जहां पांच हथियार बंद अपराधियों ने सुबह सात बजे पोगरा निवासी प्रसाद साहू 36 वर्षीय पिता सालिग साहु की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। और मोटर साइकिल में सवार होकर वहां से भाग निकले। इसकी सूचना पुरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी घटना की सूचना रायडीह पुलिस को दी गयी सूचना मिलते ही चैनपुर स्पेक्टर महेंद्र करमाली घटना स्थल पहुंचे व शव का पंचनामा कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं परिजनों से हत्या के पूरे मामले को समझने का प्रयास करते हुए छानबीन शुरू कर दी। प्रत्यक्ष दर्शी मृतिक के 9 वर्षीय बेटी ने पुरी घटना की जानकारी जानकारी देते हुए बताया की मेरे पिता उच्चडीह गांव के एक शिक्षिका का कार ड्राइवर का काम करते थे वे रोज शिक्षिका को स्कूल छोड़ने जाते रायडीह जाते थे मैं मेरी व छोटी बहन रा म वि उच्चडीह में पढ़ते हैं, रोज की भांति मैं व मेरी छोटी बहन उच्चडीह स्कूल जा रहे थे हमारे साथ हमारे पिता प्रसाद साहू भी उच्चडीह जा रहे थे तभी पोगरा रिगडीटाड़ के समीप एक मोटर साइकिल में चार लोग बैठे हुए थे व एक व्यक्ति किनारे पर खड़ा था तभी मोटर साइकिल से आकर चारों ने मेरे पिता को टक्कर मारी दिया टक्कर लगते ही मेरे पिता गिर गये। फिर पांचों अपराधियों ने मेरे पिता को पटक-पटक कर मारने लगे उन पांच अपराधियों में से एक के हाथ में हथियार था व सभी चाकू भुजाली व टांगी पकड़ें हुए थे, हम डर कर कुछ दूर पीछे हट गये और मेरे पिता को ना मारने के लिए चिल्लाते व गिड़गिड़ाते रहे पर अपराधियों ने एक ना सुनी और मेरे पिता को पटकर गला रेत दिया। पिता को मारने के बाद दो अपराधियों ने मुझे व मेरी छोटी बहन को दौड़ाया व पिछा किया हमें दौड़ाता देख हम दौड़ते हुए घर की ओर वापस भागे और अपनी जान बचाते तभी वापस अपराधियों ने मोटरसाइकिल में सवार होकर वहां से भाग निकले फिर हमने घर पहुंच कर सारी घटना की जानकारी दिये। परिजनों से पुछने पर हत्या के कारण मैं बताया की गांव के एक समुदाय के लोग से आपसी विवाद था जो लम्बे समय से चलता आ रहा है इस विवाद में पुर्व में ही मारपीट हो चुकी है और मृतक एक बार जेल जा चुका था उस केश में हाल फिलहाल में ही केश का समझौता कर केश खत्म किया गया था और आज यह घटना घटी है। वहीं, चैनपुर स्पेक्टर महेंद्र करमाली ने कहां की प्रसाद साहु 36 वर्षीय की निर्मम हत्या हुई है हत्या के कारणों का कुछ पता नहीं चला है फिलहाल शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पुलिस हर पहलू में जांच कर रही है हत्यारे जल्द पुलिस गिरफ्त में होंगें।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नामांकन सेल की बैठक आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 'नामांकन सेल' की बैठक महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त बैठक में नामांकन प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि आवेदक झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद् के अधिकृत वेबसाइट के होम पेज पर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए राज्य के 136 बी.एड. कॉलेजों में सत्र 2025-2027 में नामांकन हेतु दिनांक 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। जिसकी प्रवेश परीक्षा ओएमआर बेस्ड ऑफलाइन मोड में आगामी दिनांक 20 अप्रैल 2025 को रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका, पलामू एवं हजारीबाग जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित होगी। इस प्रवेश परीक्षा में सामान्य वर्ग न्यूनतम 55 प्रतिशत एवं अन्य वर्ग को 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगें। परीक्षा शुल्क सामान्य वर्ग को 1000, पिछड़ा वर्ग को 750 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को मात्र 500 ऑनलाइन शुल्क भुगतान करना है। बैठक में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार पासवान, मनीष कुमार सिन्हा, दीपक पांडे एवं अन्य सदस्य उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

## विभावि यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में फिर से होगा एलएलएम में नामांकन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** लगभग दो वर्षों तक बंद रहने के बाद विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार के प्रयासों से विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में फिर से एलएलएम मे नामांकन लिया जाएगा। प्रोफेसर पोद्दार के सख्त निर्देश से विधि महाविद्यालय में संचालित एलएलएम पाठ्यक्रम में सत्र 2024-26 मे नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन मंगलवार 18 फरवरी को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। ज्ञात हो की सत्र 2022-24 में विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ. मुकुल नारायण देव ने परीक्षा परिषद द्वारा नामांकन सूची तैयार करवा कर पूरे नामांकन व्यवस्था को विवादित बना दिया था। नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों उत्तीर्ण हुए थे। इसके बावजूद अजीबोगरीब नियम बना कर 50 में से 24 स्थान रिक्त छोड़ दिये गये थे। तत्कालीन कुलपति के इस निर्णय से सत्र 2022-24 में युएलसी को 48 लाख रुपया का नुकसान हुआ था। सत्र 2022-24 मे उत्पन्न किए गए नामांकन संबंधी विवाद के कारण ही 2023-25 में भी नामांकन नहीं हो पाया था। इसके चलते 2023-25 मे पूरे एक करोड़ रूपया का नुकसान विधि महाविद्यालय को उठाना पड़ा था। बाद में विभावि के नैक ग्रेडिंग पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा था। विधि महाविद्यालय एक स्ववित्त पोषित संस्थान है और डॉ मुकुल नारायण देव की कार्यशैली से इस महाविद्यालय को 1.48 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा था। आयुक्त कुलपति श्रीमती सुमन कैथरीन किसपोट्टा के एक वर्ष से अधिक के कार्यकाल में विधि महाविद्यालय मे नामांकन हेतु कोई पहल नहीं हो पाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने पहले नामांकन समिति की बैठक बुलाई जहां सदस्यों ने सर्वसम्मति से परीक्षा परिषद द्वारा नामांकन लेने की विवादित व्यवस्था को समाप्त किया। तत्पश्चात प्रवेश परीक्षा के संचालन के लिए उन्होंने डॉ इंद्रजीत कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यों की एक समिति गठित की। डॉ गंगानन्द सिंह और विधि महाविद्यालय के प्राचार्य रश्मि प्रधान को सदस्य मनोनीत किया गया। मंगलवार को प्रवेश परीक्षा दोपहर 12:00 से अपराह्न 2:00 बजे तक कला भवन मे आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के नामांकन प्रकोष्ठ के नोडल पदाधिकारी डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया इस पाठ्यक्रम के लिए कुल 50 स्थान उपलब्ध है ।

## सोहराई व कोहबर कला प्रशिक्षण कार्यशाला सह सोहराय उत्सव के पोस्टर का विमोचन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद, युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता अनुदान के अंतर्गत प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करने एवं कला के साथ समाज सेवा के लिए सुप्रसिद्ध स्थानीय संस्था तरंग ग्रुप, हजारीबाग द्वारा आयोजित दस दिवसीय निःशुल्क सोहराई एवं कोहबर चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला 2025 के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन आज दिनांक 18 फरवरी को स्थानीय जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम के कर कमलों द्वारा किया गया। पोस्टर का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि इस झारखंड और खासकर हजारीबाग की सुप्रसिद्ध आर्ट सोहराई एवं कोहबर को आज के युवा वर्ग तक पहुंचने का बहुत ही बेहतरीन प्रयास है। इस तरह का आयोजन चित्रकला से जुड़े प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने एवं बेहतरीन मंच प्रदान करने के लिए बहुत ही आवश्यक है। सोहराई एवं कोहबर कार्यशाला सह प्रदर्शनी के संदर्भ में संस्था के सचिव अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि झारखंडी एवं भारतीय लोक कला को बढ़ावा देने के उद्देशय इस कार्यशाला का आयोजन दिनांक 25 फरवरी से 09 मार्च 2023 के बीच स्थानीय इंद्रपुरी चौक स्थित साईं बैंक्वेट हॉल, न्यू विशाल मार्ट के बगल में किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन दिनांक 25 अप्रैल को स्थानीय साईं बैंक्वेट हॉल में ही दोपहर 3 बजे किया जायेगा। उपरोक्त कार्यशाला पंद्रह वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के सभी लड़के एवं लड़कियों के लिए है जिसमें निर्धारित 60 सीटों पर रजिस्ट्रेशन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा ।यह कार्यशाला में भाग लेने के लिए प्रशिक्षुओं से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। कार्यशाला में झारखंड के सुप्रसिद्ध कला प्रशिक्षकों के द्वारा बाहर प्रतिभागियों को सोहराई एवं कोहबर पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला के समाप्ति पर सभी प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार पेंटिंग का प्रदर्शन 09 मार्च को स्थानीय नगर भवन हजारीबाग में सोहराय उत्सव के रूप में प्रदर्शनी के माध्यम से किया जायेगा।

## चौपारण पुलिस व वन विभाग ने अवैध पोस्ते की खेती को किया नष्ट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चौपारण :** प्रखंड में पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग संयुक्त रूप से अवैध पोस्ते-अफीम की खेती को समूल नष्ट करने बीड़ा उठा विनिष्टीकरण अभियान चला रही है। एक सप्ताह से लगातार कार्रवाई की जा रही है ।मंगलवार को भी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय से पच्चीस किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम सिकदा एवं ढोडिया के बाहरी इलाके में लगे लगभग पंद्रह एकड भुमि से अवैध पोस्ते की खेती को ट्रैक्टर चला विनिष्ट किया गया। बता दें प्रखंड से पोस्ते-अफीम फसल को समूल नष्ट करने के लिए पुलिस तीसरी आंख यानि कि ड्रोन कैमरे की भी मदद ले रही है। वहीं जहां ट्रैक्टर नहीं पहुंच पा रहा है वहां ग्रास कट्टर का उपयोग कर अफीम फसल को नष्ट किया जा रहा है। बता दें प्रखंड क्षेत्र में अभी तक छः सौ एकड़ से ऊपर अवैध पोस्ता-अफीम की खेती को विनिष्ट किया जा चुका है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि पूरे प्रखंड क्षेत्र से अवैध खेती को खत्म करना प्राथमिकता है। वहीं इसमें शामिल लोगों को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इसके पहले जितनी भी कार्रवाई हुई है उन क्षेत्रों में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर केस दर्ज किया जा चुका है। साथ ही कहा कि अभी भी जहां खेती बची हुई है वो तो नष्ट करेंगे ही लेकिन अच्छा होगा खेती करने वाले खुद नष्ट कर लें नहीं तो प्रशासन को करना पड़ गया तो कानूनी कार्रवाई होने के लिए तैयार रहें।

## विवेकानंद सेवा आश्रम विद्यालय में 35वां स्थापना दिवस मना




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक पर स्थित विवेकानंद सेवा आश्रम विद्यालय में 35वां स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र उपाध्याय एवं मुख्य अतिथि बालगोविन्द प्रसाद बरनवाल के द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान, स्वागत नृत्य प्रस्तुत किए गए जो काफी मनमोहक था। वही इस 35वे स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के बच्चों द्वारा ग्रुप डांस, चुटकुले, गाने एवं हनुमान चालीसा का प्रस्तुति की गई जो काफी मनमोहक रहा। मंच का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका उमा सोनी एवं देवेश सर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालगोविन्द प्रसाद बरनवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे गार्जियन स्वरूप वीरेंद्र उपाध्याय उपस्थित है, जिन्होने लगातार 30 वर्षों तक विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय के माध्यम से प्रखंड में शिक्षा का अलख जगाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने आगे कहा कि भले ही यह विद्यालय अपना 35 वर्षों का सफर तय कर चूका है, लेकिन मेरे लिए ये कल की बात है, ऐसा मैं महसूस करता हूँ। कहा कि स्व० गजानंद मिश्रा ने विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय की नींव रखी, उन्होंने शिक्षा के प्रति अपना पूरा जीवन समर्पित किया, आज उनके पुत्र यशवंत मिश्रा के द्वारा उनके सपनों को साकार किया जा रहा है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य यशवंत मिश्रा ने कहा कि पढ़ाई के साथ बच्चों में संस्कार का होना भी अतिआवश्यक है। वही कार्यक्रम में ठाकुर एवं श्री श्री माँ के प्रति स्कूली बच्चों के द्वारा गुरु वंदना एवं स्तुति प्रस्तुती की गई। पूरे कार्यक्रम में विद्यालय के अभिभावक, विष्णुगढ़ के प्रभुत्व नागरिक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता सुनील कुमार अकेला, डॉ० थानेश्वर महतो, निरंजन मिश्रा, विद्यालय के भूतपूर्व शिक्षक एवं शिक्षिका, विद्यालय के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। विद्यालय के बच्चों के द्वारा विद्यालय का परिचय वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद आबेदिन के द्वारा गया। इस कार्यक्रम में मिरर ऑफ द सोसायटी के संचालक अमन कुमार, विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ईशा कुमारी, ममता मिश्रा, स्नेहा कुमारी, प्रतिष्ठा कुमारी, पियूष कुमार सिन्हा, आयुष कुमार सिन्हा का काफी योगदान रहा।

## तीन दिवसीय श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ प्रारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कटकमदाग :** प्रखंड के ग्राम सालगावां में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आरंभ हुआ। महायज्ञ का आयोजन सलगावां बड़ा शिव मंदिर जिर्णोद्धार को लेकर किया जा रहा है। कलश यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। 2 किलोमीटर पैदल यात्रा कर गोंदा डैम पहुंचे, जहां विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भर कर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचे। तत्पश्चात पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, संध्या आरती व कथा प्रवचन का आयोजन हुआ, 19 फरवरी को वेदी पूजन, स्तंभ पूजा, मंडप पूजन आरती मथन द्वारा अग्नि स्थापन, पूजा पाठ हवन आरती, 20 को वेदी पूजन, मंडप पूजन, प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा, दोपहर रुद्राभिषेक हवन, कन्या पूजन, कन्या भोजन, ब्राह्मण भोजन के बाद भंडारा का आयोजन होगा। महायज्ञ आयोजन को लेकर जलगांव सहित आसपास गांवों में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। इस यज्ञ का आयोजन में डॉ गंगधरा मिश्रा एवं उनके परिवार का अहम योगदान है। कलश यात्रा में इंद्रजीत मिश्रा, इंद्र नारायण कुशवाह, महेश प्रसाद, उप मुखिया अवधेश प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि महेश प्रसाद, पंसस प्रतिनिधि गंगा साव, लखन कुशवाहा, नरेश प्रसाद, मनोहर शर्मा, कौलेश्वर महतो, सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## विनोबा भावे विवि LLM प्रवेश परीक्षा में खुलेआम धांधली, दबंगों ने मोबाइल खोल लिखी परीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** मंगलवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कला संकाय भवन में LLM पाठ्यक्रम सत्र 2025-2027 में नामाकन हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित किया गया था परीक्षा में सेंटर सुप्रिटेंडेंट और अन्य निरीक्षकों को मैनेज कर आपराधिक और गुंडा प्रवृति के छात्रों के एक समूह ने खुले आम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और चिट -पुर्जा खोलकर लिखा है , जिसका अन्य विद्यार्थियों ने परीक्षा समाप्त होने के पश्चात शिकायत करने प्रशासनिक भवन पहुंच लेकिन कुलपति समेत सभी प्रमुख प्रशासनिक पदाधिकारी गायब मिले गायब मिले, जिससे पूरा मामला पूर्व नियोजित प्रतीत होता है। परीक्षा के दिन एक भी प्रमुख प्रशासनिक पदाधिकारी का कैंपस में नहीं रहना संदेह पैदा करता है, जबकि विवि का विधि महाविद्यालय में नामाकन प्रक्रिया शुरू से हीं विवादित रहा है जिसका शिकार कितने प्रमुख प्रशासनिक पदाधिकारी हो चुके हैं, ऐसे परिस्थिति में बिना किसी प्रमुख प्रशासनिक पदाधिकारी के मौजूदगी में एग्जाम कंडक्ट करवाना संदेहास्पद प्रतीत होता है, जिसका अभाविप निंदा करता है। अभाविप ने मंगलवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन देते हुए तत्काल CCTV फुटेज को अपने निगरानी में लेते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग कर दोषियों पर कार्रवाई करने का मांग किया है, अभाविप राजभवन को भी email के माध्यम से सूचना देते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग।

### 9 दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा सह 1008 रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम गोंदलपुरा में नवनिर्मित शिव मंदिर के शुभारंभ को लेकर श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर कलश यात्र के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा शिव मंदिर के पास से शुरू होकर गाली, बलोदर, हाहे, पकरिया टोली का भ्रमण करते हुवे तीन मुहान जोगिय दह से जल उठा कर बाबूपारा होते हुवे शिव मंदिर प्रांगण पहुंचा। तत्पश्चात यज्ञ के लिए क्लास यात्रा कार्यक्रम किया गया। 18 फरवरी से 25 फरवरी तक कथा वाचन का कार्यक्रम होगा। 26 फरवरी को जागरण और झांकी के साथ यज्ञ का समापन होगा।

## रक्तदान शिविर को लेकर चला जागरूकता अभियान



युवाओं में दिखा उत्साह, शिविर में भाग लेने का लिया संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में भव्य रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर को सफल बनाने और अधिक से अधिक युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवाओं के बीच व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत मंगलवार को गांधी मैदान सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर युवाओं को रक्तदान के महत्व और इसकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। युवाओं को बताया गया कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हजारीबाग यूथ विंग के कार्यकारिणी सदस्य विवेक तिवारी और पंकज (फिजिकल डिफेंस एकेडमी के संचालक ने गांधी मैदान में सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं से मुलाकात की और उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान युवाओं ने रक्तदान करने का संकल्प लिया और इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़ कर भागीदारी की इच्छा जताई। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने इस अवसर पर कहा की रक्तदान करना एक महान कार्य है, जो न केवल किसी की जान बचा सकता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है। इस सराहनीय प्रयास मैं सभी युवाओं से अपील करता हूं कि 3 मार्च को आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और जरूरतमंदों की मदद करें। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा की रक्तदान केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। इस शिविर का उद्देश्य केवल रक्त संग्रह करना ही नहीं, बल्कि लोगों में रक्तदान के प्रति सकारात्मक मानसिकता विकसित करना भी है।

# मिशन हॉस्पिटल में आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' का आयोजन रहा ऐतिहासिक

- 2168 महिलाओं सहित कई पुरुषों का नि:शुल्क हुए जांच व उपचार, अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उत्तम स्वास्थ्य का दिया परामर्श



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** हजारीबाग मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आयोजित महिलाओं के विशेष निःशुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' दिन मंगलवार को ऐतिहासिक रूप में संपन्न हुआ। जननी स्वास्थ्य मेला में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त किया गया। स्वास्थ्य मेला के माध्यम से हेयर ट्रांसप्लांट एवं अन्य जांच में भारी छूट दिया गया। इसमें 2168 महिलाएं सहित कई पुरूषों ने स्वास्थ्य मेला लाभ उठा कर अपना जांच एवं उपचार कराया। मुफ्त उपचार करवा कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य मेला के दौरान एक नवजात शिशु ने भी नॉर्मल डिलीवरी के माध्यम से जन्म लिया। अस्पताल परिवार की ओर से मां एवं नवजात शिशु को बुके भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। स्वास्थ्य मेला में चिकित्सक डॉ जे के आर्य, डॉ. एएन सिंह, डॉ. पूजा बैरवा, डॉ. फोरम कटारा, डॉ. रणजीत, डॉ. रिंकू यादव, डॉ. मिताली सोरेन, डॉ. प्रिंस कुमार एवं डॉ. मधु झा सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि जननी स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य सार्थक हुआ। बडी संख्या में सुदूरवर्ती ग्रामीण एवं शहर की महिलाएं व कई पुरूषों ने अपना जांच एवं उपचार करवाया। संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल आगे भी समाजिक सरोकार से जुड़ कर इस प्रकार का निशुल्क शिविर आयोजित कर जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचायेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला में हमारे चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं ऑफिस कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान देकर शिविर को सफलतापूर्वक सम्पन्न कर काफी ऐतिहासिक बनाया। जिससे पूरे हमारे अस्पताल परिवार को काफी गर्व की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनूठी पहल और जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाने के लिए हमेशा संकल्पबद्ध रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से संत कोलम्बस छोटानागपुर आदिवासी ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित अमर सोरेन, कोषाध्यक्ष निपम खलखो, सीएनआई चर्च फादर दीपक अनिल जोजो, सीएनआई चर्च सदस्य एमानुएल खलखो, डेंटल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, स्टेटिक्स डॉ रंजीत कुमार, डॉ रिंकी यादव, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के प्रशासक पूजा उपाध्याय, पीआरओ प्रिया केशरी, कार्यलय एचआर मेघा सिंह, सहेली नस्कर, अंजू रानी, सचिन श्रीवास्तव, आशीष रॉय, पवन पासवान, मुस्कान मिश्रा, अनिंदिता मंडल, एकरामुल हक, अंकित कुमार, मुस्कान कुमारी, चंचला कुमारी, करण कुमार दास, नीलेश रक्षित, राम कुमत, सोनाली, पिंकू सीआर, राकेश कुमार, मंतोष तिवारी, सुनंदी, दीपक कुमार, सैफ, आशीष कुमार, रवि कुमार, प्रवीण कुमार, संदीप कुमार, राहूल कुमार, सुरज कुमार, राजेश कुमार, रितिक कुमार, दीपक कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## एक झलक

### कार्तिक घोष की आश्रिता को उपायुक्त ने सौंपी 15 लाख की अनुग्रह अनुदान राशि

**धनबाद** : विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 39-निरसा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के द्वितीय मतदान कर्मी कार्तिक घोष का निधन हो गया था। मृतक स्व :कार्तिक घोष की आश्रिता श्रीमती शंपा घोष को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा 15 लाख की अनुग्रह अनुदान राशि मंगलवार को सौंपा गया। उक्त राशि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, झारखंड द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। इस दौरान उन्होंने मृतक के आश्रिता को सांत्वना देते हुए कहा कि जिला प्रशासन आपके साथ हर वक्त खड़ा है। वहीं उनके बच्चों को उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा मौजूद रहें।

### धनसार के बजाज ऑटो शोरूम में लगी आग, घंटों मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

**धनबाद** : धनसार थाना क्षेत्र के धनसार थाना स्थित बजाज ऑटो शोरूम में मंगलवार की अहले सुबह अचानक से आग लग गई। बताया जा रहा है कि शोरूम में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। आग लगने से शोरूम के केबिन सहित आधा दर्जन ऑटो धू-धूकर जल गए, जिससे शोरूम के मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। सूचना पर शोरूम के मालिक और धनसर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर माइंस रेस्क्यू टीम और झारखंड फायर ब्रिगेड की तीन दमकल टीम पहुंच कर घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली।

### निरसा में भीषण सड़क हादसा, टूरिस्ट बस ने ट्रक में मारी टक्कर, कई यात्री घायल

**निरसा (धनबाद)** : मंगलवार की सुबह निरसा थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेतुलिया मोड़ के पास एनएच 19 पर खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रही एक टूरिस्ट बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में टूरिस्ट बस का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही निरसा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बस में सवार यात्रियों को बाहर निकला। पुलिस ने बस और ट्रक को अपने साथ थाना ले गई। मिली जानकारी के अनुसार, टूरिस्ट बस प्रयागराज कुंभ से लौटकर बंगाल की ओर जा रही थी। इस हादसे के बाद यात्रियों में दहशत फैल गई। इस बीच, यात्रियों को चोट लगने के बाद उन्हें निकटतम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है।

### अस्पताल में इलाजरत पूर्व पार्षद से मिले सांसद ढुल्लू महतो

**धनबाद** : सांसद ढुल्लू महतो ने सोमवार को धनबाद राज क्लीनिक हॉस्पिटल धनसार मोड़ में इलाजरत वार्ड 27 के वार्ड पार्षद एवं धनबाद भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह भाजपा नेता कुमार अंकेश राज उर्फ पप्पु साव से मुलाकात कर उनके स्वास्थ की जानकारी ली। साथ ही इलाज कर रहे चिकित्सक से मिलकर उनके स्वास्थ के बारे पूछताछ किए। मौके पर भाजपा नेता सुरेश साव, नितिन भट्ट, संजीव अगरवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव महतो, प्रेम महतो एवं कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर व बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता 19 फरवरी को

**धनबाद** : सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के द्वारा अखंड भारत के शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जी के जयंती पर आगामी 19 फरवरी बुधवार, कि सुबह 9:00 बजे से महिला मंडल करगली फूसरो (बोकारो) में रक्तदान शिविर तथा बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# हर घर, गांव, मोहल्ले में पहुंचायें बिजली : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : मंगलवार 18 फरवरी को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना अधिकारी ने बताया कि सरकार की ओर से संयंत्र क्षमता के हिसाब से एक किलोवाट पर अनुदान 30 हजार, दो किलोवाट संयंत्र क्षमता पर 60 हजार और तीन किलो वाट एवं उससे अधिक संयंत्र क्षमता पर अनुदान 78 हजार रुपये दिया जाएगा। इसके लिए उपभोक्ता



नेशनल पोर्टल http://pmsuryaghar.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं के द्वारा सोलर रूफटॉप के माध्यम से ऊर्जा दन को बढ़ावा देना है। इस हेतु जिले के उपभोक्ताओं, डिस्कॉम एवं अन्य हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा की पीएम सूर्यघर योजनान्तर्गत धनबाद जिला में किसी एक ग्राम को चिह्नित करते हुए मॉडल सौर ग्राम के रूप में विकसित किया जाना है। इस हेतु सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश उपायुक्त द्वारा दिये गये। उपायुक्त ने कहा कि इस योजना के प्रचार प्रसार हेतु शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अधिकारी जाए एवं सभी लोगों को योजना की जानकारी पहुंचाए एवं योजना से लोगों को अच्छादित करें। इसके अलावा उन्होंने सभी सरकारी भवनों में इस योजना के अंतर्गत सोलर लगाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री उज्वला योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस योजना के तहत घर, गांव, मोहल्ले-टोले में सर्वे कराकर विद्युतीकरण करने की योजना है। जिसे लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को छुटे हुए गांव, टोला, मोहल्ला का सर्वे कराकर घर-घर बिजली पहुंचाने हेतु निर्देशित किया। मौके पर इलेक्ट्रिकल सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर इलेक्ट्रिसिटी धनबाद, गोविंदपुर, निरसा एवं झरिया के अलावा मैनेजर आरईसी, एलडीएम, डीपीआरओ समेत अन्य मौजूद रहें।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : मंगलवार 18 फरवरी 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जायेगा। जनता दरबार में मुख्यतः रोजगार, पेंशन, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, सड़क निर्माण, आर्म लाइसेंस, अवैध कब्जा, बिजली बिल माफी, जाति आवासीय प्रमाण पत्र बनाने हेतु कैम्प लगाने, आयुष्मान कवर्ड से इलाज कराने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, अबुआ आवास समेत विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

# भारतीय संविधान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद)** : झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा भारतीय संविधान पर मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन में किया गया। भारतीय संविधान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन एक सामूहिक अध्यक्ष मंडली द्वारा दीप प्रज्वलित एवं भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर संकल्प लिया गया। प्रशिक्षण शिविर में बाघमारा तथा तोपचांची प्रखंड के युवा युवतियों सहित महिला पुरुषों ने भागीदारी सुनिश्चित की जिन्हें धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता जयदेव बनर्जी ने विभिन्न कानूनी संहिताओं को एवं पर्यावरण संरक्षण समिति के फील्ड मोटीवेटर उमेश ऋषि ने संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार एवं नागरिकों के कर्तव्य पर विस्तार से जानकारी दी। विदित हो कि झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा ग्लोबल ग्रीन ग्रांट के सहयोग से तोपचांची एवं बाघमारा प्रखण्ड के दस गांवों में पर्यावरण संरक्षण पर सघन कार्य कर रही है। इस अवसर पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, शिबू मुर्मू, नारायण शर्मा, शिवनाथ विश्वकर्मा, डाल गोविंद सिंह, सुदामा दास प्रफुल्ल मंडल, गंगाधर मंडल, मंजू कुमारी, महेश्वर मांझी, राधा कुमारी, पुन्नू जी, दर्शनी देवी, जरा मनी देवी, नॉलेज कुमार सिंह, सलीम अंसारी, गफूर मियां, पप्पू कुमार पासवान, शिवनाथ भारती के अलावे अन्य गण मन शामिल थे।

# समस्याओं का आपसी समन्वय स्थापित कर निराकरण करें सभी विभागीय पदाधिकारी : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : मंगलवार 18 फरवरी को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वक्षता विभाग, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं नगर आवास एवं आवास विभाग से संबंधित धनबाद जिला में हो रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जल जीवन मिशन (जेजेएम) अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा, एसबीएम अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, निबंधित खनन पट्टों की समीक्षा कर अनुमान्यता से कम मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क



भुगतान किये जाने की स्थिति में नियमानुसार वसूली हेतु कार्रवाई की समीक्षा, खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क को प्रभावित करने वाले समस्त तथ्यों के निमित्त निर्गत दिशा-निर्देश के अनुपालन की समीक्षा, राज्यांतर्गत राजस्व कार्यालयों के नियमित निरीक्षण की समीक्षा, जाली मुद्रांको की बिक्री रोकने के संबंध में की गई कार्रवाई की समीक्षा, सरकारी भूमि के स्थायी हस्तांतरण/लीज बंदोबस्ती हेतु अभिलेख गठन के समय विभागीय निदेशों के अनुपालन की समीक्षा, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित समीक्षा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना की समीक्षा, 100 एवं 500 एम०टी० क्षमता का कोल्ड स्टोरेज निर्माण से संबंधित भूमि संबंधित समस्या की समीक्षा, लैम्प्स/पैक्स को कार्यालय कार्य हेतु पंचायत भवन में एक कमरा उपलब्ध कराने से संबंधित समीक्षा, धनबाद वाटर सप्लाई फेज 2, धनबाद सीवरेज फेज 2 समेत कई अन्य मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने सभी विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सभी मामलों के कार्य मे आ रही समस्याओं का निबटारा करने हेतु निर्देशित किया। वहीं भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु अपर समाहर्ता विनोद कुमार को निर्देशित किया गया। पशुपालन हेतु शेड निर्माण हेतु उप विकास आयुक्त सादात अनवर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, एसडीएम राजेश कुमार, एलआरडीसी दिलीप महतो, डीएलएओ राम नारायण खलखो समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहें।

# डायल 112 पर धनबाद पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : लोगों को किसी भी प्रकार की मुसीबत होने पर जब भी कोई व्यक्ति डायल 112 पर फोन करता है या ऐप के माध्यम से अपनी समस्याओं को भेजता है तो धनबाद पुलिस की कंट्रोलिंग टीम के द्वारा तत्काल इस पर एक्शन लिया जाता है। विशेष परिस्थिति में मदद के लिए डायल 112 के इस्तेमाल को लेकर आज सीसीआर डीएसपी सुमित कुमार के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली निकली गई, जो रणधीर वर्मा चौक से होते हुए एसएसएलएनटी कॉलेज तक गई एवं छात्राओं के साथ और आम नागरिकों को डायल




112 के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारी ने बताया कि डायल 112 पर कॉल आने पर धनबाद पुलिस की टीम पूरी सूचना लेने के बाद तत्काल संबंधित थानों को या फिर संबंधित विभाग को इसकी जानकारी देती है। इसके बाद सूचना देने वाले व्यक्ति को तत्काल सहायता पहुंचाई जाती है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला और थाना स्तर पर भी इसके लिए एक टीम विशेष रूप से कार्यरत है, जो 24 घंटे सक्रिय रहती है। इसके अलावा मॉनिटरिंग टीम के द्वारा सूचना मिलने से लेकर सहायता पहुंचने तक की पूरी मॉनिटरिंग की जाती है।

### डोमगढ़ में यथास्थिति बहाल करने को लेकर डीसी से मिले सांसद

**सिन्दरी (धनबाद)** : सांसद ढुल्लू महतो के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपायुक्त धनबाद से मिल डोमगढ आवासीय क्षेत्र में यथास्थिति बनाए रखने का अनुरोध किया। सांसद ने उपयुक्त को बताया कि सेल को ओवी डंप के लिए वैकल्पिक जमीन है तब डोमगढ के आवासीय क्षेत्र को डंप के लिए सेल को देना उचित नही है। सांसद ने कहा कि एफसीआई प्रबंधन वेवजह सिन्दरी में विधि व्यवस्था बिगाड़ने पर आमदा है। पीपी कोर्ट का नोटिस जारी कर लोगों में भय का माहौल कायम किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा नगर अध्यक्ष ने बताया कि सांसद ने इस संबंध में केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री से मिलकर समाधान का प्रयास करने की जानकारी उपायुक्त धनबाद को दी। उपायुक्त धनबाद श्रीमती माधवी मिश्रा ने सांसद की बातें सुनने के बाद कहा कि जरुरत पडी तो एफसीआई और सेल के बीच बनी आर आर नीति में संशोधन का प्रयास करुंगी।

# नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची ने बीआईटी में आयोजित किया नशा जागरूकता कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची जोनल यूनिट ने मंगलवार को बीआईटी सिन्दरी में नशा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व अभिषेक आनंद, आई आर एस, जोनल निदेशक एनबीसी बिहार और झारखंड ने किया। डॉ. धनश्याम चेयरमैन करियर डेवलपमेंट सेंटर ने इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की और आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर निदेशक डॉ पंकज राय, डॉ. आर के वर्मा जनरल वार्डन, डॉ. डीके तांती, डीन आफ एकेडमिक राणा प्रताप वाई यादव,



सहायक निदेशक एनबीसी मौजूद थे। इस अवसर पर अभिषेक आनंद ने मादक पदार्थों का वर्गीकरण उनके गंभीर शारीरिक और मानसिक प्रभाव और नशे से जुड़े सामाजिक एवं कानूनी परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने नशे की लत के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान करने और समय पर हस्तक्षेप करने के महत्व को भी उजागर किया। कार्यक्रम में भारत के युवाओं के बीच तेजी से बढ़ते नशे के प्रचलन पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होने छात्रों को सतर्क रहने और अपने स्वास्थ्य कल्याण एवं भविष्य को प्राथमिकता देने के लिए जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया।

# अवार्ड से सम्मानित हुई डॉक्टर नेहा प्रियदर्शी, क्षेत्र के लोगों में हर्ष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद)** : समाजसेवी विजय कुमार झा एवं डॉक्टर शिवानी झा की पुत्री डॉ. नेहा प्रियदर्शनी को वर्ष 2025 का फॉगसी स्वर्गीय राय बहादुर डॉक्टर एसएन मल्होत्रा अप्रिशिएसन अवार्ड से नवाजा गया। इस सम्मेलन में देश के चिकित्सक के द्वारा अपने क्षेत्र में वर्ष भर विशिष्ट सेवा देने के लिए अवार्ड प्रदान की जाती है, यह अवार्ड खासकर ऐसे चिकित्सक को प्रदान की जाती है जो देश के सुदूर क्षेत्र में महिलाओं में खून की कमी, किशोरी बच्चियों में जागरूकता एवं महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूक अभियान चलाती है। साथ ही इसी वर्ष आईएसएआर (इंडियन सोसाइटी का एसीटेड रिप्रोडक्शन) द्वारा भी स्पेशल अप्रिशिएसन अवार्ड डा. नेहा प्रदर्शनी को प्रदान की गई। ज्ञात रहे कि यह प्रत्येक राज्य में एक चिकित्सक को दिया जाता है जिसमें झारखंड से डॉक्टर नेहा प्रियदर्शनी का चयन किया गया। विगत वर्ष 2024 में भी डॉक्टर नेहा प्रियदर्शनी को इंडियन कॉलेज का ऑब्सट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी की फेलोशिप से सम्मानित किया गया था। ज्ञात हो कि आइकोग सी की शैक्षणिक शाखा है इसके पूर्व 2011 में भी आइकोग का आयोजन हैदराबाद में हुआ था जिसमें डॉक्टर नेहा प्रियदर्शनी को सी आई झावेरी अवार्ड से सम्मानित किया गया था। डॉक्टर नेहा प्रियदर्शनी के इस सफलता से पिता विजय कुमार झा एवं माता डॉक्टर शिवानी झा प्रसन्न दिखे।

### गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप दास को दी गयी श्रद्धांजलि

**निरसा (धनबाद)** : निरसा स्थित गुरुदास भवन में गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के पूर्व अध्यक्ष सह पार्टी के वरिष्ठ नेता दिवंगत प्रदीप दास की श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। निरसा विधायक अरूप चटर्जी एवं फाउंडेशन के सभी सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल हुए। फाउंडेशन के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप दास का लंबे बीमारी के कारण 16 फरवरी को देहांत हो गया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से निरसा विधायक अरूप चटर्जी टूटन मुखर्जी, गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के संयोजक लखन सिंह, अध्यक्ष बपिन घोष उपाध्यक्ष छोटन गौराई सब सचिव गुलाम रवानी मीडिया

# आरोही नाट्य मंच की ओर से आरोही रंग महोत्सव का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

धनबाद : सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के तत्वाधान में आरोही नाट्य मंच द्वारा नाट्य प्रस्तुति सह सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आरोही रंग महोत्सव 2025 का आयोजन सफल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उमेश लोहरा, जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, धनबाद, जिला जन-संपर्क विभाग, धनबाद से एस.एम.पी.ओ. विनीता कुमारी व एपी.आर.ओ. आलोक मिश्रा, संस्था के निर्देशक संजय भारद्वाज व सचिव सह टीम लीडर उर्मिला प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का



शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति उस्ताद प्रभात कुमार महतो, नटराज कला केंद्र, चौगा, सरायकेला के द्वारा मानभूम छऊ नृत्य की प्रस्तुति की गई। लगभग 20 मिनट तक छऊ नृत्य ने दर्शकों को बांधे रखा।15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में भाग लिए हुए बच्चों द्वारा नाटक अंधेर नगरी की प्रस्तुति की गई। साथ ही संस्था के रंग कर्मियों द्वारा नाटक सिद्धू, कान्हु के जीवन पर आधारित नाटक विद्रोह की प्रतिध्वनि का मंचन किया गया । यह नाटक पूरे एक घंटे तक दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम में गणेश वंदना एवं मणिपुरी नृत्य, पापरी राय चौधरी के द्वारा तो झारखंड लोक नृत्य की भी प्रस्तुति ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन हमेशा हो, जिससे कि बच्चों में छिपी प्रतिभा बाहर आती है। यह कार्यक्रम पी.के. रॉय मेमोरियल कॉलेज, धनबाद के सभागार में सम्पन्न हुआ। मौके पर उर्मिला प्रसाद, संजय भारद्वाज, अक्षत भारद्वाज, नरेश, नितेश रवि, बंटी, दिलीप, काजल, ज्योति, गंगा, ज्ञानेन्द्र, जानकी, कंचन उपस्थित रहे।

# एफसीआई सिन्दरी के मुख्य द्वार पर संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने किया महाधरना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : सिन्दरी शहर को टुकड़े मे बांट कर उजाड़ने के खिलाफ एफसीआई के मुख्य द्वार पर मंगलवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा सिंदरी द्वारा महा धरना दिया गया। महाधरना के मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक चंद्र देव महतो पूर्व विधायक कामरेड आनंद महतो, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, श्रमिक नेता एके झा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सपन बनर्जी सीपीआई(एम) राज्य कमेटी सदस्य सुंदरलाल महतो, सीपीआईएमएल के जिला सह सचिव कार्तिक प्रसाद, सीपीएम के वरिष्ठ नेता कालीसेन गुप्ता, संतोष महतो, राष्ट्रीय जनता दल के नेता सुरेश राउत ने मुख्य रूप से अपना वक्तव्य रखा। महाधरना की अध्यक्षता पूर्व विधायक आनंद महतो ने की एवं संचालन सुरेश प्रसाद एवं गौतम प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। धरना को संबोधित करते हुए सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा



किसी भी हाल में सिंदरी को उजाड़ने नहीं दिया जायेगा। लड़ाई सड़क से विधानसभा एवं संसद तक होगी। धरना में मुख्य रूप से अजय कुमार, अशोक महतो, विकास कुमार ठाकुर, संजय राय, दिलीप मिश्रा, राजीव मुखर्जी, रानू मंडल, राजाराम मुखिया, ध्रुव दास, सहदेव सिंह, जोगिंदर महतो, रानी मिश्रा, रंजू प्रसाद, मिठू दास, गंगा देवी, सपना देवी, किरण देवी, मंगल महतो, सूर्य कुमार सिंह, मदन प्रसाद, जितेंद्र शर्मा, अमर सिंह, रंजीत कुमार सिंह, परशुराम सिंह, कृष्ण प्रसाद महतो, पूर्णेन्दु सिंह, दशरथ ठाकुर, राहुल राज, मनोज घोष, सागर मंडल ने अपना वक्तव्य रखा। महाधरना के अंत में सिन्दरी विधायक की उपस्थिति में पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने अपना आठ सूत्री मांग पत्र एफसीआई के संपदा पदाधिकारी देवदास अधिकारी को सौपा एवं मांग किया की जल्द से जल्द उच्च अधिकारी के साथ वार्ता का समय निश्चित किया जाये। महाधरना को सफल बनाने में नयन कुमार दत्ता, राज नारायण तिवारी, संजीत कुमार यादव, सुबोल चंद्र कुमार दास, प्रमोद कुमार सिंह, शिबू राय, राजेश पासवान, बुधन राम, सविता देवी, बबली, पिंटू सक्रिय रहे।

## सम्पादकीय.....

# ध्यातव्य है ईटीएस की रिपोर्ट

**एजुकेशन** टेस्टिंग सर्विसेज (ईटीएस) की भारतीय शिक्षा प्रणाली पर आयी रिपोर्ट भारतीयों की उच्च अपेक्षाओं और शिक्षा की वास्तविक कठिनाइयों के बीच के विरोधाभास को उजागर करती है। रिपोर्ट के अनुसार, शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की कमी बड़ी चुनौती है, जिसमें सुधार के भारी अवसर भी मौजूद हैं। ईटीएस की ताजा ह्यूमन प्रोग्रेस रिपोर्ट में जो बात सबसे पहले ध्यान खींचती है, वह है उससे निकले निष्कर्षों का विरोधाभास। रिपोर्ट के अनुसार जहां भारतीय अपनी शिक्षा व्यवस्था से सबसे अधिक उम्मीदें पाले हुए हैं, वहीं इस व्यवस्था की खामियों की ओर उंगली उठाने में भी वे पीछे नहीं दिखते। ये दोनों बातें इस लिहाज से महत्त्वपूर्ण हैं कि यदि इन पर ध्यान देते हुए कायदे से प्रयास किये गये, तो बेहतर भविष्य की राह निकालना बहुत मुश्किल नहीं होगा। सर्वे के अनुसार जहां अन्य देशों में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था से लोग निराश हैं, वहीं भारत में स्थिति ठीक इसके उलट है। अन्य देशों में औसतन 30 फीसदी लोगों ने ही वर्तमान शिक्षा व्यवस्था से उम्मीद जतायी, लेकिन भारत में ऐसे लोग 70 फीसदी हैं। भविष्य में स्थिति सुधरने की गुंजाइश का जहां तक सवाल है, तो वैश्विक औसत 64 फीसदी है, लेकिन भारतीय यहां भी आगे 76 फीसदी हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि क्या ये उम्मीदें हवा-हवाई हैं? क्या सर्वे में शामिल होनेवाले लोगों को भारत में शिक्षा की स्थिति की बिलकुल जानकारी नहीं है? यहां सर्वे की रिपोर्ट फिर हैरान करती है, क्योंकि इसमें शामिल होनेवाले जमीनी हकीकत से अच्छी तरह परिचित हैं। तभी तो 84 फीसदी लोग मानते हैं कि यहां क्वॉलिटी एजुकेशन तक पहुंच बहुत मुश्किल है। यही नहीं, 78 फीसदी लोग स्वीकार करते हैं कि शिक्षा के अवसर कुछ विशेषाधिकार प्राप्त तबकों तक सीमित होते जा रहे हैं और 74 फीसदी कहते हैं कि शिक्षकों की कमी भारत में शैक्षिक प्रगति की राह में बहुत बड़ी बाधा है। सर्वे देश में शिक्षा के बदलते लैंडस्केप को समझने में मदद करता है। बावजूद इसके, इन सर्वे की सीमाओं को भी ध्यान में रखते हुए चलना होगा। निश्चित रूप से जब सर्वे रिपोर्ट बताती है कि अन्य देशों के मुकाबले भारतीयों की नजर में हाई क्वॉलिटी एजुकेशनल प्रोग्राम और इंस्टिट्यूशंस की कमी अधिक बड़ी बाधा है, तो यह आज के दौर की सचाई ही सामने लाती है। लेकिन, एक राष्ट्र के तौर पर हमारे समक्ष कुछ हाई क्वॉलिटी इंस्टिट्यूशंस खड़ा करने से बड़ी चुनौती है देशभर में फैले सामान्य शैक्षिक ढांचे के जरिये मिल रही शिक्षा का स्तर ऊंचा करना। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में अलग-अलग राज्यों में शिक्षा के क्षेत्र में क्वॉलिटी लाने के प्रयास कई स्तरों पर चलाये जा रहे हैं। लेकिन, जॉब्स मार्केट की लगातार बदलती जरूरत और शैक्षिक ढांचे में करायी जा रहीं तैयारियों के बीच का अन्तर बताता है कि अभी इस मोर्चे पर बहुत कुछ किये जाने की आवश्यकता है।

## किसने क्या कहा



मेरी असहमति के बावजूद आधी रात को सीईसी का चयन करना अपमानजनक

राहुल गांधी
लोकसभा में नेता विपक्ष

महाकुम्भ : सनातन धर्म भारत की सबसे बड़ी शक्ति है



प्रह्लाद जोशी
केन्द्रीय मंत्री

# डॉक्टर बनने के लिए क्यों देश छोड़ रहे भारतीय छात्र?

विशेष — डॉ. सत्यवान सौरभ

**घरेलू** मेडिकल संस्थानों में उपलब्ध कुछ सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा और इस तथ्य के कारण कि कुछ देश बहुत कम ट्यूशन फीस देते हैं, भारतीय छात्र अक्सर विदेश में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना चुनते हैं। इससे उन्हें अधिक किफायती लागत पर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिलती है। अन्य आकर्षक कारकों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा पद्धतियों से परिचित होना, निजी कॉलेजों में उच्च ट्यूशन फीस, अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा पद्धतियों से परिचित होना और कुछ देशों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा शामिल हैं। इसलिए, इन छात्रों का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना और भारत वापस आना है। (भले ही कुछ लोग विदेश में बसना चाहते हों, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत में चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों से बहुत अलग नहीं हो सकती है)।

**भारत** छोड़ने वाले मेडिकल छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है, हर साल 30, 000 से अधिक छात्र विदेश जाते हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आंकड़ों के अनुसार, केवल 16 प्रतिशत विदेशी मेडिकल स्नातक फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन स्क्रीनिंग परीक्षा पास करते हैं। नीट प्रतियोगिता, उच्च ट्यूशन और घरेलू सीटों की कमी के कारण, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली त्रस्त है, जिसके कारण विदेशी शिक्षा पर निर्भरता बढ़ रही है। कम ट्यूशन लागत, सुव्यवस्थित प्रवेश प्रक्रिया और मान्यता प्राप्त डिग्री के साथ, कई देश यात्रा के लिए पसंदीदा गंतव्य हैं। इन कारकों के कारण, छात्रों की बढ़ती संख्या भारत के बाहर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करके अंतर को पाट रही है, जिससे यह गारंटी मिलती है कि वे अभी भी डॉक्टर बनने की अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। आसान आवेदन और प्रवेश प्रक्रिया के कारण भारतीय छात्र अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल कोर्स को प्राथमिकता देते हैं। छात्र अंग्रेजी या कोई विदेशी भाषा पढ़ सकते हैं। हर साल ट्यूशन पर लगभग 200, 000 से 300, 000 रुपये खर्च होते हैं। कोई कैपिटेशन शुल्क की आवश्यकता नहीं है। कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय चिकित्सा परिषद से मान्यता मिली है। छात्रों को एक बहुसांस्कृतिक सेटिंग से अवगत कराया जाता है जो उनके जीवन के अनुभवों और ज्ञान को व्यापक बनाता है। अच्छी शैक्षिक गुणवत्ता के साथ इनकी डिग्री अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार मान्यता प्राप्त है। घरेलू सीटों के लिए तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण भारतीय मेडिकल छात्र तेजी से देश छोड़ रहे हैं। भारत में छात्र भयंकर प्रतिस्पर्धा के कारण विदेशों में विकल्प तलाशते हैं, अक्सर उन देशों में जहाँ चिकित्सा नियम ढीले होते हैं। चूँकि भारत में हर 22 आवेदकों के लिए केवल एक मेडिकल सीट है, इसलिए 20, 000 से अधिक छात्र हर साल चीन, रूस और यूक्रेन जैसे देशों में विदेश में अध्ययन करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन कई अंतरराष्ट्रीय मेडिकल स्कूलों में पाठ्यक्रम की असमान गुणवत्ता से छात्रों की रोजगार क्षमता और योग्यता प्रभावित होती है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तक विदेशी स्नातकों की पहुँच में देरी होती है क्योंकि उन्हें फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन पास करना होता है और इंटर्नशिप पूरी करनी होती है। बीते साल फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन लेने वाले 32, 000 भारतीय छात्रों में से केवल 4, 000 ही योग्य थे। इन छात्रों और परिवारों के लिए, उच्च ट्यूशन लागत, अस्थिर अर्थव्यवस्थाएँ और कुछ देशों में सुरक्षा सम्बंधी खतरे बोझ हैं। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के कारण 24, 000 से अधिक भारतीय मेडिकल छात्रों को विस्थापित होना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय नुकसान और अनिश्चित शैक्षणिक भविष्य हुआ। भारत में डॉक्टरों की कमी बदतर होती जा रही है क्योंकि अधिक विदेशी प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर वहाँ बेहतर अवसरों के कारण विदेशों में अभ्यास करना पसंद करते हैं।



चिकित्सा शिक्षा की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पहला परिवर्तन चिकित्सा सीटों की संख्या का विस्तार करना है। 2025 में 10, 000 और मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी, भारत में 75, 000 अतिरिक्त सीटों का पांच साल का लक्ष्य है। वंचित क्षेत्रों में शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने के लिए किफायती मेडिकल कॉलेज स्थापित करने होंगे। नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने और टियर-2 और टियर-3 शहरों में एम्स के विस्तार से चिकित्सा शिक्षा तक पहुँच बढ़ी है।

उच्च गुणवत्ता वाले निर्देश और उचित लागत को बनाए रखते हुए निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। कैरिबियन और मणिपाल कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (नेपाल) जैसे संस्थान प्रदर्शित करते हैं कि भारतीय संस्थान पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप मॉडल के तहत घरेलू स्तर पर विकसित हो सकते हैं। अधिक खुली प्रवेश प्रक्रियाओं और कई प्रवेश मार्गों को लागू करके नीट पर निर्भरता कम करना जरूरी है। चयन मानदंडों को व्यापक बनाने के प्रयास में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा ब्रिज कोर्स और वैकल्पिक प्रवेश प्रणाली का सुझाव दिया गया है। भारतीय छात्रों की सेवा के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय परिसरों को बढ़ावा देना होगा। आईआईटी और मणिपाल समूह के अंतरराष्ट्रीय विस्तार से एक ऐसा मॉडल सुझाया गया है, जिसमें भारतीय मेडिकल स्कूल भारतीय नियमों के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करते हैं। चिकित्सा शिक्षा और इंटर्नशिप को मजबूत करने के लिए, हमें ऐसे सुधारों को लागू करना चाहिए जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा के प्रावधान की गारंटी देते हैं। भारतीय चिकित्सा शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य इंटर्नशिप की आवश्यकता है। रोगी देखभाल और व्यावहारिक कौशल पर जोर देने के लिए, 2019 में योग्यता-आधारित चिकित्सा शिक्षा (सीबीएमई) पाठ्यक्रम लागू किया गया था।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए ईमानदार प्रयास जरूरी

गौरतलब — डॉ. दीपक आचार्य

धरती पर इंसान यदि जिन्दा रहा चाहता है, तो उसे पर्यावरण के प्रति चिन्तन करते हुए अपने फर्ज निभाने ही होंगे ; अन्यथा जब कभी प्रकृति कुपित होकर रौद्र रूप दिखाने अपनी औकात पर आ जायेगी, तो उससे होनेवाले विनाश को कोई रोक नहीं पायेगा। समय आ गया है कि पर्यावरण संरक्षण एवं वन संवर्धन के चिन्तन को हमारी प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखें और इस क्षेत्र में पूरी शक्ति एवं सामर्थ्य से जुटते हुए परिवर्तन लायें।

**वर्तमान** में व्याप्त सभी प्रकार की समस्याओं, संत्रासों, पीड़ाओं और अभावों का मूल कारण प्रकृति के प्रति हमारी खुदगर्जी भरी विकारी मनोवृत्ति है। इस बात को प्रत्यक्ष तौर पर कोई भले स्वीकार न करें, लेकिन सत्य यही है। पंचतत्वों से निर्मित जीवों का सर्वोपरि धर्म प्रकृति की रक्षा के लिए समर्पण है। लेकिन हम विकास की दौड़ और समृद्धि पाने की आतुरता में प्रकृति के शोषण को इतना अधिक अपना चुके हैं कि कुछ कहा नहीं जा सकता। मनुष्य की प्रतिस्पर्धी तमोगुणी दुष्प्रवृत्ति के कारण पैदा हो रहे परिवेशीय संकटों से मुक्ति पाने के लिए सतोगुणी वृत्ति को विकसित किया जाना आज की प्राथमिक आवश्यकता है। तभी वन एवं वन्य जीवों को संरक्षित कर सुरक्षित जीवन प्रदान किया सकता है, जिससे हम पर्यावरण को शुद्ध बना सकते हैं।

मानव की रजो एवं तमो गुणी मानसिकता तथा आर्थिक वृत्ति के कारण वह वन्य एवं वनों को नष्ट करने में परहेज नहीं करता, इसलिए हमें अपने आपको सत्त्व गुणी बनाने की जरूरत है, ताकि हम पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ईमानदारी से कार्य कर सकें। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी चुनौती के रूप में हमारे सामने विद्यमान है। हम सभी इंसानों को वैयक्तिक सोच के साथ प्रकृति और परिवेशीय तमाम कारकों के प्रति संवेदनशील कर्त्तव्य भावना का ख्याल रखते हुए सामूहिक सोच के साथ इस दिशा में आगे आना होगा।

पर्यावरण के दूषित होने से मनुष्य का जीवन खतरे में पड़ता जा रहा है। इस बारे में अभी गंभीरता से नहीं सोचा गया तो आने वाला समय अत्यन्त और अपरिहार्य भयावह परिस्थितियों से साक्षात कराने वाला हो सकता है। इसके संकेत कुछ वर्ष से दिखाई देने लगे हैं। प्राचीन समय में पेयजल एवं वन संरक्षण के लिए प्रकृति को ही परमेश्वर मानकर पूजा की जाती थी तथा उनके रखरखाव के लिए लोग स्वयंस्फूर्त भावना से आगे आकर सहभागिता निभाते हुए प्रसन्नता एवं आत्मतोष का अनुभव करते थे। इसी का परिणाम है कि आज तक हम शुद्ध पर्यावरण का सुकून लेते आ रहे हैं। लेकिन यह स्थिति लम्बे समय तक चलने वाली नहीं रहने वाली। प्रकृति पूजा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी आस्थावादी पुरातन सोच को फिर से जागृत कर सुनहरा आकार देने की आवश्यकता है। तभी हम इस विषय पर सार्थक परिणाम अर्जित कर सकेंगे। आज स्वार्थ के वशीभूत होकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन निर्मम एवं असीम शोषण के स्तर तक पहुंच चुका है।

## आज का इतिहास

- 1389 में दिल्ली के सुल्तान गयासुद्दीन तुगलक द्वितीय की हत्या हुई।
- एंजाऊ के ड्यूक ने 1570 में दक्षिणी नीदरलैंड पर हमला किया, जिसमें फ्रांसीसी सेना ने उनकी मदत की।
- वेनिस शांति संधि के तहत 1618 में आस्ट्रेलिया और वेनिस का युद्ध समाप्त हुआ।
- ब्रिटिश फौजें 1674 में डच युद्ध से हट गयीं।
- 1719 को मुगल शासक फर्रुख सियर की हत्या।
- तुर्की के साथ युद्ध में 1807 में रूस को मदद देने ब्रिटिश सैनिक पहुंचे।
- थॉमस एडीसन ने 1878 में फोनोग्राफ का पेटेंट कराया।
- अमृत बाजार पत्रिका का 1891 में दैनिक प्रकाशन शुरू हुआ।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1942 में उत्तरी ऑस्ट्रेलियाई शहर डार्विन पर जापानी लड़ाकू विमानों के हमले में लगभग 200 के करीब लोग मारे गये।
- साइप्रस की स्वतंत्रता के बारे में ब्रिटेन, तुर्की और यूनान के बीच 1959 में एक समझौता हुआ।
- सोवियत संघ 1963 में क्यूबा से अपने काफी सैनिक हटाने के बारे में सहमत हुआ।
- बांग्ला और हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध गायक, संगीतकार और अभिनेता पंकज मलिक का निधन 1978 में हुआ।
- भारत में 1986 में पहली बार कम्प्यूटरीकृत रेलवे आरक्षण टिकट की शुरुआत हुई।
- सन 1993 में हैती के पास समुद्र में एक जहाज डूबने से लगभग 1500 यात्रियों जान गयी।
- चीन में आर्थिक सुधारों की शुरूआत के लिए पहचाने जानेवाले डेंग शियाओ पिंग की 1997 में मृत्यु हो गयी।
- डेनमार्क के वैज्ञानिक डॉक्टर लेन वेस्टरगार्ड ने 1999 में वाशिंगटन में प्रकाश की गति धीमी करने में सफलता पायी।
- तुवालू 2000 में संयुक्त राष्ट्र का 189वां सदस्य बना।




## ईश्वर हमेशा भक्तों की सहायता करता है

**ईश्वर** को हम भले ही न देख पाएं लेकिन ईश्वर हर क्षण हमें देख रहा होता है। उसकी दृष्टि हमेशा अपने भक्तों एवं सद्व्यक्तियों पर रहती है। अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि जीवन में कभी न कभी कठिन समय में ईश्वर स्वयं आकर आपकी सहायता कर चुके हैं। उस कठिन समय में आपके अंदर भक्ति की भावना उमड़ रही होगी और आप ईश्वर को याद कर रहे होंगे। शास्त्रों कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं। गजराज की कहानी आपने जरूर सुनी या पढ़ी होगी। नदी में गजराज को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। इस कठिन समय में गजराज ने भगवान को पुकारा और भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान ने अपने चक्र से मगरमच्छ का सिर काट दिया और गजराज के प्राण की रक्षा की। सूरदास जी के जीवन की भी एक ऐसी ही कथा है। सूरदास जी देख नहीं सकते थे। एक बार गलती से एक गड्ढ़े में गिर गये। गड्ढ़े से निकलने का काफी प्रयास करने पर भी वह बाहर निकलने में असफल रहे। इस स्थिति में सूरदास जी ने गोपाल को पुकारा। भगवान श्री कृष्ण बालक रूप में पहुंच गये और सूरदास जी को गड्ढ़े से बाहर निकाला।

## सुविचार

बुद्धिमान व्यक्ति दूसरों की गलती से सीखता है
**पी सायरस**

स्वतः कुछ नहीं होता, सब कुछ करना पड़ता है
**जे. एफ. कैनेडी**

# छत्रपति शिवाजी महाराज : क्यों कहे जाते हैं सच्चे हिन्दू राजा

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

**तथाकथित** धर्मनिरपेक्ष इतिहासकारों ने अक्सर हिंदू नायकों को हीन और इस्लामी आक्रमणकारियों को महान व्यक्तित्व के रूप में चित्रित करने का प्रयास किया है। यह भी कि 1947 से 1975 तक अधिकांश मानव संसाधन विकास मंत्री मुस्लिम थे, जिन्होंने भारतीय पाठ्य-पुस्तक इतिहास की देखरेख की। ये इतिहासकार शिवराय को एक धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति के रूप में चित्रित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्होंने हिंदू कारणों के बजाय सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ी। ये नकली इतिहासकार उनकी सेना में बड़ी संख्या में मुसलमानों के बारे में झूठी मिथक बनाने के लिए भी जिम्मेदार हैं। आइए तथ्यों पर नजर डालें, जो स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि उन्होंने सनातन धर्म की महिमा को बहाल करने और हिंदू कारणों के लिए हिंदुओं को एकजुट करने के लिए संघर्ष किया। एक हिंदू होने के नाते, उन्होंने हिंदुओं और उनकी महान विरासत के खिलाफ अन्याय का विरोध और लड़ाई करते हुए कभी भी किसी धर्म का तिरस्कार नहीं किया।

### छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में स्वामी विवेकानंद के विचार

'**पिछली** तीन शताब्दियों में भारत ने जो सबसे महान राजा पैदा किया, वह शिव का ही अवतार था, जिसके बारे में उसके जन्म से बहुत पहले ही भविष्यवाणियाँ की जा चुकी थीं। महाराष्ट्र के सभी महान आत्माएँ और संत उत्सुकता से उनके आगमन की प्रतीक्षा कर रहे थे, क्योंकि वह हिंदुओं को म्लेच्छों से बचाएगा और धर्म की स्थापना करेगा, जिसे मुगलों की विनाशकारी भीड़ ने नष्ट कर दिया था'। क्या शिवराय से बड़ा कोई नायक, संत, भक्त या राजा है? शिवराय मानव जाति के जन्मजात राजा का प्रतीक थे, जैसा कि हमारे प्राचीन महाकाव्यों में दर्शाया गया है। उन्होंने भारत के सच्चे पुत्र का उदाहरण दिया, जो राष्ट्र की चेतना का प्रतीक थे। यह वह थे जिसने दिखाया कि भारत का वर्तमान या भविष्य में क्या होगा, एक ही छत्र के नीचे अलग-अलग इकाइयों का संग्रह, यानी एक सर्वोच्च शाही आधिपत्य।

### शिवाजी महाराज सच्चे हिन्दू योद्धा थे, झूठे धर्मनिरपेक्षतावादी नहीं

**असाधारण** प्रतिभा और स्पष्ट दृष्टि रखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। उनके पास एक प्रेरक और आकर्षक व्यक्तित्व भी था जिसने उनके समर्पित सैनिकों और किसानों से सम्मान, वफादारी और महानतम बलिदान प्राप्त किया। अपने हिंदवी स्वराज्य को बनाने के लिए अपनी माँ और महाराष्ट्र के संतों द्वारा उनमें डाले गए सर्वोच्च आदर्शों से प्रेरित एक साहसी मिशन, उन्हें हिंदुओं की सोई हुई अंतरात्मा को जगाना था और यह प्रदर्शित करना था कि मुगल सत्ता को सफलतापूर्वक चुनौती देना, विदेशी प्रभुत्व को खत्म करना और मुस्लिम शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करना संभव था।

### हिन्दू मंदिरों का पुनर्विकास और हिन्दू एकता की मजबूती

**हिन्दुओं** के स्वाभिमान और संस्कृति को छत्रपति शिवाजी महाराज ने बनाए रखा था। जब विदेशी आक्रमणकारी हमारी भूमि पर आए, तो उन्होंने मठों और मंदिरों को ध्वस्त करके हिंदू समुदाय को नष्ट करने का प्रयास किया। इस तरह के विनाश के उदाहरणों में बाबर द्वारा अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर को ध्वस्त करके मस्जिद बनाना और औरंगजेब द्वारा काशी विश्वनाथ और मथुरा मंदिरों को ध्वस्त करना शामिल है।

## राशिफल

**मेष** — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**तुला** — वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा।

**वृष** — अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृश्चिक** — अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**मिथुन** — रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु** — बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कर्क** — उच्च मनोबल रख कर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मकर** — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह** — सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**कुंभ** — बुद्धितत्त्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**कन्या** — घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। सक्रिय रहें।

**मीन** — जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाये, तो अच्छा है।

# केजरीवाल की हठधर्मिता ने डुबोई आप की नैया

गौरतलब — तनवीर जाफरी

2024 में आप द्वारा 10 सीटें तब मांगीं जा रही थीं, जबकि 2019 में आम आदमी पार्टी का वोट शेयर नोटा से भी काफी कम था। इसी हरियाणा चुनाव परिणाम के बाद ही दिल्ली में भी इसी तरह के चुनाव परिणाम की उम्मीद की जाने लगी थी। जाहिर है, ऐसे विध्वंसक फैसले लेने के लिए स्वयं अरविन्द केजरीवाल ही जिम्मेदार थे। वैसे भी 2012 में आप अपने गठन के साथ ही उस समय विवादों में आ गयी थी, जबकि अन्ना हजारे ने केजरीवाल द्वारा आम आदमी पार्टी के रूप में नया राजनैतिक दल बनाने की कोशिश का विरोध किया था।

**दिल्ली** की 70 सदस्यों की विधान सभा हेतु हुए 2015 के चुनाव में 70 में से 67 सीटें तथा 2019 में दिल्ली की सातवीं विधानसभा चुनाव में 62 सीटें जीतकर ऐतिहासिक बहुमत प्राप्त करने वाली आम आदमी पार्टी पिछले दिनों दिल्ली चुनाव की जंग हार गयी। भारतीय जनता पार्टी को जहां पूर्ण बहुमत के साथ जहां 48 सीटें हासिल हुई वहीं आप को केवल 22 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। आप के लिये सबसे बड़ा झटका यह भी रहा कि सत्ता गंवाने के साथ ही उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल सहित पार्टी के और भी कई दिग्गज नेता चुनाव हार गये। कुछ राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पराजय से पार्टी के अंत की शुरूआत हो चुकी है। यदि ऐसा है तो वास्तव में इसका जिम्मेदार कौन है ? क्या वजह थी कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में 43.57 प्रतिशत मत प्राप्त होने के बावजूद आप को केवल 22 विधानसभा सीटों पर ही जीत हासिल हुई जबकि भाजपा ने मात्र दो प्रतिशत अधिक यानी 45.56 प्रतिशत मत प्राप्त कर 48 सीटों पर जीत दर्ज की। नतीजों से साफ है कि भाजपा ने त्रिकोणीय संघर्ष का लाभ उठाकर ही आम आदमी पार्टी से 26 सीटें अधिक हासिल कीं और दिल्ली की सत्ता आप के हाथों से झटक ली। हालांकि हार के बावजूद आम आदमी पार्टी के इस तर्क को भी नकारा नहीं जा सकता कि बावजूद इसके कि बीजेपी के साथ प्रोपेगंडा,सरकार की सारी मशीनरी ,मीडिया,धनबल व बाहुबल सब कुछ थे,फिर भी उसे आप से मात्र दो प्रतिशत ही ज्यादा वोट मिले हैं।

सवाल यह है कि 2011 में यू पी ए सरकार के विरुद्ध भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद 26 नवंबर 2012 को देश के अनेक बुद्धिजीवियों द्वारा अरविन्द केजरीवाल के राष्ट्रीय संयोजकत्व में स्थापित की गयी आम आदमी पार्टी जोकि न केवल दिल्ली में सत्ता में थी बल्कि वर्तमान समय में देश के समृद्ध राज्य पंजाब में भी सत्तारूढ़ है।

वही नया नवेला राजनैतिक दल आखिर किन वजहों से और किन परिस्थितियों में इस अंजाम तक जा पहुंचा कि आज आप के अंत पर चर्चा छिड़ गयी है ? सच पूछिये तो दिल्ली में भाजपा की संभावित फतेह की सुगबुगाहट तो दरअसल उसी समय शुरू हो गयी थी जबकि आप ने विगत अक्टूबर 2024 को हरियाणा में हुये विधानसभा चुनाव में इण्डिया गठबंधन घटक का सदस्य होने के बावजूद राज्य की 89 सीटों पर चुनाव लड़ा और कांग्रेस को हरियाणा की सत्ता में वापसी से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौरतलब है कि कांग्रेस हरियाणा में 90 में 7 सीटें आप के लिये छोड़ने को तैयार थी परन्तु केजरीवाल की जिद थी कि कांग्रेस उसे 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ा करने दे। इस बात पर दोनों दलों में समझौता नहीं हो सका। और आप ने 89 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये। नतीजतन अअढ को राज्य भर में केवल 1.53% वोट प्राप्त हुए। जिन्होंने कांग्रेस को हराने व भाजपा को जिताने में अहम भूमिका निभाई।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### राशन डीलर की मनमानी से ग्रामीण परेशान

**गुमला :** घाघरा प्रखंड शिवराजपुर पंचायत के दरदाग के जन वितरण प्रणाली दुकानदार संतोष लोहरा के खिलाफ कार्डधारियों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन लेकर प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी बीडीओ दिनेश कुमार के कक्ष पहुंचे। शिकायत में कार्डधारियों ने कहा है कि पीडीएस दुकानदार संतोष लोहरा के द्वारा जनवरी माह का फिंगर प्रिंट कराकर राशन का वितरण नही किया। लाभुकों द्वारा आहूत ग्राम सभा में 07 फरवरी को राशन वितरित करने का आश्वासन दिया गया लेकिन उसके उपरांत भी राशन नही दिया गया। कार्डधारियों ने आवेदन में कहा है कि इस प्रकार की गलती उक्त पीडीएस दुकानदार के द्वारा पूर्व में भी किया गया है। जिससे वे डीलर संतोष लोहरा को बदलने की मांग की है। आवेदन में मुखिया विनोद उरांव, ग्राम प्रधान बुतरू पहान, वार्ड सदस्य गोमनति देवी, जीरा देवी, शिवराती देवी सहित अन्य लाभुकों ने हस्ताक्षर कर कारवाई की मांग की है।

### माइनर कलवारी उरांव का शव बरामद

**गुमला :** घाघरा थाना के पोड़ीसरना स्थित तालाब से सेवानृवित माईनर कलवारी उरांव 55 वर्ष का शव घाघरा पुलिस ने बरामद किया। मृतक बिशुनपुर थाना के पेरवापाट का रहने वाला है। मृतक की पुत्री शिवानी कुमारी ने बताया कि उसके पिता कलवारी उरांव शनिवार को अपने रिश्तेदार के घर रंजीत उरांव के साथ गए थे। रविवार को साप्ताहिक हाट आदर में रिश्ते में बड़ी बहन से मुलाकात करने के समय भी पिता के साथ रंजीत उरांव था और पेरवापाठ घर जाने की बात कह बाजार से निकला, लेकिन वह अपने घर नही पहुंचा। सोमवार की शाम करीब 5 बजे तालाब में शव होने की सूचना ग्रामीणों को मिलने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय मुखिया को दिया और घटना की जानकारी देर रात पुलिस को मिली। सोमवार रात्रि में ही पुलिस ने शव को कब्जे में कर थाना ले आयी। हालांकि मृतक की पुत्री शिवानी ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के होंठ के पास कटे का निशान है। प्रतीत होता है कि शौच जाने के क्रम में शायद वह तालाब के निकट गिर तालाब में चला गया हो और उसकी मौत हो गयी हो। घटना की गुत्थी पोस्टमार्टम के उपरांत ही सुलझ पाएगी।

### कमांडर जीप अनियंत्रित होकर पलटी, 01 की मौत, 01 गम्भीर

**मेदिनीनगर :** मनिका थाना क्षेत्र के बैरौया गांव निवासी मुसाफिर साव उम्र 70 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उनका ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार को मुसाफिर साव अपने ड्राइवर के साथ कमांडर पर सवार होकर घर से निकले थे रात में वह पड़वा थाना क्षेत्र के लामीपात गांव अपने रिश्तेदार के घर ठहरे हुए थे मंगलवार की सुबह वह कमांडर जीप पर सवार होकर पाटन थाना क्षेत्र के सिरमा गांव जाने के लिए निकले थे इसी बीच रास्ते में पाटन थाना क्षेत्र के बैदा कला गांव के पास अनियंत्रित होकर कमांडर जीप पलट गई। जिसमें घटनास्थल पर ही मुसाफिर साव की मौत हो गई। जबकि कमांडर ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## जिले में 18 फरवरी से 04 मार्च तक विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन

# राजस्व संग्रहण को मिलेगा बढ़ावा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निदेशानुसार जिले के प्रत्येक अंचल में 18 फरवरी 2025 से 4 मार्च 2025 तक विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को आयोजित किए जाएंगे। यदि निर्धारित तिथि पर अवकाश पड़ता है, तो शिविर अगले कार्य दिवस पर होगा। इन शिविरों में ऑनलाइन झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमाबंदी की त्रुटियों का निवारण, ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत, दाखिल-खारिज से जुड़ी शिकायतों का समाधान एवं दाखिल-खारिज वादों के शुद्धिपत्र का वितरण किया जाएगा।

■ शिविरों में ऑनलाइन झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमाबंदी की त्रुटियों का निवारण, ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत, दाखिल-खारिज से जुड़ी शिकायतों का समाधान एवं दाखिल-खारिज वादों के शुद्धिपत्र का किया जायेगा वितरण



**शिविरों की निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन**

**शिविरों** की सफलता सुनिश्चित करने के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता, लातेहार एवं महुआडांड़ को वरीय पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है। वे इन शिविरों की मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि रैयतों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। इन विशेष शिविरों के माध्यम से रैयतों को ऑनलाइन लगान भुगतान की सुविधा मिलेगी, जिससे राजस्व संग्रहण में भी वृद्धि होगी। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे शिविरों का सफल संचालन सुनिश्चित करें एवं आवेदकों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करें।

## तालाब में डूबने से 01 की मौत, 03 को बचाया गया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका/लातेहार :** मनिका थाना क्षेत्र स्थित बुढ़वा साले तालाब में डूबने से मंगलवार को एक बच्ची की मौत हो गई। हादसे में तीन बच्चों को बचाए जाने की भी खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मनिका के बेलवाटाड़ टोला के चार बच्चे नहाने के लिए बुढ़वा साले तालाब में गए थे सभी बच्चे नहा रहे थे। इसी दौरान बच्चे नहाते हुए गहरे पानी में चले गए एक के बाद एक जब बच्चे डूबने लगे तो चीख पुकार मच गया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने किसी तरह तीन बच्चों को बचा लिया गया जबकि एक बच्ची डूब गई जिसे तालाब में खोजबीन के बाद एक बारह वर्षीय बच्ची के शव बरामद किया गया। हादसे में बच्ची का शव मिलने के बाद बच्चों के परिवार में कोहराम मच गया जिसने भी यह खबर सुनी स्तब्ध हो गया। मामले की जानकारी होते ही बेलवाटाड़ टोला में मातम पसर गया। वहीं मृत बच्ची के परिजन का रो रो कर बुरा है।



## बालूमाथ में 02 अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 05 लोग घायल

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घटनाएं मंगलवार की अहले सुबह घटीं पहली दुर्घटना रांची-चतरा एनएच 22 पर बारियातु थाना क्षेत्र स्थित बरनी पेट्रोल पंप के समीप हुई। इस घटना में महाकुंभ से लौट रही एक अनियंत्रित कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान अमृता देवी (40 वर्ष) पति संजय साहू, सोनम देवी (35 वर्ष) पति भुवन साहू, और भुवन साहू (45 वर्ष), सभी लोहरदगा निवासी, के रूप में हुई है। इन सभी घायलों को प्राथमिक उपचार बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया दूसरी दुर्घटना बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर इचाक ग्राम के पास हुई, जहां गढ़वा से हजारीबाग जा रही एक अनियंत्रित कार असंतुलित होकर खेत में उतर जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी पहचान संतन राम (34 वर्ष) और संजय कुमार (40 वर्ष) के रूप में हुई है।

## मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया एनएच-22 जाम, चार घंटे तक फंसे रहे यात्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ प्रखंड स्थित रांची मुख्य पथ (एनएच-22) को मंगलवार को गेरेन्जा गांव के ग्रामीणों ने जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि चार वर्ष पूर्व उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन अब तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। प्रशासन से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला, जिससे आक्रोशित होकर उन्होंने सड़क जाम कर दिया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिसमें यात्री बसों समेत कई छोटे-बड़े वाहन फंसे रहे। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 17 रैयतों की 4 एकड़ से अधिक भूमि का मुआवजा अब तक लंबित है। इससे पहले भी जब उन्होंने विरोध जताया था, तब बालूमाथ अंचलाधिकारी ने 15 दिनों के भीतर मुआवजा देने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। जाम की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी मौके पर पहुंचे और भू-अर्जन पदाधिकारी से ग्रामीणों की वार्ता करवाई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को मुआवजे के समाधान के लिए कार्यालय खोलने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।



## जीएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया पौधरोपण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डोमचांच :** जी एस पब्लिक स्कूल परिसर में बच्चों के द्वारा ढेड़ सारे पेड़ पौधे लगाए गए वही निदेशक नितेश कुमार ने बच्चों को यह कहा कि आजकल लोग अपने स्वार्थ और लालच के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर, पर्यावरण के साथ जमकर खिलवाड़ कर रहे हैं। पेड़ काटने की वजह से न सिर्फ ग्लोबल वार्मिंग की समस्या अब विकराल रुप धारण करती जा रही है। अगर पेड़ों को नहीं बचाया गया तो हर तरफ हाहाकार मच जाएगा और मनुष्य और जीव-जंतु सभी का आस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा, इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। अपने पर्यावरण की स्वच्छता रखने के लिए हमें हमेशा पेड़ पौधे लगाना चाहिए । जिससे हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा और हम शुद्ध वातावरण में रह सकेंगे । उन्होंने बच्चों को कहा कि आप अपने घर के बाहर जहां आप की जमीन खाली हो वहां पर पेड़ पौधे जरूर लगाएं। जिससे कि हमारा पर्यावरण स्वच्छ रह पाएगा तथा लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करने की भी जरूरत है। वहीं विद्यालय के उपनिदेशक नीरज कुमार, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, अकाउंटेंट गुलाबचंद शाह, के साथ सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद हुए। उपनिदेशक नीरज कुमार ने यह कहा कि हमें जंगलों की कटाई निश्चित रूप से रोकनी चाहिए यदि हम इस पर ध्यान ना दें तो आगे आने वाली पीढ़ी पर उसका बुरा प्रभाव पड़ेगा, और भविष्य में हमें स्वच्छ हवा नहीं प्राप्त हो पाएगी और वातावरण दूषित हो जाएगा हमें इस बात का भी ध्यान देना चाहिए कि औसतन प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम 10 से 15 पेड़ पौधे लगाने चाहिए। जिस तरह एक परिवार में सभी सदस्य एक अहम हिस्सा होता है ,उसी प्रकार पेड़ भी अपने जीवन काल में एक अहम हिस्सा है ,हमें निश्चित रुप से ध्यान देनी चाहिए।



## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन, 10 मामलों पर हुई सुनवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई कर मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, रोजगार, पेंशन से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं। कुछ मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर त्वरित समाधान करें। बैठक में जनशिकायत प्रभारी पदाधिकारी श्रेयांस भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त के निदेशानुसार जिले, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान सुगमता से किया जा सके।



## खलासी नहीं करेंगे वाहन का परिचालन, ट्रांसपोर्टर करें सुनिश्चित : एसडीओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनों पर अंकुश लगाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास प्रांजल ढांडा की अध्यक्षता में जिले में संचालित सीटीपीएस, बीटीपीएस प्रबंधन के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि रात्रि में वाहन जांच अभियान के दौरान मालवाहक वाहनों का परिचालन चालक (ड्राइवर) के स्थान पर खलासी (सह चालक,हेल्पर) द्वारा किया जाता है, जो सही नहीं है। वहीं, कई वाहनों में केवल चालक या खलासी रहते हैं, यह भी सही नहीं है। कई वाहन ओवरलोड पाये जाते हैं एवं छाई,कोयले के ढुलाई क्रम में तीरपाल का इस्तेमाल नहीं करते है। इन सभी कारणों से सड़क दुर्घटनाएं होती है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि पीएसयू अपने यहां संचालित वाहनों में सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में परिवहन नियमों की अनदेखी नहीं हो। वाहन का परिचालन वैद्य कमिर्शियल डीएल धारी चालक ही करें। वाहन परिचालन के समय चालक (ड्राइवर) के साथ सहचालक (खलासी) वाहन में मौजूद हो। सहचालक वाहन का परिचालन नहीं करेंगे, इसे सख्ती से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में परिवहन विभाग एवं उनके द्वारा सघन वाहन जांच अभियान दिन व रात में चलाया जाएगा। अगर किसी भी परिस्थिति में परिवहन नियमों, यातायात नियमों, मोटर वाहन अधिनियम आदी की अनदेखी पाई जाती है, तो कार्रवाई के साथ जुर्माना वसूला जाएगा। बैठक के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि वाहनों के साथ संबंधित ट्रांसपोर्टर के विरूद्ध भी नियम संगत कार्रवाई होगी। इसलिए ट्रांसपोर्टर सुनिश्चित करेंगे कि उनके वाहन में सभी वैद्य दस्तावेज उपलब्ध हो, वाहनों का बीमा, टैक्स आदि अपडेट हो। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना



## नेतरहाट में मासूम की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के नेतरहाट थाना क्षेत्र में मासूम की निर्मम हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। झारखंड पुलिस विभाग में कार्यरत चंद्रकिशोर यादव को इस जघन्य अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है और अन्य पहलुओं पर भी काम किया जा रहा है। बताया कि पुलिस जांच में यह सामने आया है कि आरोपी पूर्व में जंगल वार फेयर स्कूल, नेतरहाट में पदस्थापित था। घटना से कुछ दिन पहले उसकी मासूम के पिता से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद आरोपी ने उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। बाद में उसे बोकारो स्थानांतरित कर दिया गया था। रविवार की रात आरोपी के नेतरहाट लौटने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस को उस पर शक हुआ। जांच के दौरान सबूत मिलने पर पुलिस ने उसे बोकारो से गिरफ्तार कर लिया। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी ने ही बच्चे को घर से उठाया और नृशंस हत्या कर शव को अस्पताल के पास झाड़ियों में फेंक दिया। ज्ञात हो बीते सोमवार को 20 घंटे से लापता बच्चे का शव बरामद होते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। बच्चे की हत्या इतनी क्रूरता से की गयी थी कि देखने वालों की रूह कांप गयी। दरिंदे ने उसकी दोनों आंखें फोड़ दी थीं और शरीर पर चाकू व सरिये से गहरे घाव किए गए थे। एसपी कुमार गौरव के अनुसार, पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और जल्द ही इस हत्याकांड से जुड़े सभी तथ्य उजागर कर दिए जाएंगे।



## उत्तराखंड नेशनल गेम्स से लौटे टीम मैनेजर व खिलाड़ियों का स्पोर्ट्स अकादमी ने किया स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** मनीष साहूभारत का सर्वोच्च खेल राष्ट्रीय खेल जो उत्तराखंड में आयोजित था जिसमें गुमला स्पोर्ट्स अकादमी के जन्मदाता सैयद जुनू रैन को टीम मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया था वही खिलाड़ी के रूप में दीपक कुमार और विक्रम राज ठाकुर को चयन किया गया था। वह राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित था जिसमें हैंडबॉल में झारखंड राज्य का अच्छे प्रदर्शन पर गुमला जिला में खुशी का माहौल है। सैयद जुनू रैन ने कहा कि हमारे स्पोर्ट्स अकादमी से अनेकों खिलाड़ी आज खेल कर नौकरी में जा रहे है और अपना पहचान बना रहे है साथ ही उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी स्तर पर खिलाड़ियों को आज तक किसी भी तरह का सुविधा नहीं मिल पाया मगर कभी खिलाड़ियों ने हिम्मत नहीं हारा इनको जितना जो हो पाता है अपने स्तर से करता हूं। साथ ही जुनू रैन ने कहा सरपरस्त उपयुक्त महोदय से मिल कर खिलाड़ियों को रूबरू कराया जाएगा। इस अवसर पर खिलाड़ी दीपक कुमार ने कहा खेल हमारे जीवनशैली में एक महत्वपूर्ण हिस्सा है आप अपने अपने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने आस पास के लोगों को जागरूक कर सकते है।

## प्रखंड व संकुल साधन सेवी की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

# अगले माह की बनायी गयी योजना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**गुमला :** लोहरदगा जिला परिवर्तन कार्यक्रम के तहत प्रजायज के साथ कुडु प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रखंड व संकुल साधन सेवी का बैठक संपन्न हुआ। बैठक की औपचारिक शुरुआत प्रखंड कार्यक्रम अधिकारी मो. परवेज जी ने की उसके बाद प्रजायज के इसराफिल खान ने परिचर्चा प्रारंभ की इसमें आज का सभापति संकुल साधन सेवी श्री संतोष कुमार को बनाया गया । पिछले बैठक के बाद क्या क्या कार्य हुई एवं किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ा पर चर्चा कर उनका समाधान निकाला गया। उसके बाद प्रजायज के रामबाबू जी ने आगामी माह होनेवाली परीक्षा पर कैसा वातावरण निर्माण किया जाए पर समूह कार्य एवं प्रस्तुतीकरण के बाद क्या क्या करेंगे पर सहमति बनी। रामबाबू जी ने बताया कि हम सभी प्रखण्ड के CRP/BRP के साथ मिलकर माइक्रो लेवल की बदलाव के लिए निरंतर तैयार है। हर माह हमारा बैठक इसी तरह होता रहेगा किसको, पेशरार के बाद आज कुडु में प्रखण्ड स्तर पर दुबारा बैठक हुई। बाकि प्रखंड में भी बारी बारी से बैठक किए जाएगे। वहीं सभापति संकुल साधन सेवी संतोष कुमार ने बताया कि इस तरह की बैठक में हमारे में एक ऊर्जा आती है, और कुछ बेहतर करने का उमंग पैदा होता है। प्रजायज के साथ यकीनन माइक्रो



## यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक नियम का करना होगा पालन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सादिक चौक कोयल नदी टेंपो स्टैंड के पास सघन जांच अभियान चलाया गया। चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों का जांच किया गया जिसमें दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट,और बिना लाइसेंस और कुछ ट्रिपल लोड थे। जिसमें से 07 दोपहिया मोटरसाइकिल वाहन गाड़ियों को जप्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है जिसे जिला व्यवहार न्यायालय पलामू चालान फाइन हेतु भेजा गया और दो मोटरसाइकिल गाड़ी और एक ट्रक को ऑनलाइन चालान किया गया जिसे जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया है। दिनांक 17 फरवरी को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से10 दोपहिया वाहन गाड़ियों का चालान फाइन राशि 13136 रुपये आया है। और सीजीएम कार्यालय पलामू से 04 दुपहिया वाहन मोटरसाइकिल गाड़ियों का चालान फाइन राशी 5000 रूपया आया है। टोटल चलान फाइन राशि 18,136 रुपया आया है।



## उपायुक्त ने लिया प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी की तैयारियों का जायजा

# किसान मेला-सह-प्रदर्शनी आज, तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन

■ किसान मेला में लगेंगे विभिन्न विभागों के स्टॉल, परिसम्पत्तियों का होगा वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रमंडलिय मुख्यालय स्थित शिवाजी मैदान में 19 फरवरी 2025 को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन होना है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से आयोजित होने वाले किसान मेला को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन आज आयोजन स्थल शिवाजी मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला के सफल आयोजन को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने आयोजन की तैयारी की गति लाकर समयबद्धता से तैयारी पूर्ण कराने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने किसान मेला आयोजन के मुख्य मंच, मंच पर अतिथियों की बैठने की सुविधा, बैकड्रॉप, फेशिया, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ व्यक्तियों तथा आगंतुकों को बैठने आदि की व्यवस्था, विभिन्न विभागों द्वारा लगाये जा रहे स्टॉल, पार्किंग की व्यवस्था, महिला एवं पुरुष किसानों के आगमन को लेकर तैयारी, उनके बैठने की व्यवस्था, खाना, शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि के प्रबंध किये जाने की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समय रहते सभी कमियों को दूर करते हुए तैयारी पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने स्टॉल पर बैनर-पोस्टर के माध्यम से संबंधित विभाग का नाम युक्त एवं प्रदर्शनी से संबंधित जानकारी भी प्रदर्शित करने का निदेश दिया। किसान मेला में पलामू प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। किसान मेला में आत्मा, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र, इफको, जेएसएलपीएस, जैविक खेती, किसान प्रोड्यूसर कंपनी, मृदा स्वास्थ्य जांच प्रयोगशाला, लघु सिंचाई प्रमंडल, वन प्रमंडल, भूमि संरक्षण विभाग, बिरसा किसान पाठशाला, अरविंद इंटरप्राइजेज, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग, अग्रणी बैंक, नाबार्ड, तसर विभाग, पुरूषोत्तम प्रसाद अग्रवाल, सेठी स्टोर, शुभम एग्रीको, बायर क्रॉप साइंस प्रा. लि., मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, गव्य विकास विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं।



## भारत की पूर्व सूचना आयुक्त सुषमा सिंह ने गुमला जिले में विभिन्न स्थानों का किया परिभ्रमण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** मंगलवार को सुषमा सिंह,भारत की पूर्व सूचना आयुक्त ने गुमला जिले में विभिन्न स्थानों का परिभ्रमण किया। परिभ्रमण से पूर्व, उपायुक्त गुमला श्री कर्ण सत्यार्थी एवं परियोजना निदेशक आई टी डी ए रीना हांसदा के साथ बैठक में शामिल हुई। इस बैठक में उपायुक्त द्वारा पीपीटी के माध्यम से गुमला जिले के विभिन्न क्षेत्रों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके उपरांत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल गुमला में बने नवनिर्मित थैलेसीमिया सेंटर के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं। इसके उपरांत गुमला साइंस सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साइंस सेंटर में मौजूद विभिन्न प्रकार के उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत हुईं। इस दौरान उन्होंने वहां स्पेस सेंटर में थ्री डी स्पेस सेंटर का अनुभव भी लिया। तत्पश्चात वह सावित्रीबाई फुले महिला पुस्तकालय का भ्रमण किया। और वहां पढ़ रहीं बालिकाओं एवं महिलाओं से रूबरू हुईं। साथ ही बालिकाओं द्वारा उनसे कुछ सवाल पूछे गये , सवाल का जवाब देने के क्रम में बताया कि हमारे जमाने में हम बालिकाओं को पढ़ने के लिए इतनी सुविधा नहीं थी, जितनी आज के जमाने में है। पहले के वक्त में बहुत कम लड़कियां सफल होकर कुछ बन पाती थी। आज जमाना बहुत बदला है। आज की लड़कियां तरक्की कर रही ,आगे बढ़ रही। उन्होंने बालिकाओं की हौसला अफजाई की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना भी दिया। इसके पश्चात जोहार रागी प्रोसेसिंग यूनिट का मुआयना किया। और वहां चल रहे प्रोसेसिंग काम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वहां काम कर रही महिलाओं से बातें की और उनके अनुभव सुने।



## एक झलक

### पलटी बस, 12 से अधिक यात्री घायल

**चक्रधरपुर** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कदमडीहा के पास राहुल नामक एक बस पलट गई। दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में सभी घायलों को सरकारी अस्पताल नहीं ले जाकर स्थानीय स्तर पर ग्रामीण चिकित्सकों के पास ले जाकर इलाज कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार, बस सोनुवा के देवांईर से गोइलकेरा होते हुए चक्रधरपुर जा रही थी। तभी कदमडीहा पंचायत के घोबाडीहा गांव के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर पलट गई।

### कोटालपोखर बाजार में घंटों तक रही सड़क जाम, आम जनता परेशान



**बरहरवा** : साहिबगंज जिला के कोटालपोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत पाकुड़ बरहरवा मुख्य सड़क स्थित शाति चौक के पास घंटो से अधिक समय तक सड़क जाम रहा जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पाकुड़ बरहरवा मुख्य मार्ग में वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली जानकारी के अनुसार पाकुड़ बरहरवा मुख्य सड़क में कोटालपोखर शाति चौक स्थित अवैध रूप से पार्किंग लगाने के कारण दोनों ओर से वाहनों का आवागमन बाधित हो जाता है, वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। वाहनों की लंबी कतार से मोटरसाइकिल चालक जाम में घंटो तक फंसे रहते हैं। वहीं जाम की सूचना मिलते ही कोटालपोखर थाना की पुलिस पहुंचकर जाम को हटाया।

### सिविल सर्जन ने किया धर्मपुर सीएचसी एमडीए राउंड का निरीक्षण



**साहिबगंज** : सिविल सर्जन ने एमडीए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन राउंड के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि लाभार्थियों को दवा उनके सामने खिलाना अनिवार्य है और किसी भी परिस्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाए। उन्होंने टीम को अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने और अधिकतम लोगों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### टाटा स्टील के वेंडर को श्रम विभाग की नोटिस

**जमशेदपुर** : श्रम अधीक्षक ने टाटा स्टील प्रबंधन के जरिये टाटा स्टील के वेंडर ओडव्यूएम लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया है।

श्रम अधीक्षक ने जारी नोटिस में कहा है कि जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ ने विनोद कुमार एवं 30 अन्य कामगारों के वेतन भुगतान आदि की शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायतों की जांच के लिए 20 फरवरी को 12 बजे कार्यालय में वार्ता आयोजित की गयी है। इसमें प्रबंधन को कागजातों के साथ समय पर उपस्थित होने को कहा गया है।

---

### जनता दरबार लगा कर आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए डीसी

# जल्द किया जायेगा समस्याओं का समाधान : डीसी

- शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को करें समर्पित
- सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उनका समाधान जल्द करें



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज** : समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त दिया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके। ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

---

## एक दिवसीय मोबलाइजेशन शिविर सह पंजीकरण दिवस आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज** : सदर प्रखंड डीडीयूजीकेवाई के तहत एक दिवसीय मोबलाईजेशन शिविर सह पंजीकरण दिवस आयोजित, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित। जिला के साहिबगंज सदर प्रखंड में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना डीडीयूजीकेवाई के अंतर्गत एक दिवसीय मोबलाईजेशन शिविर सह पंजीकरण दिवस का आयोजन पलाश जेएसएलपीएस द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसरों से जोड़ना था। शिविर में साहिबगंज सदर प्रमुख बीना देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष, जेएसएलपीएस जिला कार्यक्रम प्रबंधक जिला वित्त प्रबंधक, जिला समन्वयक डीडीयूजीकेवाई से आसिफ इकबाल, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सखी मंडल की दीदी एवं कैडर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बड़ी संख्या में उत्साहित युवा इस अवसर पर उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की और अपनी पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करवाई। जेएसएलपीएस की टीम ने उपस्थित युवाओं को योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि डीडीयूजीकेवाई के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं और बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। जन प्रतिनिधियों ने युवाओं को योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह पहल क्षेत्र के युवाओं को सशक्त बनाने और उनके भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान, डीडीयूजीकेवाई योजना को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में विशेष योगदान देने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

### जेएन टाटा वोकेशनल कॉलेज में 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**जमशेदपुर** : स्वावलंबी भारत अभियान एवं खादी ग्रामोद्योग आयोग के संयुक्त प्रयास से जेएन टाटा वोकेशनल कॉलेज बिष्टुपुर में विद्युतीय क्षेत्र से संबंधित 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की गई। इसके उद्घाटन समारोह में अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संघर्ष वाहिनी प्रमुख बंदेशंकर सिंह, टाटा स्टील लर्निंग डिपार्टमेंट की हेड कुमुद लता, खादी ग्रामोद्योग आयोग रांची के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी सुसंतो चक्रवर्ती, जेएनटीवीटी के निदेशक बीबी सिंह और स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक पंकज सिंह मौजूद रहें। मंच का संचालन निदेशक बीबी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन जेएनटीवीटी के एडमिन सुरेश चौधरी ने किया। कार्यक्रम में अपने संस्थान के बारे में बताते हुए निदेशक बीबी सिंह ने कहा कि उनका संस्थान जेएन टाटा की प्रेरणा से जरूरत मंद बच्चों को प्रशिक्षित कर उन्हें नौकरी दिलाने का कार्य करती रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्थान में नॉन मैट्रिक से ले कर पोस्ट ग्रेजुएट किये हुए बच्चों के लिए कोर्स है।

---

## ब्राइटेक इंजीनियरिंग कंपनी में पार्टनर बनाने के नाम पर 17 लाख की ठगी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**आदित्यपुर** : सरायकेला अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) को दिए गए एक लिखित शिकायत में आदित्यपुर-2 स्थित बाबा आश्रम निवासी पशुपति सिंह ने आरोप लगाया है कि उन्हें ब्राइटेक इंजीनियरिंग कंपनी आदित्यपुर में साझेदार बनाने के नाम पर 17 लाख रुपये की ठगी की गई है। पशुपति सिंह ने अपनी शिकायत में बताया है कि प्रदीप विजय श्रीवास्तव, रजनीश झा और मिथिलेश सिंह ने उन्हें कंपनी में पार्टनर बनाने का वादा कर 17 लाख रुपये लिए। जांच में पता चला प्लांट को किया गया है रद्द अपनी प्लांट और मशीनरी कंपनी में स्थापित कर कार्य शुरू किया लेकिन जब उन्होंने कंपनी की कानूनी स्थिति की जांच की तो पता चला कि आयडा (आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण) ने इस प्लॉट को रद्द कर दिया है। जब उन्होंने अपनी राशि वापस मांगी तो आरोपियों ने टाल-मटोल किया। इसके बाद पशुपति सिंह ने सरायकेला कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई। अदालत से नोटिस मिलने के बावजूद आरोपियों ने शिकायतकर्ता का ताला हटाकर खुद ताला लगा दिया। मशीनरी पर भी कब्जा कर लिया।

### खाने के बाद फाइलेरिया की दवा का सेवन करें : डॉ भरत

**पाकुड़िया** : प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत एमडीए-आईडीए का चल रहे कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को स्वास्थ्यकर्मियों व पर्यवेक्षकों ने लाखीपोखर, शहरपुर, जोंका खजूरडंगाल, बीचपहाड़ी, छोटा बरमसिया गांव में लोगों के घर-घर जाकर फाइलेरिया दवा खिलाई गई। वहीं बेलपहाड़ी संट लूकस विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 538 बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भरत भूषण भगत ने बताया कि इस दवा का सेवन जिले के उच्चाधिकारियों ने भी किया है। यह पूर्णतः सुरक्षित दवा है। इसका कोई साइडइफेक्ट भी नहीं है। बस इसे खाली पेट में नहीं खाना है।

## कोलियरियों में सुरक्षा नियमों का अक्षरशः पालन करें : सेफ्टी अधिकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोड्डा** : ईसीएल मुख्यालय से सेफ्टी अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को राजमहल परियोजना का दौरा किया। टीम ने ओसीपी कार्यालय में बैठक की। जिसमे कोलियरी में कार्यरत कर्मियों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक जानकारी दी गई। बाद में टीम ने राजमहल परियोजना की ललमटिया कोयला खदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण में ईसीएल मुख्यालय से आए अधिकारी आईएसओ (माइनिंग) महेश प्रसाद, राजमहल परियोजना के जीएम ओपी सतीश मुरारी, माइंस मैनेजर ओपी चौधरी, सेफ्टी ऑफिसर नीरज कुमार सिन्हा, सुरक्षा पदाधिकारी पी बरनवाल शामिल थे। टीम ने खदान फेस, कोयला डंप, होल रोड के अलावा खनन कार्य में लगे मजदूरों को सुरक्षा नियमों का पालन करने की हिदायत दी। माइनिंग आईएसओ महेश प्रसाद ने कहा कि जीरो दुर्घटना का लक्ष्य बनाकर कोयला खनन का कार्य करें। इससे दुर्घटना की आशंका कम रहती है। उन्होंने कहा कि गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। खनन क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले सुरक्षा से संबंधित सभी उपकरणों को पहनें। अधिकृत व्यक्ति ही डोजर, डंपर जैसे हैवी वाहन चलाएं।

---

## एसएसपी ने चलाया एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : शहर में सोमवार की देर रात एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। एसएसपी किशोर कौशल ने सीएसआर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये अभियान की निगरानी की। इसके बाद शहर के विभिन्न चेकपोस्टों पर पहुंचकर उन्होंने वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान सिटी एसपी कुमार शिवाशीष भी मौजूद रहे। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान पूर्व निर्धारित योजना के तहत चलाया जा रहा है। बताया कि यह अभियान शहर के सभी 17 थानों में एक साथ संचालित किये जा रहे हैं। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता के साथ जांच अभियान चला रहे हैं। किशोर कौशल ने बताया कि अभियान के तहत उन कारों और बाइकों की विशेष रूप से जांच की जा रही है, जो संदिग्ध प्रतीत होती है। साथ ही, हर गुजरने वाले वाहनों के नंबर भी दर्ज किये जा रहे हैं। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि शहर में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

## पश्चिमी सिंहभूम में सबसे ज्यादा होती है अफीम की खेती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : झारखंड के डीजीपी की ओर से खास दिशा-निर्देश मिलने के बाद झारखंड में होने वाली अफीम की खेती को नष्ट करने का काम पिछले 2-3 माह से पुलिस की ओर से किया जा रहा है। इस अभियान को पुलिस टीम की ओर से युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। कोल्हान की बात करें तो सबसे ज्यादा पश्चिमी सिंहभूम जिले में अफीम की खेती होती है।

**अबतक 2000 एकड़ से अधिक की खेती किया गया नष्ट**

**पश्चिमी** सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर की ओर से दिशा-निर्देश मिलने के बाद अबतक 2000 एकड़ से भी अधिक की अफीम की खेती को नष्ट किया जा चुका है। यह अभियान अब भी जारी है। योजना बनाकर रोजाना किसी न किसी गांव में अभियान चलाया जा रहा है।

**नक्सल क्षेत्र में ही होती है अफीम की खेती**

**अफीम** की खेती मूलरूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ही होती है। खेती के लिए, जंगल वाले क्षेत्र का चयन किया जाता है जहां पर बाहरी किसी भी व्यक्ति का आवागमन नहीं होता है।

**चतरा में भी फल-फूल रही है अफीम की खेती**

**झारखंड** के चतरा के बारे में पता चला है कि वहां पर अफीम की खेती सबसे ज्यादा होती है। वहां पर कुल 125 गांवों में अफीम की खेती होती है। ऐसा भी नहीं है कि अफीम की खेती करने वाले गिरोह के लोगों पर पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि समय-समय पर जेल भी भेजा जाता है। बावजूद नशे का यह कारोबार बदस्तूर जारी रहता है। झारखंड के सभी जिले में अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस की ओर से जागरूकता अभियान चलाने का भी काम किया जाता है। इस अभियान के लिए खासकर युवाओं की टोली को लेकर साथ निकलते हैं और गांव के लोगों को अफीम से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाता है। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर का कहना है कि अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### पेयजल की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया विरोध प्रदर्शन

**महेशपुर** : पेयजल की समस्या को लेकर परेशान पोडरा गांव के दर्जनों महिलाओं ने मंगलवार को पोडरा चौक के पास सड़क जाम कर दी। महिलाओं ने सड़क में घड़ा, बाल्टी एवं तसली रखकर विरोध प्रदर्शन किया। जाम रहने की सूचना मिलते ही बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ संजय कुमार सिन्हा जाम स्थल पहुँचकर ग्रामीणों को समझा बूझकर आश्वासन के दो घंटे बाद सड़क जाम हटा। सड़क जाम के कारण दो घंटे तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का चापानल व जलमीनार खराब पड़ा है। ग्रामीण एक किलोमीटर दूर झरना का पानी लाकर पीने को विवश है। पेयजल

---

## अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच जे पी सिंह का नाम पहली बार खेलो इंडिया में चयन पर ह्यूमन वेलफेयर ने दी बधाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा चयनित कमेटी जिसमे देश के सर्वोच्च खेल सम्मान से सम्मानित खिलाड़ी प्रशिक्षण और पदाधिकारी शामिल थे। जिसमें पहली बार बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से पहले नाम जे पी सिंह का टैलेंट इंडिया आईडेंटिफिकेशन कमेटी डेवलपमेंट कमेटी में नामित किया गया है। इन साथ दिग्गजों को बास्केटबॉल खेलो इंडिया में शामिल किया गया है। उनका उद्देश्य और जवाबदारी है कि हिंदुस्तान के प्रतिभाशील खिलाड़ियों को चयनित किया जाए, और उन्हें हर संभव तरीके से तराशा जाए जिससे खिलाड़ियों का नाम सिर्फ नेशनल लेवल में ही नहीं इंटरनेशनल संघर्षों में भी उच्चतम श्रेणी में हो पाए, और भारतीय बास्केटबॉल टीम दोनों महिला और पुरुष व एशियन चैंपियनशिप से लेकर ओलंपिक में अपनी बेहतर पोजीशन कायम कर सके। उपयुक्त कमेटी में शामिल करने के लिए आप सिंह और झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन ने नेशनल फेडरेशन बास्केटबॉल में अध्यक्ष अर्जुन अवार्ड और सेक्रेटरी जनरल कुलविंदर सिंह गिल को आभार व्यक्त किया है। इसी उपलक्ष्य में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों में से ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान एवं समाजसेवी मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी ने जे पी सिंह को मुबारकबाद दी एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया।

### शिविर के माध्यम से दी गयी कानूनी जानकारी

**पाकुड़** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष शेष नाथ सिंह के निर्देश पर आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के तहत नवीनगर में पीएलवी चंद्र शेखर घोष ने मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। हिरणपुर प्रखंड में मोलिता कुमारी ने डीएलएसए से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने को लेकर जागरूक की।


## शपथ पत्र

मैं, मो० इसराफिल अंसारी, (आधार 3759 1148 5695), पिता स्व० नूर मोहम्मद अंसारी, उम्र 48 वर्ष, निवासी इलाही बक्स कॉलोनी, खोरहा टोली, कोकर, थाना सदर, जिला रांची शपथ पूर्वक सत्य व निष्ठा से निम्नलिखित घोषणा करता हूँ:-

1. यह कि मो० एहतेशाम रजा (आधार- 5677 1423 7895) मेरा पुत्र है।

2. यह कि मैं अपने स्वतंत्र इच्छा व सहमती से अपने ऊपर नामित बेटे को त्याग दिया हूँ, क्योंकि वह मेरे स्वभाव के अनुसार आचरण नहीं करता है तथा मेरा आज्ञाकारी नहीं है तथा मेरे नियंत्रण व पर्यवेक्षण से बाहर है, इसलिए मैं उसके साथ सभी प्रकार के सम्बन्ध को समाप्त करते हुए उसे अपने सभी चल व अचल सम्पत्ति व विरासत से पूर्ण रूप से बेदखल करता हूँ।

3. यह कि मेरे उक्त पुत्र के द्वारा किये गए किसी कार्य या उसके साथ किये गए किसी कार्य के लिए अब मैं या मेरे अन्य पारिवारिक सदस्य जिम्मेदार नहीं होंगे न ही उन्हें जिम्मेदार माना जायेगा।

4. यह कि उपरोक्त शपथ-पत्र में वर्णित सारे कथन मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 11/02/25 को मेरे द्वारा व्यवहार न्यायालय, रांची में संपन्न किया गया।

दिनांक: 11/02/2025

SERIES NO. 23-24/R1/27073

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

महाबुआंग थाना काण्ड सं०-02/2025, दिनांक-01.02.2025, धारा-281/160(1) बी०एन०एस० में अज्ञात पुरूष शव के विरूद्ध दर्ज किया गया है। जो दिनांक-27.01.2025 को शाम 04:30 बजे जीतुटोली बस स्टैण्ड के पास एक अज्ञात वाहन द्वारा धक्का मारकर घायल कर दिया गया था, इलाज के लिये सदर हॉस्पिटल, सिमडेगा लाया गया था, जहाँ इलाज के क्रम में उसकी मृत्यु हो गयी है। उस अज्ञात शव के परिजनों के बारे में कहीं पता नहीं चला है।

अज्ञात शव का हुलिया एवं फोटो का विवरणी निम्नवत् है:-



लिंग:- पुरूष
आयु- करीब 25 वर्ष
ऊँचाई- करीब 5 फीट 4 ईंच
शरीर- सामान्य
पहनावा- काला रंग का टी०शर्ट, हल्का ब्लू रंग का जीन्स एवं ब्लू रंग का बनियान।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति का शव के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं० पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा- मोबाइल नं०-9431116444
थाना प्रभारी, महाबुआंग- मोबाइल नं०-9263693965
डी०सी०बी० प्रभारी, सिमडेगा- मोबाइल नं०-8709697066

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा

PR 346725 (Simdega)24-25*D

## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा

**आम सूचना**

राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में सिमडेगा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं अबुआ आवास योजना अन्तर्गत बड़े पैमाने पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का सर्वे / आवासों की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य चल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण / अबुआ आवास योजना हेतु लाभुकों का चयन प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण / अबुआ आवास योजना का प्राथमिकता सूची के आंकड़ो के आधार पर किया जाता है। प्रखण्ड द्वारा तैयार की गई योग्य लाभुकों को स्वतः प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण / अबुआ आवास योजना के अन्तर्गत आच्छादित किया जा रहा है।

सिमडेगा जिले के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आपके क्षेत्रों में अगर विभिन्न स्तर के सरकारी कर्मियों / बिचौलियों / असमाजिक तत्वों द्वारा आवास दिलाने के नाम से राशि की माँग की जाती है तो जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा के मोबाईल नम्बर 9304377600 / 8340769255 पर अविलम्ब सूचना दी जाय ताकि वैसे व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकें।

उप विकास आयुक्त, सिमडेगा

PR 346704 (Simdega)24-25*D


---

# रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की विशेष टीम रहेगी तैनात : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के निर्देशानुसार जिले से महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ महाशिवरात्रि को लेकर देवघर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा से रेल परिवहन पर बढ़े दबाव के मद्देनजर किए गए कार्यों का निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार द्वारा जसीडीह जंक्शन व अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार द्वारा मधुपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया



गया। साथ ही रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा और सुरक्षाओं व्यवस्था के अलावा भीड़ नियंत्रण के इंतजाम, यातायात व्यवस्था, पार्किंग की सुविधा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा महाकुंभ व महाशिवरात्रि के श्रद्धालुओं एवं अन्य यात्रियों के लिए यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक उपाय लागू करने का निर्देश दिया गया है, ताकि सभी रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम रेलवे स्टेशन पर रहे। इसके अलावा जसीडीह जंक्शन और मधुपुर जंक्शन परिसर व स्टेशन में साफ-सफाई के अलावा ट्रेन आगमन के समय यात्रियों को ट्रेन से उतरने या चढ़ने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखने का निर्देश रेलवे स्टेशन के अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। जसीडीह व मधुपुर रेलवे जंक्शन से देश के कई राज्यों के लिए प्रतिदिन करीब डेढ़ सौ ट्रेनें परिचालित होती है।

## एक नजर

### रजत जयंती समारोह आयोजन समिति की बैठक

**भागलपुर :** समन्वय समिति के रजत जयंती समारोह आयोजन समिति की बैठक मंगलवार को गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र में प्रकाश चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आयोजन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा किया गया। तय किया गया कि 23 फरवरी को 10 बजे से सम्मेलन प्रारंभ किया जाएगा। जिसका उद्घाटन गांधीवादी अमरनाथ भाई पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व सेवा संघ करेंगे। सम्मेलन दो सत्र में चलेगा। जिसमें 40 –50 संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में भागलपुर और अंग क्षेत्र के विकास का प्रारूप तैयार कर आगामी कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा। इस अवसर पर समन्वय समिति के सांगठनिक स्वरूप पर भी चर्चा किया जाएगा। बैठक में समन्वय समिति के 25 वर्ष के कार्यों का प्रारूप प्रस्तुत किया जाएगा।

### समस्या का नहीं हुआ समाधान तो एबीवीपी करेगी आन्दोलन

**भागलपुर :** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में व्याप्त समस्या को लेकर मंगलवार को एबीवीपी ने प्रेस वार्ता किया। इस दौरान प्रदेश सह मंत्री कुणाल पाण्डेय ने कहा कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के लिए कुलपति से मांग किया गया लेकिन अभी तक इस सिलसिले में कोई फैसला नही आया है। उन्होंने कहा कि बीते 17 जनवरी को टीएनबी महाविद्यालय में मारपीट की घटना अभाविप कार्यकताओं के साथ हुई। घटी उसके लिए कमिटी तो बनी लेकिन कमेटी का कोई फैसला नहीं आया है। विश्वविद्यालय के छात्रवास में अवैध रूप से रह रहे लोगों पर कार्रवाई कब होगी।

### महाकाल के जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा

**पूर्वी चंपारण :** जिले में घोड़ासहन के जगिरहा बिजबनी स्थित अरुणा नदी के पावन तट पर 11 दिवसीय श्री श्री 108 पंच कुण्डीय रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बेतिया सांसद डॉ संजय जायसवाल ढाका विधायक पवन जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। महायज्ञ को मंगलवार को 5001 कुंआरी कन्याओं ने यज्ञ स्थल से घोड़ा गाजे बाजे के साथ जगिरहा, बिजबनी घोड़ासहन वीरता चौक बस स्टैंड होते हुए गोविंदपुर मठ स्थित चार धाम उत्तरवाहिनी नदी के तट पर यज्ञाचार्य ईश्वर चंद्र तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी कलश में पवित्र नदियों का जल भरा गया।और पुनः वहां से यज्ञ स्थल पर पहुंचे वहीं पूर्व प्रमुख गणेश यादव के सौजन्य से कुंआरी लड़कियों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**अररिया :** फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी के जनसंपर्क कार्यालय में भाजपा नगर के कार्यकर्ताओं की मंगलवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं मंच संचालन निवर्तमान अध्यक्ष रजत कुमार सिंह ने किया।बैठक में भागलपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 24 फरवरी के आगमन को लेकर विचार विमर्श किया गया।

# मैट्रिक परीक्षा प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में 5 गिरफ्तार

**एजेंसी**

**फारबिसगंज/अररिया :** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा( मैट्रिक परीक्षा) के पहले दिन ही दूसरी पाली में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में 5 वीडियोग्राफर पकड़े गए है।बताया जा रहा है की परीक्षा की निगरानी के लिए तैनात पांच वीडियोग्राफरों को प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। दंडाधिकारी ने जब इनकी गतिविधियों पर शक किया, तो उन्होंने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि ये ये वीडियोग्राफर परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र की तस्वीरें खींचकर मोबाइल के जरिए दूसरे परीक्षा केंद्रों पर भेज रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए सभी वीडियोग्राफरों के रिश्तेदार उसी परीक्षा केंद्र में परीक्षा दे रहे थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि ये वीडियोग्राफर अपने रिश्तेदारों




को परीक्षा में मदद पहुंचाने के लिए प्रश्नपत्र लीक कर रहे थे। बोर्ड के द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे और वही, कहां गया था की जिन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे, वहां वीडियोग्राफी की व्यवस्था किया गया था। आदेश था की इन वीडियोग्राफरों को परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग करके जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम में भेजने की। लेकिन इन वीडियोग्राफरों ने वीडियो फुटेज अपने मोबाइल में कॉपी करके कंट्रोल रूम के साथ-साथ दूसरे परीक्षा केंद्रों पर भी भेज रहे थे। इसके बाद उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। गिरफ्तार वीडियोग्राफरों को अनुमंडल कार्यालय लाया गया। जहां अनुमंडल पदाधिकारी - अनुमण्डल पुलिस अधिकारी और थानाध्यक्ष ने उनसे कड़ी से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार वीडियोग्राफरों ने स्वीकार किया कि उनके रिश्तेदार उसी परीक्षा केंद्र में परीक्षा दे रहे थे। वे अपने रिश्तेदारों को परीक्षा में मदद करने के लिए प्रश्नपत्र लीक कर रहे थे। संदर्भ में डीएसपी मुकेश कुमार साहा ने बताया की पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा की गिरफ्तार वीडियोग्राफरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सभी गिरफ्तार वीडियोग्राफर अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड के डुमरिया पंचायत वार्ड संख्या 10 के रहने वाले बताये जा रहे है । जिनके नाम है मनीष कुमार, आशीष कुमार, अमन कुमार, सोनू कुमार और अविनाश कुमार हैं।

## हाथ टूटने पर डॉक्टर ने लगाया गर्दन में इंजेक्शन, 12 साल के बच्चे की मौत

**एजेंसी**



**पूर्वी चंपारण :** जिला मुख्यालय मोतिहारी में एक डॉक्टर की लापरवाही से 12 साल के बच्चे की जान चली गयी। बच्चा घर का इकलौता चिराग था। जिसकी मौत होने के बाद परिजनो में कोहराम मचा है। सबका रो-रोकर हाल बुरा है। परिजन आरोपी डॉक्टर और कंपाउंडर पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मृत 12 वर्षीय बच्चे की पहचान पटेरवा निवासी बुलेट महतो के पुत्र प्रिंस के रूप में हुई है।परिजनों ने बताया कि बीते दिनो प्रिंस का हाथ टूट गया था। जिसका आपरेशन डॉ राजेश्वर के यहां कराया गया था,लेकिन उसमे दर्द होने की शिकायत पर मोतिहारी के मिशन चौक स्थित डॉक्टर राजेश्वर कुमार के क्लिनिक में दुबारा आये थे। लेकिन यहां डॉक्टर ने टूटे हाथ का ऑपरेशन करने के बजाय बच्चे के गर्दन में इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही बच्चे की हालत बिगड़ने लगी, और कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर डॉक्टर के क्लिनिक में पहुंचे परिजन व अन्य आक्रोशित लोगों ने डॉक्टर के दो कंपाउंडर को बंधक बना लिया और शव को लेकर मुफ्फसिल थाना पहुंच कर अपनी व्यथा पुलिस बताया। मृतक की दादी पुनकली देवी ने बताया कि 12 साल का प्रिंस हमारा इकलौता पोता था। घर का वो इकलौता चिराग भी था। उनका पोता बिल्कुल ठीक था। एक बार डॉक्टर राजेश्वर कुमार ने ही उसके हाथ का ऑपरेशन किया था लेकिन हाथ में दर्द रहने के कारण उसे दोबारा ऑपरेशन करने के लिए डॉक्टर राजेश्वर ने बुलाया था। लेकिन इससे पहले बच्चे के गर्दन में इंजेक्शन दिया गया जिसके कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी।

# पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़, 04 गिरफ्तार

**एजेंसी**

**बिहार :** राजधानी के कंकड़बाग इलाके में दिनदहाड़े अचानक फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत फैल गई ।जिसने भी गोलियों की आवाज सुना वह वहीं रुक गया ।जब पुलिस पहुंची तो दोनों ओर से फायरिंग हुई ।आखिर में पुलिस ने कुछ बदमाशों को पकड़ लिया ।बताया जा रहा है कि अपराधियों ने रंगदारी मांगने के क्रम में इस घटना को अंजाम दिया ।एसएसपी अवकाश कुमार ने इसे जमीन विवाद से जुड़ा मामला बताया है ।कहा कि चार राउंड फायरिंग की गई और चार



अपराधी गिरफ्तार किये गए ।मामला जमीन विवाद का है और इसी को लेकर फायरिंग हुई है ।बताया जा रहा है कि मकान मालिक धर्मेंद्र ने ही अपराधियों को इकट्ठा किया था ।इससे पहले पटना पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तुरंत पुलिस टीम पहुंच गई ।अपराधी बचने के लिए एक मकान में घुस गए ।मकान में घुसने के बाद से पटना पुलिस की चार थानों की बड़ी टीम पहुंची। पटना एसएसपी समेत कई डीएसपी और कई इंस्पेक्टर रैंक के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पूरा ऑपरेशन एसएसपी के नेतृत्व में चलाया गया और चार बदमाशों को पकड़ लिया गया। हालांकि कुछ बदमाश भागने में सफल रहे ।लगभग दो घंटे बाद पुलिस ने चार अपराधियों को पकड़ लिया.

## अवैध कोयला उत्खनन पर जिला खनन टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिले में अवैध कोयला उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर सख्त कार्रवाई जारी है। मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के रजवार पंचायत स्थित हरैयाखांड में अवैध रूप से खोदे गए खदान (गड्ढा) को जेसीबी मशीन से भर दिया ।जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) नदीम शफी के आदेशानुसार खनन निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार और बालूमाथ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। डीएमओ ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि ऐसी गतिविधियों की सूचना मिलेगी तो कड़ी कार्रवाई होगी ।अवैध खनन में संलिप्त 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिनमें संदीप यादव, मनोज यादव, सुरेंद्र उरांव, बलराम उरांव, अनिल उरांव, छोटू अंसारी, रंथू उरांव, मंगल उरांव, राजू यादव, अजय यादव, मनोज यादव और कार्तिक उरांव शामिल हैं। इनके अलावा, एक दर्जन से अधिक अज्ञात व्यक्तियों और संबंधित रैयती भूमि मालिकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। प्रशासन की इस सख्ती से अवैध कोयला उत्खनन में शामिल लोगों में हड़कंप मच गया है।

## शाखा प्रबंधक ने पुलिस को सौंपा दो साइबर अपराधी

**नवादा :** नवादा जिले के खासकर वारिसलीगंज थाना क्षेत्र का पूरे इलाके में दिनों-दिन साइबर अपराध की घटनाओं में लगातार इजाफा होता जा रहा है.। मंगलवार को वारिसलीगंज शहर के मेन रोड में स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक में रुपये निकासी करने आया था ।परन्तु उक्त दोनों युवक की गतिविधि देख बैंक शाखा प्रबंधक को शक हुआ और दोनों युवक को शक होने पर बैंक परिसर में ही बैठाया.फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर बैंक परिसर पहुंची और उक्त दोनों युवक को पुलिस थाने लाई.थाने लाने के बाद पुलिस ने दोनों युवक से गहन पूछताछ की।

## मुख्तार आलम कामगार जिलाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य ने की रिक्शा चालक की मदद

**गुमला :** मुख्तार आलम ने कहा कि रिक्शा चालक सानिया उरांव अपनी समस्याओं को लेकर मुझसे मिलने के लिए दो दिनों से ढूंढता ढूंढता पहुंच मेरा कार्यालय ।सानिया उरांव ग्राम केराडीह प्रखंड रायडीह का रहने वाला है, वह गुमला शहर में पिछले 20 वर्षों से रिक्शा चलाकर अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। सानिया उरांव को लगभग 10 वर्ष पहले रिक्शा चलाने के दौरान उनकी आंख में लोहा से गहरी चोट लग गई थी, पैसों की अभाव के कारण वे अपनी आंखों का इलाज नहीं करवा पाया था। समय जैसे-जैसे



गुजरा चला गया उसकी आंख की स्थिति और खराब होती चली गई ।मुख्तार आलम ने कहा कि मैं अपने टीम के सदस्यों के साथ सानिया उरांव को लेकर गुमला सदर अस्पताल पहुंचा और आंख के डॉक्टर से जांच करवाया, डॉक्टर ने बताया कि आंख की स्थिति काफी खराब है बेहतर इलाज के लिए रांची में इलाज करवाना होगा। मुख्तार आलम ने कहा कि सानिया उरांव बुजुर्ग व्यक्ति है और वह अपनी एक आंख से देख भी नहीं सकता है उसके बावजूद भी वह अपने दायित्व को निभाते हुए अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा हैं ,मैं इसके जज्बे को सलाम करता हूं। मुख्तार आलम ने कहा कि रांची में इसका आंख का इलाज करवाने हेतु जितने भी खर्च होंगे वह खर्च मैं स्वयं करूंगा और बेहतर से बेहतर इलाज करवा कर इसकी आंख की रोशनी लाने हेतु हर संभव प्रयास करूंगा।

### बिजली विभाग ने चलाया छापामारी अभियान

**हजारीबाग :** मंगलवार को झारखंड बिजली वितरण निगम, मुख्यमंत्री, रांची के आदेशानुसार छापामारी अभियान विद्युत विभाग द्वार चलाया गया है। छापामारी अभियान जाकिर हुसैन रोड स्थित, दिपबाबू तालाब क्षेत्र में किया गया। 31 परिसरों की जांच की गई, जिसके 5 उपभोक्ताओं के परिसर में बिजली ऊर्जा का उपयोग अवैध रूप से किया जा रहा था...जिनमे सौकत अली, मोहम्मद अयूब, मोहम्मद सलीम, अकबरी खातून, अब्दुल मतीन शामिल थे। इस छापामारी अभियान में जेई अवतेश कुमार लाइनमैन अशोक साहू, राकेश रजक, अजय साव और अन्य शामिल थे। 132000 का जुर्माना लगया गया है। जांच में कुछ घरो का विद्युत मीटर भी खराब पाया गया है, जैसे अवेदन देके बदलने का निर्देश भी दिया गया है। ज्ञात हो अभी पूरे शहर में मुफ्त में बिजली मीटर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लगया जा रहा है। जिसकी प्राथमिकता के आधार पर सालो से खराब मीटर बदलने का कार्य भी किया जा रहा है... सभी उपभोक्ताओं से निवेदन है कि, जल्दी से जल्दी खराब पड़े मीटर को हटाए और नया मीटर लगवाये।

## रमेश प्रसाद यादव बीएड कॉलेज में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन




**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 18.02.2025 दिन मंगलवार को महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास समिति एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वाशन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वधान में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय ₹बाल्यावस्थाः उद्देश्य, कठिनाईयां एवं संभावनाएं₹ था। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन के रूप में सहायक प्राध्यापक विनोद यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। सेमिनार में अलग-अलग प्रशिक्षुओं ने अपने-अपने विचारों को प्रस्तुत किया जिसमें स्मृति, प्रिंस, सुनील, मुस्कान, बॉबी, संदीप, अल्ताफ, बिजय, राहुल, दरक्षा, पिंकी, शम्मा शाहीन आदि शामिल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने प्रशिक्षुओं को बाल्यावस्था से जुड़े हुए हर एक पहलुओं को विस्तार से बताया। वहीं कार्यक्रम को डॉ. संजीव कुमार व राजेश पांडेय ने भी संबोधित बोधित किया। मंच संचालन प्रशिक्षु सुनील कुमार ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, रविभूषण सिंह, आनंद कुमार, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, खोमा रानी महतो, जयंती कुमारी व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, गौरव कुमार, सेंटु कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

## पाइप लाइन से डीजल चोरी करने वाले गैंग के 03 चोर गिरफ्तार



**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कोटवा थाना क्षेत्र के मछरगावा पंचायत के नवादा में डीजल पाइप लाइन से डीजल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के तीन बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने एक तेल टैंकर , कुदाल , फावड़ा , खंती , पाइप , सहित तेल चोरी में उपयोग करने वाले कई उपकरण बरामद किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए गिरोह में पलास नस्कर, पिता स्व.मानिक चन्द्र नस्कर,साकिन रहीम ओस्टागर रोड, थाना-लेक कोलकता, पश्चिम बंगाल भगवान यादव,पिता स्व. इन्द्रदेव यादव, साकिन-महाराजपुर, थाना-सहतवार, जिला-बलिया, उत्तर प्रदेश व सरवन कुमार यादव, पिता शिवजी यादव, साकिन चांदपुर, थाना-सहतवार, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश शामिल है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड पलास नस्कर है। जो देश के कई राज्यो में घुम-घुम कर पाइप लाइन से तेल चोरी की घटना को अंजाम देता है। इसके विरूद्ध बिहार व झारखंड में कई मामले दर्ज है।

### अफीम खेती करते एक गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**बुंडू :** बुंडू थाना अंतर्गत ग्राम तिलाईमर्चा के जय सिंह मुंडा, पिता भगत सिंह मुंडा को अफीम की खेत में घास निकाले हुए बुंडू पुलिस ने पकड़ाऔर उसे गिरफ्तार कर बुंडू थाना कांड संख्या- 18/2025, , धारा- 18(c) N. D. P. S Act. दर्ज कर न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेज दिया गया. बुंडू के थानेदार इंस्पेक्टर रामकुमार वर्मा ने बताया ड्रोन के सहारे अफीम खेती खेतों का जायजा ली जा रही है। खेती करने वाले चिन्हित कर गिरफ्तार किए जाएंगे।

## भारतीय ज्ञान परम्परा व शिक्षा पद्धति से विश्व में शांति व समृद्धि का बनेगा माहौल : जैलेन्द्र कुमार

**अनगड़ा :** जसपुरिया बीएड कालेज बीसा गेतलसूद में मंगलवार से पांच दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत भारतीय ज्ञान को बढ़ावा देने में शिक्षक शिक्षा की भूमिका पर सेमीनार शुरू हुआ। इसका उदघाटन जसपुरिया एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक सह भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने किया। इसका आयोजन जसपुरिया बीएड कालेज व बेथेसदा वीमेन टीचर्स ट्रेनिंग कालेज रांची ने किया। सेमीनार में अतिथियों ने आनलाइन व आफलाइन तरीके से अपने अपने विचार रखे। अध्यक्षता कालेज के प्रिंसिपल डा. अनिल कुमार मिश्रा व संचालन डा. कुमारी प्रियंका शर्मा ने किया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा व शिक्षा पद्धति से ही हम विश्व में शांति व समृद्धि का माहौल बना सकते है। भारतीय ज्ञान परंपरा वैज्ञानिकता पर




आधारित है। यह हमें विश्व बंधुत्व का संदेश देता है। सभी के कल्याण की प्रार्थना करता है। देश ही नही पूरे विश्व को भारतीय शिक्षा पद्धति की और लौटना ही होगा। 21 जून को विश्व योग दिवस से इसकी शुरूआत हो गई है। सेमीनार में वीणा तीरू, डा. सीके पंकज, सरिता कुमारी, प्रवीण सिंह कुशवाहा आदि ने भी अनने अपने विचार आनलाइन रखा। इस अवसर पर पूजा कुमारी, महफूज अंसारी, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

# भारतीय रेलवे महाकुम्भ के भव्य आध्यात्मिक आयोजन में हो रहा सहायक

**प्रयागराज** में महाकुम्भ 2025 ने पहले ही 53 करोड़ पवित्र स्नान (स्नान) देखे हैं, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन बना रहे हैं। लाखों श्रद्धालु हर दिन यहां पहुंच रहे हैं, और भारतीय रेलवे इस भव्य आयोजन के दौरान यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महाकुम्भ क्षेत्र में पिछले 03 वर्षों में ?5000 करोड़ की लागत से विशाल लॉजिस्टिक कार्य किये गये हैं, ताकि सभी यात्रियों के लिए सुगम अनुभव सुनिश्चित हो सके। इसमें रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण, 13,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन और उन्नत भीड़ प्रबंधन प्रणालियां शामिल हैं। आइए, जानते हैं कि भारतीय रेलवे इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन में कैसे सहायक हो रहा है...

**महा कुम्भ 2025 के लिए विशाल रेलवे संचालन**

- यात्रा में सुगमता के लिए ट्रेन डाइवर्जन
- सभी मालगाड़ियों को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में डायवर्ट किया गया है, ताकि यात्री परिवहन को प्राथमिकता दी जा सके।
- 200 रेक्स को दोनों तरफ इंजन के साथ तैनात किया गया है, ताकि शंटिंग ऑपरेशन से बचा जा सके।

**अभूतपूर्व संख्या में ट्रेन सेवाएं**

- 26 फरवरी 2025 तक 13,000 ट्रेनों का संचालन किया गया था, जिसमें से 16 फरवरी 2025 तक 12,583 ट्रेनों का संचालन हो चुका था।

**भारतीय रेलवे द्वारा शिखर यात्री भीड़ का प्रबंधन**

- 13 जनवरी 2025 से 3.09 करोड़ श्रद्धालुओं को प्रयागराज कुम्भ क्षेत्र में सम्भाला गया।
- 17 फरवरी 2025 को 18.60 लाख यात्रियों और 16 फरवरी 2025 को 18.48 लाख यात्रियों का आवागमन, जो पिछले दो दिनों में सबसे अधिक यात्री गतिविधियों में से एक रहा।

**अन्य प्रमुख शिखर तिथियां**

15 फरवरी : 14.76 लाख यात्री
12 फरवरी : 17 लाख यात्री
10 और 11 जनवरी : 14 लाख से अधिक यात्री
30 जनवरी : 17.57 लाख यात्री
29 जनवरी : 27 लाख यात्री
28 जनवरी : 14.15 लाख यात्री
14 जनवरी : 13.87 लाख यात्री

**रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं**

श्रद्धालुओं की विशाल संख्या को समायोजित करने के लिए भारतीय रेलवे ने निम्नलिखित सुविधाएं सुनिश्चित की हैं...

**सुधारा गया बुनियादी ढांचा**

- भीड़ प्रबंधन के लिए 09 रेलवे स्टेशनों पर द्वितीय प्रवेशद्वार।
- 48 प्लेटफार्म और 21 फुट ओवर ब्रिज यात्रियों की आवाजाही को सहज बनाने के लिए।
- प्रयागराज मेला क्षेत्र में 09 प्रमुख स्टेशनों पर 1.186 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।
- 23 स्थायी होल्डिंग क्षेत्र यात्रियों की प्रतीक्षा को व्यवस्थित करने के लिए।

**प्रमुख स्टेशनों पर 12 भाषाओं में उद्घोषणा**

- प्रयागराज, नैनी, चियोकी, और सुबेदारगंज

**टिकटिंग सुधार**

- टिकटिंग प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 554 टिकटिंग केन्द्र, जिसमें 151 मोबाइल वळर टिकटिंग प्वाइंट्स शामिल हैं।

**प्रमुख रेलवे बुनियादी ढांचा उन्नयन भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं के लिए भारी निवेश किया है...**

- 3,700 करोड़ का निवेश प्रमुख रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में, जिनमें शामिल हैं।
- बनारस-प्रयागराज रेल दोहरीकरण, जिसमें एक नया गंगा पुल।
- फाफामऊ-जंघाई रेल दोहरीकरण ट्रेन क्षमता बढ़ाने के लिए।
- 21 नये रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज सड़क और रेल परिवहन की सुविधा के लिए।
- यात्री मार्गदर्शन के लिए रंग कोडेड सिस्टम

यात्रियों के लिए यात्रा आश्रय, होल्डिंग क्षेत्रों और टिकटों का रंग-कोडेड सिस्टम किया गया है, ताकि पहचान और दिशा-वार segregation आसान हो सके।

- लाल : लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी
- नीला : DDU, सासाराम, पटना
- पीला : मणिकपुर, झांसी, सतना, कटनी (मध्य प्रदेश क्षेत्र)
- हरा : कानपुर, आगरा, दिल्ली

**मजबूत सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन**

यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा उपाय किये हैं।

- नियंत्रण केन्द्रों की स्थापना विभिन्न स्तरों परः
- स्टेशन स्तर, विभाग स्तर, जोनल स्तर और रेलवे बोर्ड स्तर।
- सुरक्षा तैनाती
- 13,000 रेलवे सुरक्षा बल कर्मी।
- 10,000 सरकारी रेलवे पुलिस और पैरामिलिट्री कर्मी प्रमुख स्थानों पर तैनात।
- 3,000+ संचालन कर्मचारी सुनिश्चित करने के लिए।

अब तक 53 करोड़ स्नान हो चुके हैं, भारतीय रेलवे यह सुनिश्चित कर रहा है ताकि लाखों श्रद्धालु सुरक्षित और आरामदायक यात्रा कर सकें। विशेष ट्रेनों से लेकर उन्नत भीड़ नियंत्रण उपायों तक, रेलवे नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन को कुशलतापूर्वक सम्भाल रहा है।

## जल जमाव से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया एनएच जाम



**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पीपराकोठी एनएच पर वर्षों से जल जमाव की समस्या के त्रस्त ग्रामीणों ने मंगलवार को एनएच जाम कर रोष व्यक्त किया। जल निकासी को लेकर बरकुरवा के ग्रामीणों ने बताया कि कई बार एनएचआई के पदाधिकारियों व सरकार के अधिकारियो पत्र भेज चुके हैं ।लेकिन सामाधान नही मिला ।जिस कारण मजबूर होकर ग्रामीण नवोदय स्कूल के समीप एनएच को जाम किया गया। जाम के कारण मोतिहारी से गोपालगंज व मुजफ्फरपुर की ओर जाने वाली सड़क पर आवागमन करीब एक घंटे तक बाधित रहा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बरकुरवा के समीप एनएच पर सालोभर गांवों से निकलने वाली पानी लगा रहता है। यह समस्या एनएचआई का नाला जाम होने के कारण कई वर्षों है।

## एक नजर

### दक्षिण अफ्रीका लौटे गेंदबाजी कोच मॉर्कल

**दुबई :** भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच कोच मोर्ने मॉर्कल पिता के निधन के कारण दक्षिण अफ्रीका लौट गये हैं। इस प्रकार चैम्पियंस ट्रॉफी शुरू होने से पहले ही भारतीय टीम को एक झटका लग गया है। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। पिछले साल सितंबर में गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद ही मॉर्कल को गेंदबाजी कोच बनाया गया था। उनके आने के बाद भारतीय टीम की गेंदबाजी बेहतर हुई है। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के टीम में नहीं होने से कोच के तौर पर उनकी भूमिका और भी अहम हो गयी है। वह टीम के पहले अभ्यास सत्र में भी शामिल हुए थे। भारतीय टीम जब अपने दूसरे अभ्यास सत्र में भाग ले रही थी तब तक वह स्वदेश वापस लौट गये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार पिता के निधन की खबर मिलते ही वह अपने घर दक्षिण अफ्रीका रवाना हो गए, वह कब वापस आयेंगे कहा नहीं जा सकता। ऐसे में भारतीय टीम के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में गेंदबाजी कोच रहेगा या नहीं ये अभी पता नहीं चला है।

### लैनिंग ने बताया हार का कारण

**नयी दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मिली हार से बेहद निराश नजर आयीं। लैनिंग ने कहा कि अच्छी शुरूआत के बाद भी हमारी टीम लय बरकरार नहीं रख पायी। भाग्य ने हमारा साथ नहीं दिया। इस मैच में उनकी टीम ने पहले खेलते हुए 141 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को आरसीबी ने कप्तान स्मृति मंधाना के 81 रन की सहायता से जल्दी ही हासिल कर लिया। लैनिंग ने कहा कि आरसीबी ने बीच के दौर में अच्छी गेंदबाजी करके मैच से हमें बाहर कर दिया। गेंदबाजी के दौरान हम नई गेंद का भी हम लाभ नहीं उठा पाये आरसीबी की बल्लेबाजी भी अच्छी रही। कप्तान ने कहा कि दोनों टीमों के बीच आज अच्छी टक्कर हुई। इसमें आपको बस मैच जीतने का तरीका तलाशने की जरूरत थी। हमें बहुत जल्द वापसी का अवसर मिलने की संभावना है।

### फर्ग्यूसन चैम्पियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

**दुबई :** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट शुरू होने से एक दिन पहले ही न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा है। उसके एक प्रमुख तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोटिल होने के कारण टूनार्मेंट से बहार हो गये है। न्यूजीलैंड को इस टूनार्मेंट में अपना पहला मुकाबला बुधवार को मेजबान पाकिस्तान से खेलना है। फर्ग्यूसन की जगह अब तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को कीवी टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच में गेंदबाजी के दौरान फर्ग्यूसन को अपने दाहिने पैर में कुछ दर्द महसूस हुआ जिसकी जांच में पता चला कि वह टूनार्मेंट ही नहीं खेल पायेंगे। बोर्ड के अनुसार फर्ग्यूसन को रिहैब शुरू करने के लिए घर भेजा जाएगा।
वहीं जैमीसन टीम में उनकी जगह लेंगे पर वह पाकिस्तान के खिलाफ 19 फरवरी को होने वाले मैच में नहीं खेलेंगे।

# चौथे मैच में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को 08 विकेट से हराया

एजेंसी

**वडोदरा :** महिला प्रीमियर लीग 2025 के चौथे मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की और अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। दिल्ली की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी लेकिन शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 19.3




ओवर में 141 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा 34 रन बनाए, जबकि सारा ब्राइस ने 23 रन जोड़े। आरसीबी की ओर से गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। रेणुका ठाकुर सिंह और जॉर्जिया वेयरहैम ने तीन-तीन विकेट झटके, जबकि किम गर्थ और एकता बिष्ट ने दो-दो विकेट चटकाए। दिल्ली की ओर से मिले 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की टीम ने मजबूत शुरूआत की। स्मृति मंधाना ने 81 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें उन्होंने 47 गेंदों में 10 चौके और 3 छक्के लगाए। डेनिएल व्याट-हॉज ने भी 42 रनों का योगदान दिया। टीम ने 16.2 ओवर में सिर्फ दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।
दिल्ली कैपिटल्स के लिए अरुंधति रेड्डी और शिखा पांडे ने एक-एक विकेट लिया।

## जोकोविच ने वापसी करते ही वर्डास्को के साथ हासिल की धमाकेदार जीत

एजेंसी

**दोहा :** मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद नोवाक जोकोविच ने अपने पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने स्पेन के फर्नांडो वर्डास्को के साथ जोड़ी बनाकर कतर ओपन के युगल वर्ग के पहले दौर में अलेक्जेंडर बुब्लिक और करेन खाचानोव को सीधे सेटों में 6-1, 6-1 से हराया।
यह मुकाबला महज 48 मिनट तक चला, जिसमें 41 वर्षीय वर्डास्को और 37 वर्षीय जोकोविच की जोड़ी पूरी तरह हावी रही। वर्डास्को इस टूनार्मेंट के बाद संन्यास लेने वाले हैं, और यह जीत उनके करियर के अंतिम चरण में एक खास उपलब्धि रही। जोकोविच को पिछले महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ



खेलते हुए बाएं पैर की मांसपेशियों में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें मैच से रिटायर होना पड़ा था। अब पूरी तरह फिट होकर कोर्ट पर वापसी करने वाले जोकोविच और वर्डास्को का अगला मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश-फिनिश जोड़ी हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा से होगा।

## राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का भव्य आगाज

एजेंसी

**चेन्नई :** चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सोमवार को 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की भव्य शुरूआत हुई। तमिलनाडु सरकार के समर्थन से आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन का समापन 20 फरवरी को होगा। इस चैंपियनशिप में देशभर से 1,476 पैरा-एथलीटों ने भाग लिया है, जो 30 टीमों के तहत 155 स्पधाओं में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस इवेंट को देश की सबसे बड़ी पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में से एक माना जा रहा है। प्रतियोगिता में देश के शीर्ष पैरा-एथलीटों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, जिनमें टोक्यो पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल (भाला फेंक एफ 64), मरियप्पन थंगावेलु और नवदीप सिंह (भाला फेंक एफ 41) जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। यह आयोजन भारतीय पैरालंपिक समिति



और तमिलनाडु पैरालंपिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त प्रयासों से हो रहा है। पीसीआई अध्यक्ष देवेन्द्र झाझरिया ने इस चैंपियनशिप को भारतीय पैरा एथलेटिक्स के लिए एक नया मील का पत्थर बताते हुए कहा,
चेन्नई में यह चैंपियनशिप पैरा खेलों के लिए नए मानक स्थापित करेगी। 155 स्पधाओं में 1,476 एथलीटों की प्रतिस्पर्धा यह दशार्ती है कि भारत में पैरा खेलों की लोकप्रियता और प्रतिस्पर्धात्मकता तेजी से बढ़ रही है। विश्व स्तरीय सुविधाओं और समावेशिता की प्रतिबद्धता के साथ, हम भारतीय पैरा एथलेटिक्स के एक नए युग की ओर बढ़ रहे हैं। चैंपियनशिप के सफल आयोजन में तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आयोजकों को उम्मीद है कि यह इवेंट देश में पैरा स्पोर्ट्स को और मजबूत करेगा और भविष्य के अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए नए सितारों को तैयार करेगा।

## भारतीय टीम इस बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतेगी : क्लार्क

एजेंसी

**सिडनी :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि भारतीय टीम इस बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतेगी। क्लार्क ने कहा है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलास एकदिवसीय सीरीज में शानदार शतक लगाने के साथ ही फार्म में आ गये हैं और वह इस सीरीज में सबसे अधिक रन बनाएंगे। भारतीय टीम को हालांकि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के टीम से बाहर होने के कारण ट्रॉफ का कमजोर दावेदार माना जा रहा है पर क्लार्क इससे



सहमत नहीं हैं। क्लार्क का मानना है कि भारतीय टीम पाकिस्तान और दुबई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब को जीतने में कामयाब होगी। इस पूर्व बल्लेबाज ने ये भी कहा है कि रोहित टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनेंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-0 से हराया था जिससे वह आत्मविश्वास से भरी हुई नजर आ रही है। रोहित ने इस दौरान कटक में खेले गए मैच में 90 गेंद में 119 रन की आक्रामक पारी खेली थी। पिछले कुछ महीनों से खराब फॉर्म से गुजर रहे रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों में 122 रन बनाए। क्लार्क ने कहा कि रोहित को रन बनाते हुए देखकर अच्छा लगा और उम्मीद है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की ओर से अहम भूमिका निभाएंगे।

## बार्सिलोना विवादास्पद जीत के साथ ला लीगा में शीर्ष पर लौटा

एजेंसी

**मैड्रिड :** एफसी बार्सिलोना ने सोमवार रात को रेयो वैलेकैनो पर 1-0 की संकीर्ण और विवादास्पद जीत के साथ ला लीगा के शीर्ष स्थान पर वापसी की। बार्सा के लिए एकमात्र गोल रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने पेनल्टी के जरिए किया, लेकिन मैच में कई विवादास्पद फैसले देखने को मिले, जिनमें रेयो की पेनल्टी अपील की अनदेखी और एक संदिग्ध ऑफसाइड के चलते उनका गोल खारिज किया जाना शामिल था। पहले हाफ में बार्सिलोना ने अधिक आक्रमण किए, जिसमें लेवांडोव्स्की और रफिन्हा के प्रयास गोल में तब्दील नहीं हो सके। हालांकि, 27वें मिनट में बार्सा को पेनल्टी मिली, जब रेयो के पाथे सिस को इनिगो



मार्टिनेज को रोकने के लिए दोषी ठहराया गया। रेयो के गोलकीपर ऑगस्टो बटाला ने गेंद को पकड़ लिया था, लेकिन रेफरी मेलेरो लोपेज ने फाउल करार देते हुए पेनल्टी दी, जिसे लेवांडोव्स्की ने गोल में बदलकर बार्सा को बढ़त दिला दी। मैच में रेयो के खिलाड़ियों ने रेफरी के फैसलों पर नाराजगी जताई। पेनल्टी से पहले अब्दुल मुमिन पर हेक्टर फोर्ट के स्पष्ट शर्ट-पुल को नजरअंदाज कर दिया गया।

### अगले माह होगा सेपक टाकरा विश्वकप

**पटना :** बिहार पहली बार सेपक टाकरा विश्वकप की मेजबानी करने जा रहा है। ये विश्वकप अगले माह 20 से 25 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इसमें 24 देशों की टीमें लेंगी। पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होगाहै। इस आयोजन को लेकर सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच एक करार भी हुआ है। हार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि सेपक टाकरा वर्ल्ड कप का आयोजन बिहार में पहली बार हो रहा है यह बिहार के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है और यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। बिहार को इस प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर देने के लिए सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया का हम आभार जताते हैं।

## भारतीय क्रिकेटरों ने अभ्यास सत्र में जम कर बहाया पसीना

एजेंसी

**दुबई :** भारतीय टीम आजकल यहां चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के लिए अभ्यास में जुटी है। इसी के तहत ही दूसरे अभ्यास सत्र में कप्तान रोहित शर्मा, अुनभवी बल्लेबाज विराट कोहली सहित सभी भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। भारतीय टीम का पहला मैच बांग्लादेश से गुरुवार को है। इसमें विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर केएल राहुल को अवसर मिलने की संभावना है। इसी को देखते हुए राहुल टीम के नेट सत्र में बड़े शॉट लगाने का अभ्यास किया। पहले मैच में ऋषभ पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अवसर मिलने की संभावना कम है। इसी को देखते हुए राहुल पावर हिटिंग करते दिखे। इस टूनार्मेंट में राहुल की भूमिका अंतिम ओवरों में



अहम होगी जहां उन्हें तेज से रन बटोरने होंगे। इसी को देखते हुए उन्हें ह्यरेंज हिटिंग का अभ्यास करते हुए देखा जा सकता था। राहुल के अलावा मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी आक्रामक बल्लेबाजी कतरे दिखे। वहीं बल्लेबाज शुभमन गिल भी अभ्यास के दौरान अच्छे फार्म में नजर आये और उन्होंने कई अच्छे शॉट लगाये। रोहित ने भी लेट कट सहित अपने सभी पसंदीदा स्ट्रोक खेले। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट ने भी काफी अभ्यास किया। वहीं इससे पहले रविवार को अभ्यास के दौरान हार्दिक पंड्या के शॉट के कारण ऋषभ के घुटने में गेंद लग गयी थी पर अब वह ठीक हैं। इसी कारण उन्होंने विकेटकीपिंग और क्षेत्ररक्षण का अभ्यास नहीं किया और केवल बल्लेबाजी करते दिखे।

### भारतीय टीम के लिए तैयार की गयीं नयी पिचें

**दुबई :** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के दुबई पहुंचते ही पिचें बदल दी गयी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि भारत को खराब पिचें नहीं मिलेंगी। भारतीय टीम अपने तीनो लीग मैच दुबई में ही खेलेगी। इसी को देते हुए भारत के लीग मैचों के लिए दो नई पिचें तैयार रखी गई हैं। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। इसके बाद 23 फरवरी को उसका मुकाबला पाकिस्तान से होगा। वहीं 2 मार्च को उसे न्यूजीलैंड से ग्रुप स्तर का मुकाबला खेलना है। तीनों मुकाबले दुबई में होंगे। यहां पिछले एक महीने में पुरुष अंडर-19 एशिया कप और जनवरी-फरवरी में आईएलटी 20 लीग हुआ है।

## सीएसके के खिलाफ पहले मैच में नहीं खेलेंगे पांड्या

एजेंसी

**मुम्बई :** आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पांड्या हालांकि इस मैच में नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण उनपर पिछले सत्र में लगा एक मैच का निलंबन है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई की कप्तानी करते दिख सकत हैं।
मुंबई इंडियंस का पिछले सत्र में प्रदर्शन काफी खराब रहा था। तब हार्दिक पांड्या पर लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हुए अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के बाद धीमी ओवर




गति के लिए 30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया था और इसी कारण आईपीएल 2025 में फ्रेंचाइजी के पहले मैच से भी निलंबित कर दिए गए थे।
सीजन में तीसरी बार मुम्बई ओवर गति से पीछे रहा, जिसके कारण उनके कप्तान पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध भी लगाया गया। यही वजह है कि वह इस बार पहले मैच में हार्दिक खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। हालांकि उनकी जगह टीम की कमान किसे मिलेगी, इसके बारे में फ्रेंचाइजी ने अभी घोषणा नहीं की है पर माना जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव हार्दिक की जगह टीम की कमान संभाल सकते हैं। सूर्यकुमार यादव भारतीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं।
सीसीआई ने रविवार आईपीएल के 18वें सीजन का शेड्यूल जारी किया। बीसीसीआई के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में 13 स्थानों पर कुल 74 मैच खेले जायेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का आगाज ईडन गार्डंस में 22 मार्च को गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच मुकाबले से होगा।

## अब चैम्पियंस ट्रॉफी में एक मैच के लिए अपने परिवार को बुला सकेंगे खिलाड़ी

एजेंसी

**मुम्बई :** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का एक मैच देखने के लिए भारतीय खिलाड़ियों का परिवार दुबई जा सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कहा था कि लंबे दौरे में ही खिलाड़ियों का परिवार कुछ समय के लिए ही उनके साथ रह सकता है। बीसीसीसी ने ये नियम इसलिए बनाया था ताकि खिलाड़ी खेल पर ही ध्यान केन्द्रित कर सकें। इसी कारण चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए दुबई गयी भारतीय टीम के किसी भी




खिलाड़ी के साथ परिवार नहीं था। वहीं अब बीसीसीआई ने लचीला रुख अपनाते हुए कहा है कि खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार को अपने साथ रख सकेंगे। अभी तक कहा जा रहा था कि चैम्पियंस ट्रॉफी छोटा टूनार्मेंट है। ऐसे में परिवार को खिलाड़ियों के साथ रहने और वीवीआईपी बॉक्स से मैच देखने की अनुमति नहीं होगी! वहीं अब एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई ने केवल एक मैच के लिए परिवार को साथ रखने और मैच देखने की अनुमति दी है। हाल ही में टीम मैनेजमेंट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया से मुलाकात की थी और उस बैठक के बाद ही ये तय हुआ था कि है कि खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार को दुबई बुला सकते हैं।

## भारतीय टीम के पास चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने का अच्छा अवसर

एजेंसी

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट में भारतीय टीम के पास जीत का अच्छा अवसर है। चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले धवन ने कहा, मुझे याद है जब मैंने 2013 में पहली बार इसमें खेला था, और तो ये टूनार्मेंट मुझे यह बहुत पसंद आया था, और इस टूनार्मेंट को लेकर इस बार भी भावी विजेता को लेकर काफी चचाएं हैं। मेरी उम्मीदें भारतीय टीम से हैं। जिस प्रकार उसने हाल के दिनों में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में



बहुत अच्छा खेला उससे भी पता चलता है कि टीम अच्छी लय में हैं। धवन का कहना है कि भारतीय टीम मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी किस प्रकार पूरी करेगी ये बड़ा सवाल है। इसका कारण है कि बुमराह मेरे अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं, और उनकी तरह की गेंदबाजी करना आसान नहीं है। धवन को युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हर्षित राणा टीम में शामिल हो गए हैं और मुझे लगता है कि यह वाकई रोमांचक है। उन पर नजर रखें, मुझे लगता है कि वह टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं। मुझे उनका आक्रामक गेंदबाजी का अंदाज पसंद है, वह हमेशा आगे बढ़ते रहते हैं और उन्हें किसी भी चीज से डर नहीं लगता। वह चुनौतियों को स्वीकार करते हैं और हमने इंग्लैंड सीरीज में देखा है कि वह फॉर्म में हैं। मुझे भरोसा है कि वह इस अवसर का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे और अगर वह ऐसा करते हैं, तो वह भारत के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। धवन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी में भारती की जीत की दावेदारी इसलिए भी पक्की है क्योंकि उसके पास एक संतुलित टीम है, खास तौर पर बल्लेबाजी में है। टीम के पास युवा ओर अनुभवी दोनो ही तरह के खिलाड़ी हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करेंगे। कप्तान रोहित शर्मा ने फॉर्म हासिल कर लिया है, विराट कोहली भी लय में आ गये हैं। इन्हें रोकना किसी भी टीम के लिए कठिन होगा। धवन ने कहा की भारतीय टीम के अलावा दक्षिण अफ्रीका का हाल के अच्छे प्रदर्शन से जीत की दावेदार बनकर उभरी है।



दोहा में स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्कारेज राउंड 32 मैच में खेलते हुए।

## एक झलक

### द हैबिटैट्स ट्रस्ट ग्रांट के आठवें संस्करण के लिए आवेदन शुरू

**रांची :** भारत के प्राकृतिक आवासों और वहां की मूल प्रजातियों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए काम कर रही नॉट-फॉर-प्रॉफिट संस्था, द हैबिटैट्स ट्रस्ट ने द हैबिटैट्स ट्रस्ट ग्रांट्स के आठवें संस्करण की घोषणा की है। इस संस्करण में टीएचटी रिसर्च ग्रांट शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य संरक्षण के पारिस्थितिक, सामाजिक और तकनीकी पहलुओं पर विविध विषयगत अनुसंधानों को बढ़ावा देना है। ग्रांट के लिए आवेदन पत्र 15 फरवरी से 17 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे, तथा अंतिम विजेताओं की घोषणा अक्टूबर, 2025 में की जाएगी। लोगों और संगठनों द्वारा इसके लिए आवेदन www.thehabitatstrust.org पर किए जा सकते हैं। इस साल इस ग्रांट के इतिहास का सबसे बड़ा फंडिंग सायकल है, जब पूरे देश में संरक्षण परियोजनाओं के लिए 3.5 करोड़ रुपये की ग्रांट दी जा रही है। ऋषिकेश चव्हाण, हेड, द हैबिटैट्स ट्रस्ट ने कहा, ह्लटीएचटी ग्रांट्स कम ज्ञात प्रजातियों और महत्वपूर्ण आवासों के संरक्षण और उनके सकारात्मक परिवर्तन की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। प्रभावशाली परियोजनाओं में निवेश की मदद से हम उन संगठनों और लोगों के साथ साझेदारी करते हैं जो भारत की जैव विविधता की रक्षा और उसके संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं।

### एपीडा ने बायोफैच 2025 में भारत की जैविक विरासत को किया प्रदर्शित

**नयी दिल्ली :** कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने जर्मनी के नूर्नबर्ग में मेसजेंट्रम में 11 से 14 फरवरी, 2025 तक आयोजित बायोफैच 2025 में एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर हुए थे। इसका उद्देश्य भारत को बायोफैच 2026 में वर्ष का भागीदार देश बनाने का है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि भारत की समृद्ध कृषि विरासत और टिकाऊ खेती की बढ़ती मांग के उपलक्ष्य में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने जर्मनी के नूर्नबर्ग में मेसजेंट्रम में 11 से 14 फरवरी, 2025 तक आयोजित बायोफैच 2025 में भारत मंडप के तहत भारतीय निर्यातकों की भागीदारी का आयोजन किया गया था। बायोफैच 2025 में एपीडा इंडिया मंडप का उद्घाटन म्यूनिख में भारत के महावाणिज्यदूत शत्रुघ्न सिन्हा और एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने किया था। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में 11 फरवरी 2025 को एपीडा और नूर्नबर्ग मेसे के बीच एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर भी हुए, जिससे भारत को बायोफैच 2026 में वर्ष का भागीदार देश बनाया जा सके। इस आशय पत्र पर नूर्नबर्ग मेसे के प्रबंधन बोर्ड की उपाध्यक्ष और सदस्य विक्टोरिया वेहसे और एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने म्यूनिख में भारतीय महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत शत्रुघ्न सिन्हा की उपस्थिति में आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। यह हस्ताक्षर भारत और बायोफैच के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी में एक निर्णायक था, जिसमें भारत ने पहले 2012 में प्रतिष्ठित भागीदार देश का खिताब अपने नाम किया था। यह भारत के लिए अगले साल इस वैश्विक कार्यक्रम में सुर्खियों में आने और बायोफैच 2026 में दुनिया के लिए जैविक खाद्य टोकरी के रूप में भारत की ताकत पेश करने का मंच भी तैयार करता है।

# यूएई में भी बिकेगी रिलायंस की कैम्पा

- रिलायंस ने एग्थिया ग्रुप के साथ की साझेदारी
- शुरुआत में कैम्पा कोला, कैम्पा लेमन और कैम्पा ऑरेंज और कोला जीरो होंगे लॉन्च




**दुबई, यूएई/बेंगलुरु :** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (फ्छढछ) ने यूएई में कैम्पा ब्रांड को लॉन्च कर दिया है। लॉचिंग दुनिया के सबसे बड़े फूड एंड बेवरेज सोर्सिंग इवेंट, गल्फूड में की गयी। कैम्पा को यूएई के एग्थिया ग्रुप के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया है। एग्थिया ग्रुप यूएई की मशहूर फूड एंड बेवरेज कम्पनियों में से एक है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा, ₹हम 50 साल से भी अधिक पुराने भारतीय ब्रांड कैम्पा के साथ यूएई के बाजार में प्रवेश करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हम लम्बी अवधि के लिए निवेश कर रहे हैं और इस क्षेत्र में तेजी से विकास की काफी सम्भावनाएं देख रहे हैं। हमारे पास ग्राहकों को किफायती कीमतों पर वैश्विक गुणवत्ता वाले उत्पाद देने का ट्रैक रिकॉर्ड है। कैम्पा सिर्फ. एक ड्रिंक नहीं है; यह एक विरासत का पुनरुद्धार है, यह भारत का स्वाद है। हमें पूरा भरोसा है कि यूएई के उपभोक्ताओं को इसका ताजा स्वाद पसंद आयेगा। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, एग्थिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन स्मिथ ने कहा, ₹हम यूएई में कैंपा कोला लाने के लिए रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। यह प्रतिष्ठित ब्रांड कई लोगों के लिए गहरी पुरानी यादों की तरह है, हमारा मानना है कि यह यूएई में महत्त्वपूर्ण भारतीय प्रवासी समुदाय और स्थानीय उपभोक्ताओं के साथ समान रूप से जुड़ जायेगा। यह साझेदारी एग्थिया के विविध पेय पोर्टफोलियो को और मजबूत करेगा। हमारे मजबूत वितरण नेटवर्क और बाजार विशेषज्ञता के साथ, हम यूएई में उपभोक्ताओं की नयी पीढ़ी के लिए कैम्पा कोला को फिर से पेश करने के लिए उत्साहित हैं। कम्पनी ने कहा है कि शुरूआत में कैम्पा पोर्टफोलियो में कैम्पा कोला, कैम्पा लेमन और कैम्पा ऑरेंज और कोला जीरो शामिल होंगे। अपनी आकर्षक लाल और बैंगनी पैकेजिंग और किफायती मूल्य वाले उत्पाद के वायदे के साथ कैम्पा यूएई में सफलता की कहानी लिखने को तैयार है। बताते चलें कि रिलायंस ने 2022 में कैम्पा कोला का अधिग्रहण किया था और 2023 में इसे भारत में फिर से पेश किया था।

## बड़ी गिरावट के बाद शेयर बाजार ने निचले स्तर से की रिकवरी

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद लाल निशान में बंद हुआ। हालांकि आज के कारोबार के दौरान एक बार फिर घरेलू संस्थागत निवेशकों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी बड़ी गिरावट के बावजूद निचले स्तर से काफी हद तक रिकवरी करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, आईटी और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसके साथ ही मेटल, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और हेल्थ केयर इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.71 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढ़ाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 397.81 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 400.32 लाख करोड़ रुपये था।

## 35वें स्थापना दिवस पर बीएम बिरला हार्ट हॉस्पिटल के चौथे स्टेट ऑफ आर्ट कैथ लैब का उद्घाटन



**रांची :** सीके बिरला हॉस्पिटल्स बीएम बिरला हार्ट हॉस्पिटल ने हाल ही में अपनी 35वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई, जिसमें एडवांस्ड हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में अपनी शानदार यात्रा का जश्न मनाया गया। अस्पताल ने वर्षों के दौरान नैतिक चिकित्सा प्रथाओं और हृदय उपचार में कई अभूतपूर्व इनोवेशंस के लिए सम्मान प्राप्त किया है। भारत का पहला NABH-प्रमाणित अस्पताल होने के नाते, बीएम बिरला हार्ट हॉस्पिटल को उच्च चिकित्सा कौशल और नर्सिंग सेवा में श्रेष्ठता के लिए सराहा गया है, जिससे यह हृदय देखभाल का एक विश्वसनीय और प्रमुख गंतव्य बन गया है। इस आयोजन ने प्रमुख चिकित्सकों, अस्पताल प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर्स को एकजुट किया, ताकि वे संस्थान की यात्रा और हृदय रोग देखभाल में इनोवेशन के प्रति इसकी निरंतर प्रतिबद्धता पर चर्चा कर सकें। इस उत्सव ने बीएमबी की तकनीकी प्रगति, रोगी-केंद्रित देखभाल और चिकित्सा अनुसंधान में निरंतर सुधार को भी प्रदर्शित किया। अस्पताल ने वर्षों से हृदय रोग देखभाल में अनूठे और प्रभावी उपचार पद्धतियां प्रस्तुत की हैं, जो हृदय स्वास्थ्य के नए मानक निर्धारित करती हैं- बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, जटिल हृदय देखभाल में एक समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में, बीएम बिरला हार्ट हॉस्पिटल ने अपनी चौथी अत्याधुनिक कैथ लैब का उद्घाटन किया, जिसमें पूर्वी भारत का पहला एआई-आधारित इको नेविगेटर, एक एडवांस्ड हार्ट नेविगेटर और वैश्विक स्तर पर सहयोग की सुविधा देने वाला एक कार्डियोवैस्कुलर वर्कस्पेस शामिल है। इसके अलावा, लैब में रेडिएशन के प्रभाव को कम करने के लिए डोज-वाइज प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध है।

### भारी उद्योग मंत्रालय ने रिलायंस न्यू एनर्जी बैटरी लिमिटेड के साथ समझौते पर किया हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्रालय ने देश के उन्नत बैटरी विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक बड़े कदम के रूप में उन्नत रसायन सेल (एसीसी) को लेकर उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत रिलायंस न्यू एनर्जी बैटरी लिमिटेड (रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक सहायक कंपनी) के साथ एक कार्यक्रम समझौते पर हस्ताक्षर किए। सोमवार को हुआ यह समझौता एक प्रतिस्पर्धी वैश्विक निविदा प्रक्रिया के बाद रिलायंस न्यू एनर्जी बैटरी लिमिटेड को 10 गीगावाट घंटा एसीसी क्षमता प्रदान करता है और इसे भारत की 18,100 करोड़ रुपये की पीएलआई एसीसी योजना के तहत प्रोत्साहन प्राप्त करने योग्य बनाता है। यह समझौता मई 2021 में मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत उन्नत रसायन सेल बैटरी स्टोरेज पर राष्ट्रीय कार्यक्रम पर प्रौद्योगिकी पीएलआई योजना के कार्यान्वयन में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## रेडक्लिफ लैब्स ने जमशेदपुर में स्थापित की अत्याधुनिक लैब



**जमशेदपुर :** रेडक्लिफ लैब्स, प्रमुख पैन-इंडिया ओमनीचैनल डायग्नोस्टिक सर्विस प्रोवाइडर, ने हाल ही में जमशेदपुर, झारखंड में अपने अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक लैब का उद्घाटन किया। यह लैब कासिडीह न्यू लेआउट एरिया, न्यू बाराद्वारी, सितारामडेरा टाउन, जमशेदपुर में स्थित है, और रेडक्लिफ लैब्स की झारखंड में 2 अत्याधुनिक लैब और 50+ कलेक्शन सेंटर के साथ उपस्थिति को और मजबूत करती है। यह कदम रेडक्लिफ लैब्स की पूरे भारत में गुणवत्तापूर्ण डायग्नोस्टिक सर्विसेज प्रदान करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। जमशेदपुर में यह लैब झारखंड में बढ़ती NCDs (गैर-संक्रामक बीमारियों) को देखते हुए स्ट्रैटेजिकली खोला गया है। झारखंड में सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से यह चिंताजनक तथ्य सामने आया है कि राज्य की 16.3% जनसंख्या डायबिटीज से जूझ रही है और 21% से अधिक लोग उच्च रक्तचाप से प्रभावित हैं। रेडक्लिफ लैब्स की टेस्ट कैपेबिलिटी, जिसमें बायोकैमिस्ट्री, हेमटोलॉजी, इम्यूनोएस्से, क्लिनिकल पैथोलॉजी, हार्मोन और सेरोलॉजी शामिल हैं, और हर महीने 10,000+ सैंपल्स को हैंडल करने की क्षमता, जमशेदपुर और इसके आसपास के क्षेत्रों में हेल्थकेयर परिदृश्य में महत्वपूर्ण सुधार लाएगी। रेडक्लिफ लैब्स की सर्विसेज का लाभ लेने के लिए कस्टमर ऐप, वेबसाइट, व्हाट्सएप के जरिए टेस्ट बुक कर सकते हैं या लैब या कलेक्शन सेंटर पर जा सकते हैं। रेडक्लिफ लैब्स का टेस्ट मेनू समग्र हेल्थकेयर की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है और यह सभी उम्र के मरीजों के लिए उन्नत डायग्नोस्टिक टेस्ट्स प्रदान करता है। सैंपल कलेक्शन की प्रक्रिया एक ही प्रिक से की जाती है, जिसे DMLT-प्रमाणित फलेबोटोमिस्ट द्वारा सही तरीके से लिया जाता है। प्रत्येक सैंपल का सटीक मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें 50+ इंटर्नल और एक्सटर्नल क्वालिटी चेक्स की जाती हैं, ताकि सटीकऔर समझने में आसान स्मार्ट रिपोर्ट प्रदान की जा सके। सभी रिपोर्ट्स को MD पैथोलॉजिस्ट द्वारा मूल्यांकन किया जाता है और उसके बाद मरीजों के साथ साझा की जाती है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मरीजों को उपचार के बजाय रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, रेडक्लिफ लैब्स प्रत्येक रविवार को हेल्थ कैंप्स आयोजित करता है, जिससे मरीजों तक पहुंच बढ़ती है। इसके अलावा, सभी सर्विसेज पर 10% अतिरिक्त डिस्काउंट की लॉन्च ऑफर का लाभ भी लोग उठा सकते हैं।

## भारत-कतर की भावी साझेदारी स्थिरता, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और ऊर्जा के आधार पर बरकरार रहेगी : पीयूष गोयल


**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-कतर की भावी साझेदारी का आधार स्थिरता, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता तथा ऊर्जा है। वह मंगलवार को यहां भारत-कतर संयुक्त व्यापार मंच के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी इस सत्र के मुख्य अतिथि थे। गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी विश्वास, व्यापार और परंपरा की बुनियाद पर टिकी है। उन्होंने कहा कि व्यापार की शर्तें बदल रही हैं, ऊर्जा व्यापार से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), क्वांटम कंडक्टिंग, सेमीकंडक्टर आदि जैसी उभरती हुई तकनीकें भी इसमें शामिल हैं। भू-राजनीतिक तनाव, जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा खतरों और दुनिया भर में स्थानीयकरण पर ध्यान केंद्रित करने के संदर्भ में सम्पूर्ण विश्व एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और कतर एक दूसरे के पूरक हैं और समृद्धि तथा बेहतर भविष्य के लिए संयुक?त रूप से कार्य कर सकते हैं। दोनों देश मिलकर व्यापार, निवेश के मामले में बदलाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने कतर व्यवसायी संघ (क्यूबीए) तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के बीच हस्ताक्षरित दो समझौता ज्ञापनों तथा इन्वेस्ट कतर और इन्वेस्ट इंडिया के बीच हस्ताक्षरित एक अन्य समझौता ज्ञापन का भी उल्लेख किया। गोयल ने इस मौके पर व्यापार और वाणिज्य पर संयुक्त कार्य समूह को मंत्री स्तर पर उन्नत करने की भी घोषणा की। पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि आज चाहे बड़े देश हों या वैश्विक मंच, भारत के प्रति विश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत है। उन्होंने व्यापार जगत प्रमुखों से उसी भावना और आत्मविश्वास के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत एक जीवंत अर्थव्यवस्था, युवा आबादी के साथ एक समृद्ध जनसांख्यिकी, व्यापार के हर क्षेत्र में सुधार के अलावा कारोबार में सुगमता पर ध्यान केंद्रित करने और अपने औद्योगिक विकास केंद्रों में गुणवत्ता प्रदान करता है।

### शेमारु उमंग के शो 'जमुनीया' में आलिया घोष ने तोड़ी सुंदरता की पारम्परिक धारणाएं




**मुंबई :** समाज में एक ओर जहां सुंदरता को अक्सर त्वचा के रंग से आंका जाता है, वहीं शेमारू उमंग अपनी नई पेशकश 'जमुनीया' के साथ ऐसी रूढ़िवादी मान्यताओं को चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार है। शो की पहली झलक हमें जमुनीया से मिलवाती है, जिसे आलिया घोष निभा रही हैं जो एक निडर लड़की हैं। जमुनिया की कोशिश है कि वह समाज को यह तय नहीं करने देगी कि सुंदरता को केवल रंग पर आँका जाये। यूपी के एक गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो के टीजर में एक मेले की चहल-पहल के बीच कुछ छोटी बच्चियां बड़े उत्साह के साथ गुड़ियों की दुकान पर जाती हैं और अपनी जैसी दिखने वाली गुड़िया खोजती हैं। जब वह दुकानदार से ऐसी गुड़िया मांगती है, तो उसका जवाब चुभने वाला होता है कि काले रंग की गुड़िया कौन खरीदता है? ऐसे शब्द सदियों से समाज में रंगभेद की आवाज बनते नजर आते हैं। टीजर का अंत एक सशक्त सवाल छोड़ जाता है। एक छोटे से गांव की लड़की कैसे इन रूढ़ियों को तोड़कर अपनी पहचान बनाएगी, यह देखने लायक होगा।

## विक्रांत मैसी के बैकफ्लिप के साथ कैम्पस एक्टिववियर ने लॉन्च किया 'मूव यॉर वे' कैम्पेन का दूसरा चरण




**नयी दिल्ली/रांची :** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेजर फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने जाने-माने भारतीय अभिनेता विक्रांत मैसी के साथ ब्राण्ड के कैंपेन 'मूव यॉर वे' के दूसरे चरण की शुरूआत की है। कैंपेन की पहली फिल्म की शानदार सफलता के बाद यह दूसरी फिल्म आत्मविश्वास के साथ अपने व्यक्तिगत अंदाज को अपनाने का संदेश देती है। यह फिल्म फैशन विकल्पों के माध्यम से दर्शकों को अपने जुनून और अनूठी यात्रा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। फिल्म की शुरुआत ऐसे दृश्य के साथ होती है जिसमें विक्रांत मैसी आत्मविश्वास के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग में हैं। मीटिंग के दौरान उनकी मुलाकात दो निवेशकों से होती है, जो उनके सामने आकर्षक प्रस्ताव रखते हैं, वहीं विक्रांत अपने विचारों में खोए, कमरे में चहलकदमी नजर आते हैं। निवेशक निडर होकर अपने प्रस्ताव रखते हैं, इक्विटी, अपनी खुद की स्पोर्ट्स कार, पेंटहाउस और यहां तक कि क्रिप्टोकरेन्सी जैसे आकर्षक प्रस्ताव पेश करते हैं। भावनाओं की अभिव्यक्ति का शक्तिशाली प्रदर्शन करते हुए विक्रान्त सहजता और आत्मविश्वास को दर्शाते हैं। उनके स्टाइलिश कैंपस जूतों की ओर इशारा करते हुए वे कहते हैं 'डैम गुड शूज, यार!' यह अप्रत्याशित कदम निवेशकों को चौंका देता है, उनमें दिलचस्पी उत्पन्न कर अनूठी छाप छोड़ जाता है। फिल्म एक शक्तिशाली संदेश के साथ समाप्त होती है, 'व्हेन यू मूव यॉर वे, द वर्ल्ड मूव्स विद यू। कॅम्पस, मूव यॉर वे।' कैंपेन के बारे में बात करते हुए प्रेरणा अग्रवाल, चीफ इनोवेशन ऑफिसर, कैंपस एक्टिववियर ने कहा, 'हमारा कैंपेन 'मूव यॉर वे' अपने अंदाज में भावनाओं की अभिव्यक्त का जश्न मनाता है, इस यात्रा की शुरूआत नवम्बर में हमारी पहली फिल्म के साथ हुई थी। दूसरी फिल्म भी हमारे इसी दृष्टिकोण पर जोर देते हुए संदेश देती है कि जब आप अपने अंदाज में आत्मविश्वास के साथ अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति करते हैं तो आपके सामने ढेरों अवसर खुल जाते हैं।' कैम्पेन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विक्रांत मैसी ने कहा, 'मैं हमेशा से प्रमाणिकता में भरोसा करता हूं और एक ऐसे ब्राण्ड के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है जो न सिर्फ इस अवधारणा को बढ़ाव देता है बल्कि मेरे अपने अंदाज को खुलकर अपनाने की मेरी यात्रा के अनुरूप भी है।' इस अवसर पर देवैया बोपन्ना, सह-संस्थापक, मूनशॉट ने कहा, 'एक ऐसे ब्राण्ड के साथ जुड़ना हमारे लिए बेहतरीन मौका है, जो विरासत को बनाए रखते हुए आधुनिक सांस्कृतिक रूझानों पर भी खरा उतर रहा है। इस कैंपेन के माध्यम से हम रचनात्मकता को आगे बढ़ाते हुए ब्राण्ड की मूल अवधारणा और सांस्कृतिक रूझानों को एक दूसरे के साथ जोड़ना चाहते हैं।'

## पेज एक के शेष

**हेमन्त सोरेन ने 289 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र...**
युवाओं को रोजगार दिलाना, उनके उज्ज्वल भविष्य की सोच के साथ मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश में हमलोग काम कर रहे हैं।

**सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका खास : सुदिव्य कुमार**
**नगर** विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा, 'आज इस प्रोजेक्ट बिल्डिंग से 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। आंखों में सुनहरी चमक लेकर आप उज्वल भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ा रहे हैं। शहरीकरण दिनों दिन तेजी से बढ़ रहा है। बेहतर शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से निकल कर शहरों की तरफ आ रहे हैं। शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को हम मजबूत कर रहे हैं। हम शहरों के विकास के मानकों के आधार पर अपने निकायों को संचालित करने का प्रयास कर रहे हैं। आज बहुत खुशी का दिन है कि तमाम राजनीतिक झंझावातों को पार करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के बच्चों को नियुक्ति देने में सफल रहे हैं। हेमन्त सरकार 2.0 के तीसरे महीने में हमने नियुक्तियों का कारवां शुरू कर दिया है।' उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को कहा, 'नगर विकास मंत्री के तौर पर मेरी भी कुछ अपेक्षाएं आप से हैं। आज आपके लम्बे सरकारी जीवन की शुरुआत हो रही है। सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका एक अधिकारी और कर्मचारी के तौर पर बहुत महत्त्वपूर्ण है और आपसे बेहतर सेवाओं की उम्मीद है। आप सिस्टम का एक बेहतर पार्ट बनने आये हैं।'

**नगर विकार के प्रति सरकार प्रतिबद्ध : मुख्य सचिव**
**मुख्य** सचिव अलका तिवारी ने कहा, 'राज्य सरकार नगर के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। राज्य की एक चौथाई आबादी शहरों में निवास करती हैं। शहरी क्षेत्र राज्य के विकास का चेहरा होता है। निकाय क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर्स की चुनौती है। सड़क, नाली ट्रांसपोर्टेशन की चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आजीविका की तलाश में शहर आते हैं, जिससे शहरों की भौगोलिक संरचना चुनौती के रूप में उभरती है। आप सभी का ऊपर दायित्व है कि शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभायें। अर्बन एरिया में टेक्निकल लोगों की आवश्यकता है। पहले झारखंड में टाउन प्लानर की भी नियुक्ति होती थी, लेकिन पहली बार सहायक टाऊन प्लानर की नियुक्ति वर्तमान सरकार में हो रही है। आप सभी को मेरी शुभकामनाएं और पूरी लगन एवं सुनियोजित नतीजे से ऐक्टिव रोल में अपने कार्यों को अंजाम दें और शहरों के विकास में झारखंड सरकार का साथ दें।'

**निकाय क्षेत्रों में किये जा रहे हैं विकास कार्य : सुनील कुमार**
**नगर** विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि आज खुशी का दिन है। सरकार द्वारा इस वर्ष नियुक्तियां शुरू हो गयी हैं। सरकार द्वारा निकाय क्षेत्रों में विकास कार्य किये जा रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निकाय सहित विभिन्न सेक्टर में प्रतिभावान लोगों की जरूरत है। आप अपना काम तत्परता और पारदर्शिता के साथ करेंगे, ऐसी उम्मीद है।

**नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत कुल 289 अभ्यर्थियों को दिया गया नियुक्ति पत्र**
**कार्यक्रम** में गार्डेन अधीक्षक, वटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एण्ड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक एवं विधि सहायक के पदों पर कुल 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इनमें गार्डेन अधीक्षक के 09, भेटनरी ऑफिसर के 08, सेनेटरी एण्ड फूड इंस्पेक्टर के 12, सेनेटरी सुपरवाईजर के 42, राजस्व निरीक्षक के 174 एवं विधि सहायक के 44 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। राज्य सरकार लगातार विभिन्न विभागों में नियुक्ति कर रही है। इससे पूर्व नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत कार्यपालक पदाधिकारी/सहायक नगर आयुक्त/विशेष पदाधिकारी, सहायक नगर निवेशक तथा लेखा पदाधिकारी सहित सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर एवं पाइप लाइन इंस्पेक्टर सहित कुल-491 अभ्यर्थियों की नियुक्ति जा चुकी है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, निदेशक सुडा अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं नवनियुक्त अभ्यर्थी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने 06 पोर्टल्स का अनावरण और नव प्रवर्तन केन्द्र (इनोवेशन हब) का किया उद्घाटन...**

**निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल :** निजी विश्वविद्यालय पोर्टल राज्य में नये निजी विश्वविद्यालयों के स्थापना एवं प्रबंधन की प्रक्रिया को सरल बनायेगा।

**मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल :** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने, उच्च शिक्षण संस्थानों स्तर पर शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू हेतु यह पोर्टल विकसित किया गया है। इससे विद्यार्थियों को फेलोशिप हेतु आवेदन एवं इसका लाभप्राप्त करने में आसानी होगी।

**अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल :** राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों तथा विभागान्तर्गत अन्य संस्थानों में अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं का चयन करते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षुओं के चयन प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ करने हेतु अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल विकसित किया गया है।

**वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल :** राज्य में वित्त रहित स्थायी सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की मौजूदा प्रक्रिया में न केवल समय लग रहा है, बल्कि निरीक्षण और सत्यापन के कई स्तर भी हैं। इस पोर्टल के विकसित होने से महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया सरल होगी और समय भी कम लगेगा।

**इनोवेशन हब** (Inovation Hub) **:** क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, रांची परिसर में स्थापित इनोवेशन हब रचनात्मक एवं नवाचारी विचारों का पोषण, इनोवेटिव सोच और व्यावहारिक समस्या का समाधान, इनोवेशन को प्रेरित करने आदि के लिए उचित वातावरण प्रदान करेगा।

**साइन्स सिटी, रांची :** रांची स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र साइन्स सिटी के रूप में अपग्रेड करने हेतु 270 करोड़ की परियोजना तैयार की गयी है। इसका निर्माण लगभग 25 एकड़ भूमि पर किया जायेगा। इसके निर्माण से रांची में वैज्ञानिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटकों के दर्शन हेतु वैज्ञानिक प्रदर्शन के साथ-साथ मनोरंजन का साधन भी उपलब्ध होगा।

**कार्यक्रम में ये रहा खास...**

**रांची विश्वविद्यालय, रांची के प्रस्तावित नये भवन का प्रेजेंटेशन :** रांची विश्वविद्यालय का नया भवन कुल रुपये 1100 करोड़ की लागत से रांची जिला के चेड़ी में अवस्थित 87 एकड़ भूमि पर स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में रांची विश्वविद्यालय, रांची के नये परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इस नये परिसर में राज्य के 30,000 छात्र-छात्राओं को विश्वस्तरीय सुविधा के साथ शिक्षा उपलब्ध कराया जायेगा।

**झारखंड स्टूडेंट रिसर्च एंड इनोवेशन पॉलिसी, 2025 का उद्देश्य :** राज्य में छात्रों के बीच अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा के उद्देश्य से झारखंड स्टूडेंट रिसर्च एंड इनोवेशन पॉलिसी, 2025 गठित की जा रही है। यह नीति उच्च शिक्षा में अनुसंधान के एकीकरण पर जोर देती है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। यह नीति स्टार्टअप के लिए सीड फंडिंग (seed funding) और अनुसंधान परियोजनाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों के लिए अनुदान प्रदान करती है। रुपये 1,280 करोड़ के बजट के साथ यह नीति झारखंड छात्र अनुसंधान एवं नवाचार निधि के तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को संस्थान अनुसंधान और इनोवेशन सेल की स्थापना के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगी। झारखंड को अनुसंधान-आधारित आर्थिक और तकनीकी विकास का एक प्रमुख केन्द्र बनाने में यह नीति सहायक होगी।

**शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास : सुदिव्य कुमार**
**इस** अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा, 'राज्य में उच्च शिक्षा की पहुंच को सरल बनाने हेतु मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के उद्देश को सार्थक बनाने की ओर बढ़ाये गये इस ठोस कदम के लिए मैं विभाग के पदाधिकारियों का स्वागत करता हूं। यहां उपस्थित गण्यमान्य अतिथियों एवं पदाधिकारियों को मैं अपनी ओर से बहुत-बहुत आभार एवं शुभकामनाएं देता हूं।' उन्होंने कहा, 'आनेवाले समय में राज्य के बच्चों को दक्ष बनाना सरकार की प्राथमिकता है। दक्षता के क्षेत्र में झारखण्ड के विद्यार्थियों को आगे रखने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न पोर्टल्स का शुभारम्भ होना एक सकारात्मक पहल है। इन महत्त्वपूर्ण पोर्टल्स की लॉन्चिंग आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के करकमलों से हुआ है। इन पोर्टल्स के जरिये राज्य की शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास किया गया है। अब आवेदनों की लम्बी परिपाटी और धीमा वर्क कल्चर के इतिहास से निकलना है। अब पोर्टल में किसका आवेदन पड़ा है, यह सबके समक्ष प्रदर्शित होता रहेगा। आवेदन करनेवालों को पता होगा, उनका आवेदन किसके पास लम्बित है और आवेदन प्राप्त करनेवाले को भी इसकी जानकारी मिलती रहेगी। मैं स्वयं इसकी निगरानी करूंगा।' सुदिव्य कुमार ने कहा, 'हमलोगों ने नये कदम की शुरुआत की है। मैं मानता हूं, हम लड़खड़ायेंगे, लेकिन फिर सम्भलेंगे और नया कदम आगे बढ़ायेंगे। मैं विभागीय अधिकारियों से आग्रह करता हूं कि पोर्टल से किसी को असुविधा न हो, एक क्लिक में उन्हें जानकारी प्राप्त हो। किसी भी तरह की शिकायत का निस्तारण यथा शीघ्र करने का प्रयास सुनिश्चित किया जाये।'

**राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों के महंगाई भत्ता में 7 से 12 फीसदी वृद्धि...**
औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान के लिए इस विधेयक को मंजूरी दी गयी है। इसके तहत महिलाएं अपनी सहमति से कारखानों में शाम 07 बजे से सुबह 06 बजे तक काम कर सकेंगी। वहीं, कारखाना संशोधन नियमावली 2023 के प्रस्ताव पर भी सहमति दी गयी। इसके तहत फैक्ट्री लाइसेंस का निबंधन शुल्क पुनरीक्षण किया जायेगा। कारखानों के वार्षिक दर्न ओवर और काराखाना बंद होने की सूचना में भी संशोधन किया जायेगा। सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बाजार मांग के अनुसार नवीनतम तकनीक खाकर ऑटोमोबाइल के लिए मनोनयन के आधार पर मारुति सूजूकी के साथ एमओयू करने की स्वीकृति दी गयी।

**कैबिनेट के अन्य फैसले**
- झारखंड आंगनबाड़ी सेविका सहायिका नियमावली में संशोधन की स्वीकृति
- पेयजल विभाग के 07 लोगों की सेवा नियमितीकरण की स्वीकृति
- झारखंड सूक्ष्म लघु एवं मध्यम इकाई एमएसएमई विशेष छूट विधेयक 2025 के गठन की स्वीकृति
- बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम और बीएसइडीईएल के बकाया भुगतान के लिए 12 करोड़ 74 लाख 28 हजार 95 रुपये की स्वीकृति
- हजारीबाग के तत्कालीन भूसंरक्षण उपनिदेशक सुनील कुमार का अपील अभ्यावेदन खारिज
- एसटीएफ में प्रतिनियुक्त उपसमादेष्टा स्वर्गीय राजेश कुमार के आश्रितों को सेवा लाभ देने की स्वीकृति।

## एक झलक

### फिलिस्तीनी होने के शक पर मार दी गोली

**वाशिंगटन** : अमेरिका के फ्लोरिडा में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक शख्स ने दो लोगों को सिर्फ इसलिए गोली मार दी क्योंकि शख्स को लगा कि ये दोनों फिलिस्तीनी हैं। इस मामले के सामने आने के बाद हर कोई दंग है। पुलिस के मुताबिक, जिन्हें गोली मारी गई, वे असल में फिलिस्तीनी नहीं बल्कि इजरायली सैलानी थे।
इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने 27 साल के मदेर्चाई ब्राफमैन नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर हत्या की कोशिश का आरोप लगा है ।पुलिस के मुताबिक, ब्राफमैन ने खुद कबूल किया है कि उसने इन लोगों को फिलिस्तीनी समझकर गोली मारी थी।

### हवाई हमले में कई नागरिकों की मौत

**अबुजा** : नाइजीरिया में विद्रोहियों द्वारा हमले किए जाने के बाद सैन्य बलों ने विद्रोहियों पर हमले किए जिसमें आम नागरिक मारे गए हैं। नाइजीरियाई वायु सेना ने कटसीना राज्य के सफाना क्षेत्र में मारे गए आम नागरिकों की संख्या का खुलासा नहीं किया है, लेकिन सेना के प्रवक्ता ने कहा कि हताहतों की संख्या पता लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वायु सेना ने पुलिस पर विद्रोहियों के हमले के जवाब में यह हमला किया था।
वहीं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूह ने कहा है कि हवाई हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए। हमले को नाइजीरियाई सेना की ओर से मानवाधिकारों के उल्लंघन की कड़ी में नई घटना बताया और सरकार से इसकी स्वतंत्र जांच कराने को कहा है।

### अमेरिका का अरबों-खरबों का सोना गायब!

**वाशिंगटन** : अमेरिका का अरबों-खरबों का सोना गायब हो गया है? क्या सच में अमेरिका के पास सोना नहीं है? यह चर्चा सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इसमें टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क की भी एंट्री हो गई है। अमेरिका के फोर्ट नॉक्स में भारी मात्रा में सोना रखा है। यहां 4580 टन सोना रखे होने का अनुमान है। इसकी कीमत 425 अरब डॉलर यानी करीब 37 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है। सरकार ने इसकी कीमत 42.22 डॉलर प्रति औंस तय की है जिसे बहुत समय से अपडेट नहीं किया गया है।

### कनाडा में बड़ा विमान हादसा टला

**टोरंटो** : कनाडा में टोरंटो के पियर्सन हवाई अड्डे पर सोमवार को डेल्टा एयरलाइंस का विमान लैंडिंग के समय पलट गया। यह विमान रनवे पर उल्टा पड़ा रहा। राहत की बात है कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। मामूली रूप से घायल 18 यात्रियों को अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटना के कारणों का अबतक पता नहीं चला है, फिलहाल इसकी जांच चल रही है। टोरंटो स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक पियर्सन हवाई अड्डे पर सोमवार को डेल्टा एयरलाइंस का विमान लैंडिंग के समय पलट गया। दुर्घटना दोपहर करीब 2:15 बजे हुई।
दुर्घटनाग्रस्त विमान में 76 यात्री और चालक दल के 4 सदस्य सवार थे। हादसे में मामूली रूप से घायल हुए 18 विमान यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया है।

# केन्द्रीय गृह मंत्री ने की जम्मू कश्मीर में तीन नये आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री डॉ. उमर अबदुल्ला के साथ केन्द्रशासित प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। बैठक में जम्मू और कश्मीर में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी और महानिदेशक, एनसीआरबी सहित गृह मंत्रालय और जम्मू और कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।
बैठक में चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए तीन नए पीड़ित-केन्द्रित आपराधिक कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में तकनीक का अधिकतम उपयोग करना चाहिए।
केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर में अप्रैल तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निर्मित तीनों कानूनों का पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि नए कानूनों




के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए पुलिसकर्मियों और प्रशासन के व्यवहार में बदलाव लाना और नागरिकों में इनके बारे में जानकारी पैदा करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद पर नियंत्रण में आई गति और सुरक्षा हालात में सुधार के बाद अब वहां के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना जम्मू और कश्मीर पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में ट्रायल इन एब्सेंसिया के प्रावधान को त्वरित रूप से इस्तेमाल करने की आवश्यकता है।
केन्द्रीय गृह मंत्री ने चार्जशीट दाखिल करने के काम में तेजी लाने के लिए पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर के हर पुलिस स्टेशन को एनएएफआईएस के अधिकतम उपयोग को व्यवहार में लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारियों का नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में शत-प्रतिशत प्रशिक्षण जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। शाह ने कहा कि आतंकवाद और संगठित अपराध से संबंधित प्रावधानों का पुलिस अधीक्षक के स्तर पर पूर्ण विवेचन के उपरांत ही निर्णय करना चाहिए। इन प्रावधानों का गलत इस्तेमाल न हो, इसके लिए सख्त निगरानी की आवश्यकता है।
अमित शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर प्रशासन और सरकार ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद नए कानूनों के कार्यान्वयन की दिशा में संतोषजनक काम किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के स्तर पर मासिक, पाक्षिक और साप्ताहिक रूप से होनी चाहिए।

# पंजाब, उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ के लिए 15वें वित्त आयोग का अनुदान जारी

■ पंजाब को 225 करोड़, छत्तीसगढ़ को 244 करोड़ और उत्तराखंड को ग्रामीण शासन को मजबूत करने के लिए 93 करोड़ से अधिक मिले

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने पंजाब, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान जारी किए हैं। पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) व ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को प्रदान किए गए ये अनुदान जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार पंजाब के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 225.1707 करोड़ रुपये की राशि के अनटाइड अनुदान की पहली किस्त जारी की गई है। ये धनराशि राज्य की पात्र 13144 ग्राम पंचायतों, पात्र 146 ब्लॉक पंचायतों और सभी पात्र 22 जिला पंचायतों के लिए है। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान जारी पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनटाइड अनुदानों की दूसरी किस्त 237.1393 करोड़ रुपये के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनटाइड अनुदानों की पहली किस्त की रोकी गई राशि 6.9714 करोड़ रुपये है।
ये धनराशि राज्य की 11548 पात्र ग्राम पंचायतों, सभी पात्र 146 ब्लॉक पंचायतों और सभी पात्र 27 जिला पंचायतों के लिए है। ये



निधियां राज्य की पात्र 7769 ग्राम पंचायतों, सभी पात्र 995 ब्लॉक पंचायतों और सभी पात्र 13 जिला पंचायतों के लिए हैं।
गौरतलब है कि भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल और स्वच्छता विभाग) के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को वित्त आयोग अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। आवंटित अनुदानों की सिफारिश की जाती है और एक वित्त वर्ष में दो किस्तों में जारी किया जाता है।
वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित 29 विषयों के तहत पंचायती राज संस्थानों और ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए उपयोग किया जाएगा। बंधे हुए अनुदान का उपयोग बुनियादी सेवाओं के लिए किया जा सकता है, जिनमें स्वच्छता और खुले में शौच से मुक्ति की स्थिति को बनाए रखना और इसमें घरेलू कचरे का प्रबंधन और उपचार, विशेष रूप से मानव मल और मल कीचड़ का प्रबंधन और पेयजल की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण शामिल होना चाहिए।

## खड़गे ने की मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस ने मौजूदा केंद्र सरकार पर दिशाहीन और अदूरदर्शी होने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि सरकार की खराब नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह कहना कि हमारी अर्थव्यवस्था 'अच्छा रिटर्न' दे रही है, इससे ज्यादा विडंबना और कुछ नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि साल 2025 में अब तक भारतीय शेयर बाजारों से ?45 लाख करोड़ स्वाहा हो चुके हैं। निफ्टी 50 फर्मों ने 5 सालों में सबसे खराब तिमाही मुनाफा वृद्धि दिखाई है।
उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों ने पिछले साल अक्टूबर से अब तक 1.56 लाख करोड़ से ज्यादा के शेयर बेचे हैं, जिसमें 2025 में ही लगभग 1 लाख करोड़ शामिल हैं। इसके कारण छोटे और मध्यम निवेशकों की संपत्ति खत्म हो गई है। डॉलर के मुकाबले रुपये के 87 पर होने का मतलब है कि व्यापार घाटा आसमान छू रहा है। पिछले 5 सालों में आयात में 62.21% की वृद्धि हुई है। मोदी सरकार की व्यापार नीति की आलोचना करते हुए खरगे ने इसे देश के लिए विनाशकारी करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि देश की निर्यात वृद्धि यूपीए शासन में (2004-14) के दौरान 549.36 प्रतिशत थी, जो मोदी सरकार (2014-24) के दौरान 24.72% (अप्रैल-नवंबर 2024 तक) पर आ गई है।

## पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सपरिवार संसद भवन का किया दौरा



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : यूनाइटेड किंगडम के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति और बेटियों कृष्णा एवं अनुष्का के साथ संसद भवन का दौरा किया। राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति भी उनके साथ थीं।
लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने सुनक और उनके परिवार का स्वागत किया। अपने दौरे के दौरान सुनक परिवार ने संसद भवन परिसर का दौरा किया और इसकी वास्तुकला की भव्यता की प्रशंसा की। उन्होंने गैलरी, चैंबर, संविधान हॉल और संविधान सदन जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा किया। यह दौरा सुनक के हाल के भारतीय कार्यक्रमों का हिस्सा है। कुछ दिन पहले 15 फरवरी को उन्होंने अपने परिवार के साथ आगरा में ताजमहल का दौरा किया था। सांसद सुधा मूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री सुनक की सास हैं।

# महाकुम्भ में 25 देशों से आये श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर** : प्रयागराज महाकुम्भ में आए 25 देशों के श्रद्धालुओं ने आज संगम में आस्था की डुबकी लगायी। इन श्रद्धालुओं में प्रमुख रूप से भारत में नॉर्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर और उनके पति तथा मैक्सिको के विख्यात पर्यावरणविद् अबुएलो एंटोनियो ऑक्सटे और अन्य शामिल थे।
परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने बताया कि पिछले दिनों महाकुम्भ भगदड़ में शिकार हुई दिव्य आत्माएं संगम में स्नान करने आयीं थी, परन्तु स्नान नहीं कर पायीं। उनकी आत्मा की शांति, सद्गति के लिए भी डुबकी लगायी गयी। प्रभु उन सभी दिव्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में



स्थान दें तथा उनके परिवारजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति, धैर्य व सामर्थ्य प्रदान करें।
अरैल स्थित परमार्थ निकेतन शिविर से संगम तट तक विश्वभर से आए श्रद्धालुओं ने एक मानव श्रृंखला बनाई, जो इस बात का प्रतीक है कि जब हम एकजुट होते हैं तो दुनिया में कोई भी मुश्किल हमें तोड़ नहीं सकती। यह मानव श्रृंखला न केवल सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है, बल्कि यह विश्व की एकता, शांति और सद्भाव का संदेश भी पूरे विश्व को दे रही है। सभी श्रद्धालुओं ने एक साथ मिलकर संगम का संदेश दिया कि हम सभी का जीवन एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। हम सब एक ही पृथ्वी के नागरिक हैं।
स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने बताया कि इस आयोजन में पांच महाद्वीपों के 25 देशों से आए श्रद्धालुओं ने संगम में एकता और सामूहिक प्रार्थना का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु एक साथ खड़े होकर भारत की धरती पर एक अभूतपूर्व सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मिलन का हिस्सा बने। यह आयोजन न केवल धार्मिक है, बल्कि सांस्कृतिक विविधताओं को सम्मान देने वाला और वैश्विक एकता को प्रोत्साहित करने वाला है।
आश्रम से जुड़े डॉ. ईशान शिवानंद ने कहा कि स्वामी जी के सान्निध्य में आयोजित दिव्य स्नान और श्रद्धांजलि प्रार्थना मानवता को समर्पित है।

## राष्ट्रीय मूल्यों की पुनर्स्थापना की ओर बढ़ती लेखनी

# राजलक्ष्मी सहाय की चार पुस्तकों का भव्य विमोचन

'**नैतिक** मूल्य समाज की मांग है। श्रीमती राजलक्ष्मी सहाय को हम अखबार में इसलिए प्रकाशित करते रहे कि उनकी हर कहानी, हर आलेख राष्ट्रीयता के उन आदर्शों को स्थापित करता है, जिसका सपना कभी महामना मालवीय जैसी विभूतियों ने देखा था। आज उनकी चारों रचनाओं के केन्द्र में भारतीय आदर्शों की प्रतिस्थापना है।'
राज्यसभा के उपसभापति एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश जी ने ये बातें रांची विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन विभाग में आयोजित साहित्यिक आयोजन में कहीं। इस अवसर पर लेखिका श्रीमती राजलक्ष्मी सहाय की चार पुस्तकों - जय हिन्द, काव्य पुष्पांजलि, प्रेमचंद के आगे और फटी टाट से निकले रामलला - का विमोचन किया गया।
इस अवसर पर हरिवंश जी ने कहा, 'चीन हमारे साथ यात्रा करता हुआ 1985 के बाद लगातार आगे निकलता गया, कई फोरम पर। यह राष्ट्रीय चेतना के उदय की वजह से सम्भव हुआ। वे बड़ी ही खामोशी से राष्ट्रीय नैतिक प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वही नैतिक मूल्य, जिसकी चिन्ता राजलक्ष्मी सहाय को है। इनकी लेखनी इसी समाप्त होती मूल्य व्यवस्था को पुनः स्थापित करना चाहती है।'
रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा, 'राजलक्ष्मी जी की किताबें शोध की शक्ल लेने को आतुर हैं। इन पर शोध होना चाहिए। प्रेमचन्द की कहानियों का पुनर्पाठ और कहानियों को आगे ले जाने की यह अमूल्य कोशिश शोध की मांग करती है।'
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने इन पुस्तकों को राष्ट्रीय मूल्यों को स्थापित करने की दिशा में 'एक मील का पत्थर' बताया।
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षदेव शरण ने इसे अपनी निजी सफलता मानते हुए लेखिका की कविताओं का पाठ किया।
पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा ने लेखिका के राम और शिव से जुड़े आध्यात्मिक पहलुओं को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि 'उनकी कृतियां समकालीन परिप्रेक्ष्य में भी प्रासंगिक हैं।'
इस अवसर पर उपस्थित अनुज कुमार सिन्हा ने कहा, 'राजलक्ष्मी सहाय को लेखकीय चौका के लिए असीम बधाई। जिस प्रकार उन्होंने प्रेमचन्द को स्थापित करने का प्रयास किया है, वह सराहनीय है।'
अपने लेखकीय उद्बोधन में श्रीमती राजलक्ष्मी सहाय ने कहा, 'लेखन कभी अकेले नहीं होता, वह समाज की सामूहिक स्मृतियों का विस्तार होता है।' उन्होंने अपनी लेखकीय यात्रा के उन तमाम लोगों को याद किया, जिन्होंने उन्हें इन किताबों को लिखने में मदद की ; चाहे वह सिद्धू-कान्हू के फांसी लगने का साक्षी बरगद का पेड़ हो, या मुरी बेचनेवाली लड़की, या बेटी नैनसी सहाय के सफाईकर्मी की नन्ही बेटी के नन्हें कदम। उन्होंने उन सम्पादकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनकी लेखनी को मंच दिया।
इस अवसर पर मंच संचालन डॉ. विनय भरत ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो./ पत्रकार प्रकाश सहाय ने किया।
आयोजन में श्वेताभ, वरुण रंजन, नैनसी सहाय सहित श्रीमती आशा सिंह, विजया सिन्हा , संगीता शरण एवं कई गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया गया।
इस भव्य समारोह में पत्रकारिता, शिक्षा, विश्वविद्यालय प्रशासन से जुड़े लगभग 200 प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति रही।

## राजलक्ष्मी सहाय की कृतियां 'जय हिन्द' और 'काव्य पुष्पांजलि' एक साहित्यिक अनुष्ठान



'जब शब्द आत्मा के जल में भीगते हैं, तब वे केवल पढ़े नहीं जाते, महसूस किये जाते हैं।'
राजलक्ष्मी सहाय का साहित्यिक संसार केवल कल्पना का विस्तार नहीं, बल्कि विचारों की जीवंत प्रयोगशाला है, जहां राष्ट्रप्रेम, समाज की पीड़ा, संघर्ष और चेतना की लहरें ध्वनि और प्रतिध्वनि की भांति स्पंदित होती हैं।
उनकी दो कालजयी कृतियां - 'जय हिन्द' (कहानी संग्रह) और 'काव्य पुष्पांजलि' (काव्य संग्रह) - साहित्य को महज मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि आत्मानुभूति और सामाजिक पुनर्रचना का उपकरण बनाती हैं। ये कृतियां केवल पढ़ी नहीं जातीं, बल्कि पाठक के अंतर्मन में उतर कर उसकी संवेदनाओं में क्रांति का संचार करती हैं।
'जय हिन्द' - कथाओं में इतिहास, वर्तमान और राष्ट्र का संवाद
'जय हिन्द' एक कहानी-संग्रह नहीं, बल्कि शब्दों में ढला हुआ राष्ट्रीय मानस है, एक ऐसी साहित्यिक अनुभूति, जो पाठकों को उनकी जड़ों से जोड़ने का प्रयत्न करती है।
विशेषताएं
काव्यात्मक भाषा - राजलक्ष्मी सहाय की कहानियां गद्य होते हुए भी छंदबद्ध संवेदनाओं से लबरेज हैं, जहां हर वाक्य जैसे एक प्रवाहमयी कविता की भांति बहता है।
नाटकीयता और दृश्यात्मकता - इन कहानियों के पात्र और घटनाएं इतनी जीवंत हैं कि वे केवल पृष्ठों पर नहीं ठहरतीं, बल्कि मंच पर जीवंत अभिनय की भांति प्रतीत होती हैं।
इतिहास और वर्तमान का सेतु - ये कहानियां प्राक्-औपनिवेशिक और उत्तर-औपनिवेशिक भारत के बीच एक पुल की भांति खड़ी हैं, जहां अतीत की छायाएं वर्तमान के प्रश्नों को आलोकित करती हैं।
देशभक्ति और सामाजिक चेतना - हर कहानी में कहीं न कहीं राष्ट्रप्रेम की एक चिंगारी दबी हुई है, जो पाठकों के भीतर नवचेतना और आत्ममंथन का ज्वालामुखी खड़ा कर देती है।
कहानियों की झलक
'क्यों पढ़ूं मैं झूठी कविता?' - यह कहानी केवल एक लड़की के संघर्ष की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की आत्मा की तलाश की कथा है, जहां देश के प्रतीकों की प्रासंगिकता पर विचार किया गया है।
'डायर ज़िंदा है' - यह कथा इतिहास के रक्तरंजित अध्यायों और वर्तमान की भयावह सच्चाइयों को एक ही रेखा में समाहित कर पाठकों को झकझोर देती है।
'बापू, नहीं बेचूंगा अब तिरंगा' - राष्ट्रप्रेम और बाजारवाद के टकराव का एक करुण दस्तावेज, जहां तिरंगा सिर्फ.एक ध्वज नहीं, बल्कि सत्ता, बाजार और भावना के बीच संघर्ष का प्रतीक बन जाता है।
'अब और नहीं..! बस मुक्ति चाहिए' - यह कथा समाज की विद्रूपताओं के सामने एक करुण पुकार की तरह खड़ी होती है, जहां एक देशभक्त का हृदय क्रंदन करता है।
'जय हिन्द' केवल कहानियों का संकलन नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा की पुकार है - एक ऐसी पुकार, जिसे अनसुना करना असम्भव है।
'काव्य पुष्पांजलि' - संवेदनाओं का महासंगम
'काव्य जब संवेदना से उपजता है, तब वह केवल लयबद्ध शब्दों का समूह नहीं होता, बल्कि आत्मा का महायज्ञ बन जाता है।'
'काव्य पुष्पांजलि' एक ऐसी काव्यात्मक प्रस्तुति है, जहां साहित्य, समाज, राष्ट्र और अध्यात्म एक-दूसरे में विलीन होकर एक वृहद् काव्य-आध्यात्मिक चेतना का निर्माण करते हैं।

### संरचना और विषयवस्तु

इस काव्य-संग्रह को आठ खंडों में विभाजित किया गया है, प्रत्येक खंड एक भावनात्मक और वैचारिक आयाम को प्रस्तुत करता है।
साहित्य खंड - जहां प्रेमचंद और नीरज जैसे साहित्यिक मनीषियों को कविता के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है।
**समाज खंड** - 'तू फैशन में फटेहाल' जैसी कविताएं समाज की आत्मा पर लगे कृत्रिम आवरणों को निर्ममता से चीर डालती हैं।
**राष्ट्रप्रेम खंड** - 'लहराता तिरंगा' और 'है शपथ मुझे इन रंगों की' जैसी कविताएं राष्ट्रभक्ति की अनुभूति को एक नयी ऊर्जा प्रदान करती हैं।
**राम भक्ति खंड** - 'उसे टाट में रहने दो' जैसी कविताएं भगवान राम की मूल भावना को आत्मसात करने का संदेश देती हैं।



**शिव भक्ति खंड** - 'कितना गरल पियेंगे शिव' जैसी रचनाएं त्याग, तपस्या और सहनशीलता की अलौकिक व्याख्या प्रस्तुत करती हैं।
**दुर्गा संकल्प खंड** - शक्ति और नारी चेतना को समर्पित।
**कोरोना खंड** - 'हरियाली का शाप लगा' जैसी कविताएं पर्यावरणीय चेतना को जागृत करती हैं।
**सावन खंड** - सावन के उल्लास और जीवन के सौंदर्य को समर्पित।
'काव्य पुष्पांजलि' केवल कविताओं का संकलन नहीं, बल्कि विचारों की तीव्र धारा है, जो पाठक के मन को एक नयी अनुभूति से भर देती है।

### शैलीगत साम्य और अन्तर

'जय हिन्द' और 'काव्य पुष्पांजलि' दोनों ही कृतियां राजलक्ष्मी सहाय के लेखन की गहराई को दर्शाती हैं, लेकिन दोनों में महत्त्वपूर्ण अन्तर हैं।
'जय हिन्द' - कहानियों में काव्यात्मकता की झलक मिलती है।
'काव्य पुष्पांजलि' - कविताओं में कथा शैली की स्पष्टता झलकती है।
दोनों ही कृतियां गद्य और पद्य के बीच के बंधनों को तोड़ती हैं और साहित्यिक प्रयोगधर्मिता का परिचय देती हैं।
समाज और साहित्य पर प्रभाव
राष्ट्रप्रेम और सामाजिक चेतना दोनों कृतियां देश, समाज और संस्कृति के मूल्यों को एक नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती हैं।
**संवेदनशीलता और गहराई** - लेखिका की संवेदनशीलता दोनों पुस्तकों में साहित्यिक उत्कृष्टता के उच्चतम स्तर को छूती है।
**कला और विचारधारा का संगम** - कहीं भी विचारधारा हावी नहीं होती, बल्कि साहित्य की मूल सौंदर्यपरकता को बरकरार रखते हुए गहरे विमर्श को जन्म देती हैं।
**समाप्ति** : साहित्य का महोत्सव
'जय हिन्द' के पृष्ठों में इतिहास और वर्तमान की जुगलबंदी है, तो 'काव्य पुष्पांजलि' की कविताओं में संवेदनाओं की अनुगूंज।
यह साहित्य नहीं, बल्कि एक पुकार है, एक यज्ञ है, एक आत्मसंवाद है, जो पाठक को केवल पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि उसमें प्रवाहित होने के लिए आमंत्रित करता है।
'राजलक्ष्मी सहाय का लेखन केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि आत्मा का अनुनाद है—एक ऐसा अनुनाद, जो युगों तक गूंजता रहेगा।'